* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

23 अक्टूबर, 2022
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 06

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


**धनतेरस पर धनवर्षा**
दो साल बाद बाजार हुए गुलजार, उमड़ी खरीदारों की भीड़




SURJABASHA




CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI No.: 3430699
Opp. : P.H.E.D. Office, Booty Road, Ranchi-834012
ADMISSION OPEN FOR SESSION
2023-24
NURSERY to IXth
Separate Hostel Facility For Boys & Girls
CONTACT NO. :
98359 36571
94311 06503
83405 81301


## प्रधानमंत्री ने दीपावली से पहले युवाओं और मध्यप्रदेश के लोगों दिया तोहफा

# 75 हजार युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र, तो 4.51 लाख परिवारों को कराया गृह प्रवेश

■ **आजादी के 75 वर्ष को ध्यान में रखते हुए 75 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र, अगले साल 10 लाख नौकरियों का टारगेट : मोदी**

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दीपावली से पहले धनतेरस के दिन युवाओं और मध्य प्रदेश के आम लोगों को बड़ा तोहफा दिया। उन्होंने 75 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र बाटें। अगले वर्ष 10 लाख युवाओं को नौकरी देने का वायदा किया। स्टार्टअप और आत्मनिर्भर भारत की चर्चा की। वहीं मध्य प्रदेश में प्रधानमंत्री गरीब आवास योजना के तहत 4.51 लाख लोगों का गृह प्रवेश कराया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार गरीबों के प्रति समर्पित है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब तक 3.52 करोड़ लोगों को घर उपलब्ध कराया गया है।

## विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि के लिए हम आत्मनिर्भर भारत के रास्ते पर चल रहे : मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धनतेरस पर शनिवार को मेगा रिक्रूटमेंट ड्राइव की लांचिंग की। इसके तहत 50 केंद्रीय मंत्रियों ने अलग-अलग लोकेशन पर 75 हजार 226 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस ड्राइव के जरिए अगले डेढ़ साल, यानी दिसंबर 2023 तक 10 लाख युवाओं को नौकरी देने का टारगेट है। सभी भर्तियां यूपीएससी, एसएससी, रेलवे भर्ती बोर्ड और दूसरी केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से की जायेंगी।

समारोह के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत की युवा शक्ति के लिए महत्वपूर्ण दिन हैं। बीते 8 वर्ष में देश में रोजगार और स्वरोजगार का जो अभियान चल रहा है, आज उसमें एक और कड़ी जुड़ी रही है। ये कड़ी रोजगार मेले की है। केंद्र सरकार आजादी के 75 वर्ष को ध्यान में रखते हुए 75 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र दे रही है। पिछले कई वर्षों में भी लाखों युवाओं को भी नियुक्ति पत्र दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि हमने सोचा कि इकट्ठे नियुक्ति पत्र देने की परंपरा शुरू की जाये, ताकि विभागों में भी टाइम बाउंड प्रक्रिया अपनाने की परंपरा बने। आने वाले समय में भी युवाओं को इसी तरह नियुक्ति पत्र दिये जायेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि के लिए हम आत्मनिर्भर भारत के रास्ते पर चल रहे हैं। इसमें हमारे नवीन आविष्कारों, उद्यमी , किसानों और उत्पादन से जुड़े साथियों की बड़ी भूमिका है। आज भारत दुनिया की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। 7-8 साल के भीतर हमने 10वें नंबर से 5वें नंबर तक की छलांग लगायी है। आज हमारा सबसे अधिक बल युवाओं के कौशल विकास पर है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि स्टार्ट अप इंडिया अभियान ने तो देश के युवाओं के सामर्थ्य को पूरी दुनिया में स्थापित कर दिया है। 2014 तक जहां देश में कुछ सौ ही स्टार्ट अप थे, आज ये संख्या 80 हजार से अधिक हो चुकी है। आज हमारा सबसे अधिक बल युवाओं के कौशल विकास पर है।



### रांची में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने 272 लोगों को बांटे नियुक्ति पत्र

रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय रोजगार मेला का आयोजन राष्ट्रीय स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक हुआ। केंद्रीय मंत्री अलग-अलग राज्यों में मौजूद रहे और वहां के युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा। इसी क्रम में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने रांची में 272 युवाओं को नियुक्तिपत्र दिया। रांची के सीसीएल मुख्यालय स्थित कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में सांसद, विधायक समेत भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। रांची में सबसे अधिक 133 युवाओं को रेलवे का नियुक्ति पत्र मिला। इसके अलावा बैंक, झारखंड ग्रामीण बैंक, श्रम मंत्रालय, गृह मंत्रालय, सीआरपीएफ, बीएसएफ आदि विभागों के लिए नियुक्ति पत्र दिये गये।

## हमारी सरकार गरीबों के प्रति पूरी तरह से समर्पित है : प्रधानमंत्री

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित 4.5 लाख से अधिक लाभार्थियों के घरों का गृह प्रवेश कराया। उन्होंने इस दौरान कहा कि इन सभी घरों में बिजली, पानी का कनेक्शन, शौचालय और गैस कनेक्शन जैसी सभी सुविधाएं मौजूद हैं और यह लाभार्थियों को उनके सपनों को पूरा करने की ताकत देगा। प्रधानमंत्री शनिवार को सतना में वर्चुअल माध्यम से गृह प्रवेश कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार का सौभाग्य है कि पिछले 8 सालों के दौरान 'प्रधानमंत्री आवास योजना' के अंतर्गत लगभग 3.5 करोड़ परिवारों का उनके घर का सबसे बड़ा सपना पूरा किया है। हमारी सरकार गरीबों के प्रति पूरी तरह से समर्पित हैं। सरकार गरीब की इच्छा, उसके मन और जरूरतों को सबसे ज्यादा समझती है और उनके प्रति लगातार काम कर रही है। सरकार देश के हर गरीब को अपनी पक्की छत देने के लिए दिन-रात काम कर रही है। मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना देश में सामाजिक-आर्थिक बदलाव लाने का प्रमुख माध्यम बन गयी है। एक समय था, जब धनतेरस के मौके पर सिर्फ वही लोग गाड़ी और घर जैसी बड़ी और महंगी संपत्ति खरीदते थे जिनके पास संसाधन और पैसे होते थे। लेकिन आज के दिन देश का गरीब भी घनतेरस के दिन गृह प्रवेश कर रहा हैं। मैं मध्य प्रदेश की उन लाखों बहनों को विशेष बधाई देता हूं जो आप अपने घर की मालकिन बनीं हैं और लाखों रुपये से बने घर ने आपको लखपति बना दिया है।

# चाइबासा में सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवती सामूहिक दुष्कर्म मामले में पुलिस के हाथ अभी भी खाली

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** चाइबासा में सॉफ्टवेयर इंजीनियर आदिवासी युवती से 10 युवकों के सामूहिक दुष्कर्म की घटना के मामले में पुलिस के हाथ अभी तक खाली हैं। चालीस घंटे से ज्यादा समय बीतने पर भी पुलिस के हाथ खाली हैं। पुलिस एक भी आरोपी की अब तक गिरफ़्तारी नहीं कर पायी है। हालांकि इस मामले को लेकर राज्य की राजनीति गरम हो गयी है। जिले के पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया है कि शक के आधार पर कुछ युवकों को हिरासत में लिया गया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इस मामले को लेकर विपक्षी दल भाजपा ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधते हुए पिछले तीन साल के भीतर प्रदेश में पांच हजार से अधिक बलात्कार की घटनाएं होने का आरोप लगाया है।

पीड़िता सॉफ्टवेयर इंजीनियर है और चाइबासा में रह कर अपनी कंपनी के लिए वर्क फ्रॉम होम कर रही है। घटना गुरुवार शाम करीब 6 बजे की है। चाइबासा के अपने एक दोस्त के साथ गुरुवार शाम स्कूटी से घूमने के लिए टेकराहातू हवाई पट्टी गयी थी, जहां 8-10 युवकों ने उसके दोस्त को डरा-धमका कर भगा दिया और युवती के साथ दूर सुनसान झाड़ियों में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया। रात को इसकी सूचना जब पुलिस को मिली, तो सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलीप खलको और मुफस्सिल थाना प्रभारी पवन पाठक दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और आरोपियों की तलाश की गयी।

### 5000 से ज्यादा रेप : भाजपा

बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा, चाइबासा के हाई सिक्योरिटी वाले एयरपोर्ट एरिया में एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर के साथ 10 लोगों के सामूहिक दुष्कर्म की जघन्य घटना ने एक बार फिर से झारखंड को बेटियों की सुरक्षा के मुद्दे पर शर्मसार किया है। हेमंत सरकार के कार्यकाल में 5000 से ज्यादा रेप के मामले हो चुके हैं, लेकिन 1% से भी कम बलात्कारियों को स्पीडी ट्रायल के जरिये सजा दिलायी गयी है। प्रदेश भाजपा मांग करती है कि सरकार अविलंब बलात्कारियों की गिरफ्तारी के लिए कड़े कदम उठाये और पीड़िता के इलाज के लिए सारे आवश्यक कदम उठाये।

### हेमंत सोरेन से मुलाकात करूंगी : सांसद गीता

प. सिंहभूम सांसद गीता कोड़ा ने सॉफ्टवेयर इंजीनियर आदिवासी युवती के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले की निंदा करते हुए सभी आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर जल्द से जल्द सजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए वह जल्दी ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात करेंगी, ताकि जिले में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी की जाये और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाये।

### बीजेपी राजनीति नहीं करे : झामुमो

झामुमो प्रवक्ता तनुज खत्री ने कहा कि महिला और बेटियों के मामले में भारतीय जनता पार्टी को राजनीति नहीं करनी चाहिए। राज्य की महागठबंधन सरकार राज्य में बेटियों और महिलाओं के साथ घटना के बाद त्वरित कार्रवाई के लिए कृतसंकल्पित है। जल्दी ही सभी आरोपी सलाखों के पीछे होंग।

# अयोध्या में आकार लेती दिख रही त्रेतायुग जैसी कल्पना

## श्रीराम के स्वागत में खड़े होंगे पीएम मोदी : 15 लाख दीपक जलाकर रिकॉर्ड बनाने की तैयारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अयोध्या।** त्रेतायुग जैसी अयोध्या की कल्पना रामनगरी में आकार लेती दिख रही है। अवसर है अयोध्या में आयोजित होने जा रहे दीपोत्सव का। ऐसा हो भी क्यों नहीं। क्योंकि इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या में होने वाले दीपोत्सव के आयोजन में शामिल होकर एक नये वर्ल्ड रिकॉर्ड के साक्षी बनेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसकी शुरूआत 2017 में की थी। इस बार के छठवें दीपोत्सव में 23 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होंगे और नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनते देखेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन घंटे अयोध्या में रहकर दीपोत्सव में शामिल होंगे।

**रिकॉर्ड बनाने की चल रही तैयारी :** 23 अक्तूबर को प्रभु राम के आगमन की खुशी में अयोध्या



15 लाख दीपक जला कर रिकॉर्ड बनाने की तैयारी में है। इस बार रामायणकालीन 15 स्वागत द्वार दीपोत्सव की आभा बढ़ा रहे हैं। राम परिवार, निषादराज व अहिल्या आदि के नाम पर द्वार बनाए गए हैं। ये द्वार त्रेतायुग की धरोहरों से साक्षात्कार कराएंगे। अयोध्या के सौंदर्यीकरण में कोई कोर कसर न बाकी रहे, इसके लिए एक तरफ जहां प्रशासन युद्धस्तर पर तैयारियां कर रहा है, वहीं दूसरी ओर सरयू तट पर रेत पर रामायणकालीन सुंदर आकृतियां भी उकेरी जा रही हैं।

### इस बार 40 घाटों पर जलेगा दीपक

अयोध्या में इस बार दीपोत्सव भव्य होगा। पिछली बार 32 घाटों पर दीप जलाए गए थे। मगर, इस बार 40 घाटों पर दीप जलाए जाएंगे। दीपोत्सव को लेकर अयोध्या को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। सफाई व्यवस्था के लिए 1000 कर्मचारी दिन-रात लगे हैं। सड़कों को चमकाया जा रहा है। रंग बिरंगी झालरों से पूरा शहर जगमगाने को तैयार है। वहीं विशेष एलइडी लाइटों से शहर की मुख्य इमारत जैसे साकेत महाविद्यालय, राजसदन, तुलसी उद्यान पार्क, राम की पैड़ी, राम कथा पार्क आदि चमक रहे है। एल शेप में रामायण प्रसंगों पर आधारित द्वार सरयू घाट की शोभा बढ़ा रहे हैं। नयाघाट से लेकर गोंडा की सीमा तक सरयू पुल को प्रकाशमय बनाया जा रहा है। राम की पैड़ी परिसर के मंदिरों को एक रंग में रंगा गया है। दीपोत्सव पर अयोध्या कड़ी सुरक्षा में रहेगी, वीवीआईपी मूवमेंट के चलते श्रद्धालुओं को असुविधा नहीं हो इसके लिए प्लान बन रहा है। चप्पे-चप्पे पर सादी वर्दी व खुफिया पुलिस के जवान तैनात होंगे। ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जायेगी।




आजाद सिपाही 188100 Subscribers YouTube Channel
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
1 Channel
Subscribe NOW

सर्राफा

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | 47,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 56,000 रु./प्रति किलो |

# नियोजन नीति के बगैर 1932 का खतियान कैसा : बाबूलाल

## भाजपा की सरकार आयी, तो सबका हिसाब होगा : झारखंड को संवारने का समय आ गया है, भाजपा ही यह काम करेगी

**झारखंड की मौजूदा स्थिति और आनेवाले समय में भाजपा तथा बाबूलाल मरांडी की रणनीति के बारे में जानने पहुंचे आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह। बाबूलाल मरांडी ने राकेश सिंह के सवालों का खुल कर जवाब दिया। प्रस्तुत है बातचीत के अंश।**



राकेश सिंह

**सवाल : अपने मुख्यमंत्रित्वकाल में आपने 1932 के खतियान का पासा फेंका था। वह लागू नहीं हो सका। अब वही 1932 के खतियान का पासा हेमंत सोरेन ने फेंका है, इससे उन्हें क्या फायदा मिलनेवाला है और भाजपा को कितना नुकसान हो सकता है?**

**जवाब :** इस सवाल को सुनते ही बाबूलाल मरांडी मुस्कुराने लगते हैं। कुछ क्षण के बाद कहते हैं कि देखिये, जैसा आपने कहा कि हेमंत सोरेन ने पासा फेंका है, सच कहा जाये, तो उन्होंने पासा ही फेंका है, लेकिन वह जगह पर नहीं फेंक पाये हैं। शुरू में दो-चार दिन तो लोगों ने जरूर उत्सव मनाया, लेकिन जैसे-जैसे इसकी परतें खुलनी शुरू हुईं, लोगों में उदासीनता का भाव घर करने लगा। शुरू में जो लोग हेमंत सोरेन के फैसले की प्रशंसा कर रहे थे, वही अब उनका विरोध कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें समझ में आ गया है कि यह धरातल पर पहुंचने योग्य फैसला नहीं है। सब आइवॉश है। सच कहा जाये, तो हेमंत सोरेन ने हवा में पासा फेंक दिया है। जब 1932 की चर्चा पूरे झारखंड में चलने लगी, तब हमसे कई लोग आकर मिले। झारखंड के सामाजिक संगठनों के बड़े-बड़े लीडर, खास कर रांची के। मैंने उनसे पूछा कि आप जो 1932 के खतियान की इतनी प्रशंसा कर रहे हैं, आपने उसके बारे में पढ़ा है क्या? तो उन्होंने कहा कि नहीं अखबार में पढ़े हैं। मेरे पास उसकी प्रति थी। मैंने उन्हें पढ़ने को दी। उन्होंने पढ़ी। मैंने फिर उनसे सवाल किया कि इसमें कहीं भी नियोजन नीति का जिक्र है? उन्होंने जब पढ़ा, तो आश्चर्य करने लगे कि इसमें तो नियोजन नीति की कोई चर्चा ही नहीं है। मेरा कहना है कि बहुत सारे लोगों ने इसे केवल अखबार में पढ़ा है। उसके नोटिफिकेशन को देखा तक नहीं है। अखबार में तो खबर ही छपती है न। अगर संपूर्ण विश्लेषण में जाया जाये, तो पता चलेगा कि यह तो कोर्ट में निरस्त हो जायेगा। सिर्फ हेमंत सरकार ने 1932 के खतियान को पास कर दिया। इसी को लेकर लोग उत्साहित हो गये। हेमंत सोरेन को भी पता है कि उन्होंने इन तीन सालों में क्या किया है। उस पर परदा डालने के लिए क्यों नहीं ऐसा काम कर दो, जिससे लगेगा कि उनकी मंशा तो सही है, लेकिन सामने वाले की मंशा में ही खोट है, लेकिन गलत चीजें कब तक छिपेंगी। आखिर एक न एक दिन छलावा तो जनता के सामने आयेगा ही। अब लोग हेमंत सोरेन के फैसले का आकलन कर रहे हैं, तो उन्हें लग रहा है कि यह महज हवा-हवाई है। इनके द्वारा बनायी गयी नीति कहीं से भी धरातल पर उतरनेवाली नहीं है।

बिना नियोजन नीति के 1932 का खतियान लेकर झारखंडी आखिर करेगा क्या! यह सोचनेवाली बात है। अगर आप किसी भी नीति पर काम करते हैं और उसमें अगर आप लूप होल छोड़ते हैं, तो आप मौका देते हैं कि कोई भी कोर्ट जाकर उस पर सवाल खड़ा कर दे। जब झारखंड बना, मैं मुख्यमंत्री बना। 2001 में हमने स्थानीय-नियोजन नीति को एक साथ लागू किया था। वह भी हमने कोई नये सिरे से लागू नहीं किया था, बल्कि बिहार सरकार के समय से जो नियम चला आ रहा था, उसको हमने सिर्फ अंगीकार किया था। उसमें इतना ही लिखा हुआ था कि पिछले सर्वे राइट्स ऑफ रिकार्ड्स में जिनके पूर्वज का नाम दर्ज है, उन्हें स्थानीय माना जायेगा। और तृतीय-चतुर्थ वर्ग की जिला स्तर की सरकारी नौकरियों की नियुक्ति में उन्हें प्राथमिकता दी जायेगी। इस पर हंगामा हो गया। लोग कोर्ट में चले गये। कोर्ट ने उसे निरस्त कर दिया। कहा कि आप इस पर पुनः विचार करें। मेरा कहने का अर्थ यही है कि अगर हेमंत सरकार 1932 का खतियान ला रही थी, तो उस निर्णय के आलोक में उसे पूरा अध्ययन कर लेना चाहिए था। कोर्ट ने उस वक्त किन बातों को लेकर ऑब्जेक्शन लगाया था, उसके बाद उसका क्या रास्ता है, फिर उस पर सरकार को आगे बढ़ना चाहिए था। हेमंत सरकार ने कुछ भी अध्ययन नहीं किया। बस ले आये 1932 का खतियान। क्या हेमंत सोरेन को इस बात की समझ नहीं है। बिल्कुल उन्हें इस बात का बोध है, तभी तो उन्होंने विधानसभा में कहा था कि 1932 का खतियान लागू नहीं हो सकता है। फिर भी हेमंत सोरेन अब इसे लागू कर रहे हैं, तो इसे क्या समझा जाये। इसमें उन्होंने जान-बूझ कर नियोजन नीति को नहीं जोड़ा है। इसके पीछे उनकी क्या मंशा रही होगी, समझा जा सकता है। अब लोग भी इसे समझ रहे हैं। हम तो शुरू से इस मत के रहे हैं कि यहां के लोगों को नौकरी में प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

अब ओबीसी के आरक्षण को ही लीजिए। हेमंत सोरेन ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण की बात करते हैं। यह भी हमने अपने मुख्यमंत्रित्वकाल में किया था। कोर्ट ने उसको निरस्त कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आप 50 परसेंट से आगे बढ़ सकते हैं। रिजर्वेशन आप दे सकते हैं, लेकिन उसके लिए कमीशन बनाना पड़ेगा। आयोग गठित करना पड़ेगा। फिर आयोग सर्वे करेगा। उसके बाद लगेगा कि ओबीसी वर्ग को उतनी प्रतिनियुक्ति नहीं मिल पा रही है, जितनी उन्हें सच में जरूरत है, तब हम उनके लिए रिजर्वेशन करेंगे। लेकिन इस सरकार ने इन सब पॉइंट्स पर कुछ किया ही नहीं। अभी नगर निकाय का चुनाव होना है, तो कहां सरकार ओबीसी को रिजर्वेशन दे रही है। जब कुछ दिन पहले ही हेमंत सरकार ने 27 परसेंट आरक्षण ओबीसी को दिया था, तो नगर निकाय चुनाव में उसे लागू करना चाहिए था, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। यह सवाल उठना चाहिए कि नहीं। लेकिन मौजूदा सरकार ने इसे सिरे से दरकिनार कर दिया, क्योंकि उन्हें पता है कि उसके बाद क्या होना है। पंचायत चुनाव के वक्त हमने खुद हेमंत सरकार से कहा था कि आपने दो साल पंचायत चुनाव नहीं करवाया, तो छह महीना और मत करवाइये। एक बार आप आयोग गठित करके सर्वे करवा लीजिए। ज्यादा से ज्यादा क्या होगा। चुनाव में छह महीना और विलंब होगा। लेकिन सत्ता पक्ष ने नहीं माना। कहा कि हम ऐसे ही चुनाव करवायेंगे। बहुत देर हो गयी है। पंचायत चुनाव में हेमंत सरकार ने छल किया है। आयोग गठित करने की बजाय आरक्षण समाप्त कर चुनाव कराया। अब निकाय चुनाव में आयोग गठित कर ट्रिपल टेस्ट के आधार पर चुनाव कराया जा सकता था, लेकिन हेमंत सरकार पिछड़ा वर्ग को छल रही है। यूपीए सरकार में शामिल लोगों को सिर्फ पैसा और परिवार की चिंता है। इसलिए इडी ने अपना हाथ फैलाया है। भाजपा तब तक लड़ाई लड़ेगी, जब तक इस सरकार को उखाड़ कर फेंक ना दे। हम किसी भी सूरत में जनता के साथ छलावा बर्दाश्त नहीं करेंगे।



**गरीबी और बेरोजगारी की समस्या को दूर किये बगैर आगे नहीं बढ़ सकता झारखंड**

**सवाल : भाजपा हेमंत सोरेन की सरकार को काम करने क्यों नहीं दे रही है?**

**जवाब :** सवाल सुनते ही बाबूलाल हंसने लगते हैं। कहते हैं, उन्हें हम नहीं काम करने दे रहे हैं। हम तो काम करने के लिए उन्हें चिट्ठी भी लिखते हैं। जनता ने आपको चुना है काम करने के लिए, लेकिन यह सरकार काम कहां कर रही है। इन लोगों ने सत्ता को कमाई का जरिया समझ लिया है। अब कमाने तो हम नहीं देंगे न।

**सवाल : आप खुल कर बताइये न, कहना क्या चाह रहे हैं?**

**जवाब :** बाबूलाल मरांडी मुस्कुराते हुए कहते हैं कि कमाने का सीधा मतलब यही है कि सत्तासीन लोग सत्ता के माध्यम से तिजोरी भर रहे हैं। चहुंओर इसकी चर्चा है। बालू, कोयला, पत्थर, पहाड़, जमीन, सब तो दांव पर लगा है इस सरकार में। इन तीन सालों में जरा सरकार से आप पूछिए कि आपने कितनी खदानों की लीज दी है। मुझे लगता है, तब आपको यही पता चलेगा कि लीज तो दी नहीं, बल्कि जो लीज थी, उनको भी क्लीयरेंस नहीं दिया गया। वह भी गैरकानूनी ढंग से चलायी जा रही थी। आप समझ सकते हैं कि अगर गैरकानूनी तरीके से खदान चलेगी, तो उससे किसकी तिजोरी भरेगी। सरकार की तो नहीं न। इन तीन सालों में जितनी भी नदियां हैं, बालू घाट हैं, इनकी नीलामी नहीं हुई है। विधानसभा में हमने बालू को लेकर सवाल भी उठाया कि बालू वालों को पुलिस वाले पकड़ते हैं, लोगों को परेशान करते हैं। उस समय सीएम ने कहा था कि बालू घाट की नीलामी होगी, उसका ऑक्शन होगा, जल्दी होगा, लेकिन हुआ क्या! मजे की बात यह है कि इस दौरान राज्य से बालू बाहर जाता रहा। क्या दिन, क्या रात। बालू तस्करी का मॉडल आप देख लेंगे तो दंग रह जायेंगे। कौन नहीं मिला हुआ है इस काम में। इसलिए तो मैं कह रहा हूं कि यह सरकार काम नहीं कर रही है, हां इसमें धंधा जरूर चोखा हुआ है। संपदाओं की लूट का इससे बढ़िया मॉडल शायद ही कहीं देखने को मिलेगा। हमने काम करने पर नहीं, गलत तरीके से कमाने से रोका है। इडी की रिपोर्ट पर गौर फरमायें, तो सिर्फ साहिबगंज में एक हजार करोड़ से अधिक का अवैध खनन हुआ है।

एक और उदाहरण मैं देता हूं। गांवों में लोगों को कई महीने से नियमित राशन नहीं मिल पा रहा है, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिसंबर तक गरीबों को मुफ्त राशन देने की घोषणा की है। उसी प्रकार से पेंशन, पोषाहार जरूरतमंद महिला-बच्चों को मिल रहा है कि नहीं, इन सब पर हमें नजर रखनी है। ये लोग सिर्फ अपने लाभ में लगे हुए हैं। इनका जनता से दूर-दूर तक वास्ता नहीं है। अगर आपकी भी कोई खाली जमीन पड़ी हो, तो सावधान रहिए, नहीं तो राज्य की शासन व्यवस्था और सरकार में बैठे कुछ लोग आपकी जमीन पर कब्जा कर लेंगे।

**सवाल : झारखंड में एक लिफाफे की चहुंओर चर्चा है। वह लिफाफा फिलहाल राज्यपाल के पास है। झामुमो बार-बार यह आरोप लगाता रहा है कि निर्वाचन आयोग की हर सूचना भाजपा नेताओं को पहले मिल जाती है। आप बता सकते हैं उस लिफाफे में क्या है?**

**जवाब : बाबूलाल कुछ सोचते हैं। मुस्कुराते हैं। फिर कहते हैं कि अब यह हम कैसे बता सकते हैं। इलेक्शन कमीशन ने क्या भेजा है! किनके पास क्या रिपोर्ट है, यह हम तो बता नहीं पायेंगे। यह तो इलेक्शन कमीशन और राज्यपाल ही बता पायेंगे। हां, हम लोग इतना जरूर कह सकते हैं और कहते रहे हैं कि राज्य के मुख्यमंत्री रहते, खान मंत्री रहते, वन मंत्री रहते अपने नाम से खदान की लीज लेना गैर-कानूनी है। लोक सेवकों के लिए भारत सरकार की जो गाइडलाइन बनी हुई है, आचार संहिता बनी हुई है, उस नियम का यह उल्लंघन है। मुझे लगता है कि देश के किसी भी राज्य में ऐसा कोई भी मुख्यमंत्री नहीं होगा, जो मुख्यमंत्री रहते अपने नाम से ठेका-पट्टा लेता हो या अपने नाम से खदान का पट्टा लेता हो। हेमंत सोरेन ने प्रत्यक्ष रूप से यह गैर-कानूनी काम किया है। इसे लेकर ही हम सभी लोगों ने राज्यपाल के पास जाकर ज्ञापन सौंपा था। हमने यही कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यह गलत किया है, इनकी सदस्यता जानी चाहिए। आज भी हमारी यही मांग है। हेमंत सोरेन पहले ऐसे मुख्यमंत्री हैं, जो अपने ही खिलाफ कार्रवाई के लिए राजभवन का चक्कर लगा रहे हैं। अब इसे क्या कहा जाये! या तो वह डरे हुए हैं या फिर उन्हें एहसास हो गया है कि वे जानेवाले हैं।**

## आजाद सिपाही विशेष बातचीत

**सवाल : झारखंड में जो घोटाले उजागर होते हैं, उनमें नेताओं के तो नाम सामने आ जाते हैं, लेकिन अधिकारी कैसे बच जाते हैं, उनका नाम क्यों नहीं आता। क्या वे भ्रष्ट नहीं होते?**

**जवाब : जिसकी सरकार होती है, कार्रवाई वही करती है। मैं दो घटनाओं का जिक्र करूंगा। पहली घटना माइनिंग को लेकर। जब इडी ने चार्जशीट दाखिल की, तो अखबारों में छपा कि एक हजार करोड़ का घोटाला साहिबगंज जिला में हुआ है। माइनिंग के जो हेड होते हैं, वे डीसी होते हैं, उस विभाग के अफसर होते हैं। अगर इतने दिनों तक इस तरह की अवैध माइनिंग होती रही, तो ये लोग भी तो जिम्मेदार हैं। इन पर भी तो कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन जांच करे कौन। सरकार तो उनकी है। वही सब करवा रहे हैं। जब हमारा समय आयेगा, तब हम जरूर कार्रवाई करेंगे। चार दिन पहले ही मैंने एक पत्र लिखा है रामेश्वर उरांव को। पत्र में लिखा है कि गिरिडीह जिला में 208 लोगों को, जिन्हें डीलरशिप दी गयी थी, फूड सप्लाई की, उनके लाइसेंस को सरकार ने रद्द कर दिया। कहा गया कि इन्हें इल्लीगल तरीके से लाइसेंस दिया गया था। मेरा सवाल इल्लीगल लाइसेंस को रद्द करने के लिए नहीं था। जिन्होंने इल्लीगल तरीके से लाइसेंस दिया, उन अफसरों पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई। मैंने पत्र में लिखा कि उन अफसरों पर आप कार्रवाई करें, क्योंकि इल्लीगल तरीके से लाइसेंस तो उन्हीं ने दिया। तो सजा तो उन्हें मिलनी ही चाहिए। सजा तो राज्य सरकार ही देगी। अगर राज्य सरकार उन पर कार्रवाई नहीं करेगी, तो जिस दिन हमारी सरकार आयेगी, तो हम इस मामले को देखेंगे।**

**सवाल : आप हर समय कानून-व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं। क्या यह सिर्फ हेमंत सोरेन सरकार में ही खराब है! पहले क्या रामराज था?**

**जवाब :** देखिये, हेमंत है तो हिम्मत है का नारा इसी सरकार में लगा है। वह और कहीं फिट हो या न हो, लेकिन अपराधियों पर पूरी तरह से फिट हो रहा है। आज झारखंड की कानून-व्यवस्था कहां जा रही है। आये दिन यहां बलात्कार हो रहे हैं। नाबालिग बच्चियों को टारगेट कर पेट्रोल से जलाया जा रहा है। आदिवासी बच्चियां भी राज्य में सुरक्षित नहीं हैं। बीच बाजार में व्यापारियों को गोली मार दी जा रही है। देश विरोधी ताकतें एक्टिव हो गयी हैं। यहां धर्मांतरण का खेल खेला जा रहा है। एक वर्ग विशेष के लोग जबरदस्ती बच्चियों पर शादी करने के लिए दबाव बना रहे हैं। विरोध करने पर उनकी हत्या कर दे रहे हैं। अब तो इन लोगों ने स्कूलों तक को नहीं छोड़ा! त्योहारों में हिंसा तक हुई। झारखंड के अपराधियों में पुलिस का जरा भी खौफ नहीं है। पुलिस भले ही अपराधियों पर नकेल कसने की बात कह रही हो, लेकिन जमीनी हालात कुछ और ही कहनी बयां कर रहे हैं। चोर एटीएम काट कर ले जा रहे हैं, दिनदहाड़े डकैती डाल रहे हैं। रात को सड़कें अपराधियों के नियंत्रण में होती हैं। बालू, कोयला, पत्थर की खुलेआम लूट मची है। लूट का एक ऐसा तंत्र यहां काम कर रहा है, जिसने भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा को भी पार कर दिया है।

**सवाल : 2019 के विधानसभा चुनाव में 28 जनजातीय सीटों में से 26 पर भाजपा हार गयी? उस समय आप भाजपा के खिलाफ थे। क्या आपने आकलन किया था कि उसका मूल कारण क्या रहा था?**

**जवाब :** इसका मूल कारण एक नहीं हो सकता है, कई कारण होंगे। हेमंत सोरेन से पहले पांच साल तक तो भाजपा की ही सरकार रही। कुछ कारण, कुछ फैसले जरूर होंगे, जिससे लोग नाराज हुए होंगे। खासकर सीएनटी-एसपीटी एक्ट को लेकर लोग काफी उद्वेलित हुए थे। सड़कों पर उतरे थे। उस समय यहां के ट्राइबल सिर्फ मोबिलाइज ही नहीं हुए, एकजुट भी हो गये थे और सरकार के खिलाफ खड़े हो गये। उसका भाजपा को जबरदस्त नुकसान हुआ। नहीं तो भाजपा अच्छी-खासी सीट तो जीतती ही थी। दूसरा, भाजपा का आजसू के साथ गठबंधन टूट गया था। यह भी एक कारण था। वन टू वन फाइट हो गयी।

**सवाल : अब भाजपा ने आखिर इन तीन सालों में ऐसा क्या कर दिया है कि 2024 में उसकी सरकार आ जायेगी? यूपीए गठबंधन तो अभी तक पूरी तरह से इंटैक्ट है? सीधा मुकाबला तो इस बार भी होगा?**

**जवाब :** यूपीए गठबंधन तो रहेगा, हम भी यही मान कर चल रहे हैं। हमारा फोकस है कि जो सीटें हमने लूज की थीं, जहां हम कमजोर हैं, वहां अपना बेस कैसे मजबूत किया जाये, कैसे जनाधार बढ़ाया जाये। हम गांव-गांव जाकर गांव की सरकार का सूत्र गढ़ रहे हैं। बूथ को मजबूत कर रहे हैं, क्योंकि लड़ाई तो बूथ पर ही होती है। पंचायत चुनाव में 53 परसेंट भाजपा के कार्यकर्ता पंचायत प्रतिनिधि के रूप में चुन कर आये हैं, जिसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं। इससे यह प्रमाणित होता है कि हम अपनी जड़ें मजबूत कर रहे हैं। हमने उन्हें सम्मानित भी किया। यही वे कड़ी हैं, जो हमें गांव में मजबूत करेंगे। प्रधानमंत्री की योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करेंगे। कैसे ग्रामीण इन योजनाओं का लाभ लें उन्हें बतायेंगे। भाजपा अपनी रणनीति के हिसाब से चल रही है। भाजपा ही झारखंड में विकास कार्यों को धरातल पर ला सकती है, क्योंकि भाजपा काम करने में विश्वास करती है। भाजपा समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलती है। कानून व्यवस्था पर उसका फोकस होता है। भाजपा के शासन काल में महिलाएं सुरक्षित महसूस करती हैं। व्यापारी वर्ग खुल कर काम करता है। गरीब को पता होता है कि भाजपा के राज में वह खाली पेट नहीं सोयेगा। प्रधानमंत्री का विशेष स्नेह झारखंड पर रहता है। प्रधानमंत्री ने कई जन कल्याणकारी योजनाएं झारखंड से ही शुरू कीं। 2024 में फिर से भाजपा की डबल इंजन की सरकार बनेगी, यह तय है, क्योंकि झारखंड को संवारने का समय आ गया है। झारखंड के संपूर्ण विकास का समय आ चुका है। झारखंड को लूट से बचाने का समय आ चुका है। झारखंड की गरीब जनता को सम्मान से जीने का समय आ चुका है। उनके अधिकारों की रक्षा का समय आ चुका है। झारखंड की संस्कृति और खूबसूरती को विश्व पटल पर प्रदर्शित करने का समय आ गया है। आज देश की राष्ट्रपति एक आदिवासी महिला हैं। समझ जा सकता है कि भाजपा आदिवासियों की कितनी बड़ी हितैषी है।

**सवाल : क्या 2024 तक इस सरकार को भाजपा चलने देगी?**

**जवाब :** हम कहां उन्हें हटा रहे हैं। ये तो उनके ऊपर निर्भर करता है कि 2024 तक सरकार कैसे चलाते हैं। लेकिन इस सरकार की जो नीयत है, सरकार के काम करने के जो तौर-तरीके हैं, जिस प्रकार से करप्शन के दलदल में मौजूदा सरकार धंसती चली जा रही है, तो लगता नहीं है कि बहुत दिनों तक हेमंत सोरेन आगे चल पायेंगे।

**सवाल : क्या आपको लगता है कि आप झारखंड मुक्ति मोर्चा के निशाने पर हैं?**

**जवाब :** बाबूलाल हंसने लगते हैं। कहते हैं, शायद हम उनके कारनामों को उजागर करते रहते हैं। हम बार-बार सरकार को चिट्ठी लिखते रहते हैं। झामुमो के लोग उसे लेकर हमें पत्रवीर के नाम से भी संबोधित करने लगे हैं, बस मैं उनका ध्यानाकर्षित करवाता रहता हूं। सरकार अपने में इतनी व्यस्त है, तो किसी को तो उन्हें बताना होगा कि तुम्हें जनता ने सही काम करने के लिए जनादेश दिया है, गलत करने के लिए। खुद काम करते नहीं और हमें कहते रहते हैं कि हम काम नहीं करने देते। मेरा पत्र लिखना उन्हें पसंद नहीं आता। इसलिए हो सकता है मैं उनके निशाने पर रहता हूं। अब पत्र में मैं थोड़े मीठे बोल लिखूंगा। क्या हो रहा या हुआ है, वही लिखूंगा न। अब राज्य में कानून-व्यवस्था का जो हाल है, वह किससे छिपा है। आये दिन झारखंड में बच्चियों और महिलाओं पर अत्याचार बढ़ रहा है, तो मैं चिठ्ठी में वही लिखूंगा न कि आप इस मोर्चे पर फेल हैं।

**सवाल : आपने ट्वीट किया था कि अमित अग्रवाल के कॉल डिटेल्स को खंगाला जाये, परत-दर-परत भ्रष्टाचार उजागर होते जायेंगे? लगता है, आपको पता चल गया है कि उन कॉल डिटेल्स में क्या कुछ है?**

**जवाब :** बाबूलाल मरांडी कहते हैं कि इडी तो अपना काम कर ही रही होगी। अब मैं यह तो नहीं बता पाऊंगा कि इडी ने अमित अग्रवाल के साथ क्या किया होगा। हम तो जांच एजेंसियों से मांग ही कर सकते हैं। लोग कहते हैं कि अमित अग्रवाल झारखंड में समानांतर सरकार चला रहे थे। जहां अमित अग्रवाल का आवास था, वहां दरबार लगता था और दरबारी कोई और नहीं, बल्कि अधिकारी होते थे। जब यह सूचना सार्वजनिक होने लगी, तो मैंने कहा कि इडी क्यों नहीं अमित अग्रवाल का कॉल डिटेल्स ही खंगाल लेती है। कब-कब, किनसे कितनी बार वह बात कर रहे थे। क्या बात कर रहे थे। किनका क्या संबंध है, यह सब शीशे की तरह साफ हो जायेगा। अगर इडी अमित अग्रवाल, प्रमप्रकाश, विशाल चौधरी, पीके मिश्रा, सुमन कुमार, पूजा सिंघल को गिरफ्त में ले चुकी है, तो उससे यह साफ हो गया है कि इन लोगों की सीधी पहुंच ऊपर तक थी। अगर इडी न्यायिक हिरासत में रहते हुए पीके मिश्रा झारखंड के आइएएस-आइपीएस अधिकारियों से बात कर रहा है, तो यह बगैर प्रभाव और संरक्षण के तो हो नहीं सकता।

**सवाल : आपकी नजर में झारखंड को फिलहाल किस चीज की सबसे ज्यादा जरूरत है?**

**जवाब :** बाबूलाल मरांडी भावुक हो जाते हैं। जरा ठहर कर इस सवाल का जवाब देते हैं। बाबूलाल कहते हैं कि सही मायने में झारखंड को अभी सबसे ज्यादा जिस चीज कि जरूरत है, वह है रोजगार। बेरोजगारी को दूर करना। झारखंड में बेरोजगारी बहुत है। यहां कुपोषित बच्चे सबसे अधिक हैं। इसका प्रमुख कारण ही गरीबी है। और गरीबी का मुख्य कारण है बेरोजगारी। मेरा यही मानना है कि झारखंड में किसी की भी सरकार हो, बेरोजगारी जैसे मुद्दे को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। इसे दूर करने के लिए सरकार को दिन-रात प्रयास करना चाहिए। यह समस्या दूर नहीं हो सकती, ऐसा नहीं है। मौजूदा सरकार की मंशा और प्रयास में यह सब दिखता नहीं है, उसकी प्राथमिकता में इन चीजों का कोई स्थान नहीं है। सरकार पेंशन दे रही है, ठीक है। आप पेंशन दीजिए, इससे तत्काल भूख से किसी को बचाया जा सकता है, लेकिन हमें उसके अतिरिक्त भी सोचना है। सरकार को लोगों के लिविंग स्टैंडर्ड को बढ़ाने के बारे में सोचना चाहिए। कैसे लोगों की आय का साधन बढ़े, उस पर विचार करना चाहिए। रोजगार सृजन कैसे होगा, उस पर काम करने की जरूरत है। झारखंड में आज भी पुराने ढर्रे पर खेती निर्भर है। सिंचाई की कोई सुविधा नहीं है, उसे कैसे ठीक किया जाये, उस पर विचार करना होगा। कौशल विकास के माध्यम से लोगों को सही तरीके से प्रशिक्षित करना चाहिए। मुख्यमंत्री को खुद इसे देखना चाहिए। आप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ही देख लीजिए। कैसे वह देश के खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हैं। खुद फोन करते हैं, मिलते भी हैं। उनका हौसला बढ़ाते हैं। तो क्यों नहीं देश का खिलाड़ी मेडल लायेगा। अपना 100 प्रतिशत अपने खेल में देगा। आज देश के खिलाड़ियों को पता है कि उनके पीछे उनका प्रधानमंत्री खड़ा है। यही तो एक अच्छे लीडर का काम है। अपनी सेना को ऊर्जा देना। हौसला बढ़ाना। आप स्टार्टअप सेक्टर को ही देख लीजिए। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्टार्टअप को खुद प्रमोट कर रहे हैं। खुद सूचियों को देखते हैं। प्रधानमंत्री को पता है कि अगर देश को आत्मनिर्भर बनाना है तो नये आइडिया को सपोर्ट करना है। युवाओं को मोटिवेट करना है। अच्छे आइडिया को इंप्लीमेंट करवाना है। स्किल डेवलपमेंट के माध्यम से नयी पीढ़ी को तैयार करना है। ग्रामीणों को सक्षम बनाना है। झारखंड में हमें गरीबी और बेरोजगारी की समस्या को दूर करना ही होगा, तभी झारखंड आगे बढ़ सकता है। झारखंड में साढ़े तीन करोड़ की आबादी है। सिर्फ खेती और चंद उद्योग से झारखंड की यह मुख्य समस्या दूर नहीं हो सकती। अगर हर हाथ को रोजगार देना है, तो शिक्षा व्यवस्था भी उसी प्रकार से दुरुस्त करनी पड़ेगी। उनके स्किल को भी डेवलप करना पड़ेगा।

मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक उदहारण देना चाहता हूं। प्रधानमंत्री जब भी विदेश दौरे पर जाते हैं, तब वह कोशिश करते हैं कि वहां बसे भारतीयों से मिलें। एक तो प्रधानमंत्री का उनसे मिलना देश के प्रति अपनत्व का एहसास और गहरा कराता है, दूसरा प्रधानमंत्री भारत को कैसे प्रमोट किया जाये, यहां के टूरिज्म को कैसे प्रमोट किया जाये, उसके बारे में भी उनसे चर्चा करते हैं। प्रधानमंत्री वहां बसे लोगों से जरूर कहते हैं कि आप जब भी भारत से विदेश जायें, तो यहां का कोई प्रतीक जरूर लेकर जायें और वहां के स्थानीय मित्रों को जरूर दें। और उन्हें भी प्रेरित करें कि एक बार वे भारत जरूर आयें। इससे एक-दूसरे को देश की संस्कृति को जानने का मौका मिलता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कभी यह नहीं कहते कि आप देश छोड़ कर विदेश में क्यों बस गये। उनका यही कहना होता है कि भारतीय कहीं भी हो, वह भारत का ब्रांड एंबेसडर है। प्रधानमंत्री का यही विजन है कि आप दूसरे देश के विकास में अपना रोल तो निभा ही रहे हैं। यह करने से आप भारत के विकास का भी हिस्सा बन सकते हैं। अब ब्रेन ड्रेन का रोना नहीं होता, अब उसी ब्रेन से देश का गेन होगा। हमें भी झारखंड के टूरिज्म को प्रमोट करना चाहिए। यहां की खासियत से दूसरे शहरों के लोगों को अवगत करने की जरूरत है।




# आपकी योजना
# आपकी सरकार आपके द्वार

पहला चरण : 12 से 22 अक्टूबर

| कुल आवेदन प्राप्त | कुल निष्पादन | कुल प्रक्रियाधीन |
|---|---|---|
| 20,30,312* | 10,21,791* | 10,08,521* |

*डाटा जानकारी 22/10/2022, 06:00 PM

स्रोत :- https://sarkaraapkedwar.jharkhand.gov.in/

























“जन-कल्याणकारी योजनाओं को गठरी में बांध-बांध कर आपकी सरकार आपके द्वार आयी है।

- हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड


















## राज्य भर में दूसरे चरण का आयोजन : 1 नवम्बर 2022 से 14 नवम्बर 2022

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

P.R. 280866 (IPRD) 22-23

## मंडल ट्रेडर्स दुकान का शुभारंभ



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के कोसमा स्थित महावर मोड़ के समीप मंडल ट्रेडर्स दुकान का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन विधायक अमित कुमार यादव, प्रखंड प्रमुख रेणु देवी,जिप सदस्य कुमकुम देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर विधायक ने कहा कि कोसमा में मंडल ट्रेडर्स दुकान खुलने से स्थानीय लोगों को लाभ मिलेगा ग्राहकों को दुर जाने की जरूरत नहीं होगी। वहीं मंडल ट्रेडर्स के मालिक सूर्यदेव मंडल उर्फ टिंकू प्रसाद ने कहा कि ग्राहकों के लिए उचित मूल्य पर सभी लेटेस्ट कंपनियों का छड,सिमेंट आदि उपलब्ध है। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि उमेश कुमार, मुखिया प्रतिनिधि बिरेंद्र शर्मा,पंसस प्रतिनिधि सेराज अंसारी, भाजपा ओबीसी जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र चौधरी, छोटेलाल मेहता, विनोद प्रसाद,भीम प्रसाद, पूर्व मुखिया मुंशी पासवान, इंद्रदेव यादव, विजय यादव, जीवन यादव, उपमुखिया प्रतिनिधि रहमत अंसारी, सुखलाल महतो समेत आदि लोग उपस्थित थे।

## एंबिशन पब्लिक स्कूल में दीपोत्सव रंगोली प्रतियोगिता आयोजित



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ अखाड़ा चौक स्थित एम्बिशन पब्लिक स्कूल में दीपोत्सव रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कक्षा पंचम से अष्टम तक के सभी छात्र- छात्राओं ने भाग लिया और विभिन्न प्रकार के रंगोली बनाकर ममत्व,अपनत्व एवं भाईचारे को प्रदर्शित किया। विद्यालय के निदेशक विवेक कुमार ने छात्र- छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि दीपावली का त्यौहार एक साथ मिलकर खुशियां मनाने के साथ-साथ अंतसन्मन में भरे विकारों को हटाकर अपने मन मंदिर में प्रेम व सौहार्द की दीप ज्योति जलाना है। इस कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक विवेक कुमार, प्रधानाचार्य राजेश कुमार मंडल, सहायक शिक्षक रोहित कुमार वर्मा, सुशांत कुमार पाठक, रुपाली देवी, राजेश कुमार रजक, अकाश कुमार,शशि सुमन सुष्मिता प्रिया,लक्ष्मी कुमारी,कोमल कुमारी, प्रिया दुबे, खुशबू कुमारी, रिया कुमारी, आरती कुमारी, निशा कुमारी, नितिन कुमार, मनोज रजक, कल्लू गोस्वामी, सुरेंद्र महतो,कांति देवी समेत सैकड़ो विद्यार्थियों उपस्थित थे।

## विष्णुगढ़ के प्रवासी मजदूर टेकलाल महतो की गुजरात में मौत

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रवासी मजदूरों की मौत का सिलसिला रूक नहीं रहा है ।लगातार उनकी मौत की खबर आ रही है। इसी क्रम में बिष्णुगढ प्रखंड के एक और मजदूर की मौत गुजरात में हो गई।बताया जाता कि बिष्णुगढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत गालहोबार के केंदुआडीह निवासी दशरथ महतो के 45 वर्षीय पुत्र टेकलाल महतो की मौत गुजरात में शुक्रवार की रात हो गयी ।मौत की खबर शनिवार सुबह को सूचना मिलते ही परिजनो का रो रोकर बुरा हाल है ।मौत के कारणों के बारे में अभी तक कुछ पता नहीं चल सका है ।वह टायर कंपनी में कार्यरत था ।मृतक टेकलाल महतो अपने पीछे पत्नी पत्नी बिंदया देवी, पुत्र सुनिल कुमार (24),पूत्री पूनम कुमारी(19),सुषमा कुमारी(17), व खुशबू कुमारी(14) को छोड़ गया। वहीं इस दुखद घटना को लेकर प्रवासी हित में कार्य करनेवाले सिकन्दर अली ने कहा कि हमारे झारखंड के हजारीबाग,गिरीडीह,बोकारो जिले के अधिकतर लोग पलायन कर चुके हैं और अधिकतर मजदूर विदेशों में काम करते हैं और प्रवासी मजदूरों की मौते लगातार हो रही हैं ।जो एक बडी चिंता का विषय हैं ।बिष्णुगढ प्रखंड अंतर्गत बन्दखारो के दुलारचंद महतो का शव एक सप्ताह से मलेशिया में पड़ा हैं ।इसलिए मैं झारखंड सरकार से आग्रह करना चाहूँगा कि मृतक परिवारों को कंपनी के साथ-साथ सरकार की ओर से उचित सहयोग राशि दी जाय।

## पीपराडीह में ऑटो के पलटने से महिला की मौत



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत मोरियावां रोड पिपराडीह में शनिवार की सुबह नौ बजे एक ऑटो के पलटने से उस पर सवार एक महिला यात्री की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार महिला की पहचान बेकोबार निवासी जमीला खातून (55) के रूप में हुई है। वह ऑटो संख्या (जेएच 15 टी 4562) सवार होकर तिलैया जा रही थी। इसी दौरान पिपराडीह के समीप एक साइकिल सवार को बचाने के क्रम में ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

## धनतेरस पर बाजार में रौनक, दिखी ग्राहकों की भीड़

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** धनतेरस के मौके पर शनिवार को कोडरमा जिले में बाजार सजे हुए हैं। झुमरीतिलैया, कोडरमा, डोमचांच समेत अन्य जगहों पर धनतेरस को लेकर खरीदारी करने निकले ग्राहकों को लुभाने के लिए आकर्षक छूट और ऑफर भी दिए जा रहे थे। दो सालों से कोरोना संक्रमण के कारण छाई मंदी से इस बार बाजार को उबरने की संभावना है। बहरहाल झुमरी तिलैया शहर में बर्तन दुकान, फर्नीचर दुकान, इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद की दुकान और पूजन सामग्री की दुकानों में धनतेरस को लेकर व्यापक तैयारी की गई थी। इन दुकानों में ग्राहकों के डिमांड की हर चीज उपलब्ध करा ली गई। दुकानदार भी ग्राहकों को धनतेरस के मौके पर खाली हाथ लौटना नहीं देना चाहते। इसके अलावा सरार्फा व्यवसायियों ने भी धनतेरस के मौके पर ग्राहकों के खरीदारी को लेकर व्यापक तौर पर तैयारी की। धनतेरस को लेकर बाजारों में भीड़-भाड़ देखी गयी है और हर तरफ बाजार में चहल पहल बढ़ गई है।

## खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** जिला एथलेटिक संघ द्वारा आयोजित एथलेटिक्स चैंपियनशिप का समापन हो गया। इसमें विजेता सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उन्हें मेडल और मोमेंटो देकर उनका हौंसला बढ़ाया। प्रतियोगिता का उद्घाटन एसपी कुमार गौरव ने किया जबकि समापन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एसी अनिल कुमार तिर्की, विशिष्ट अतिथि प्रिंसिपल जेजे कॉलेज मिथिलेश प्रसाद, खेल पदाधिकारी कृष्ण कुमार राम, अतिथि आरवीएस के डायरेक्टर प्रवीण बर्णवाल थे। अतिथियों का संघ अध्यक्ष अशोक कुमार ने स्वागत किया। अतिथियों ने सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर और मोमेंटो देकर उनका हौंसला बढ़ाया। मौके पर जेजे कॉलेज के गजानन मिश्रा, प्रवीण कुमार बर्णवाल, सीपीएस के डायरेक्टर तौफीक हुसैन, एथलेटिक संघ के राजेंद्र कुमार, आकाश कुमार, ऑफिशियल अमित कुमार राय, सोनू कुमार,धीरज कुमार पांडेय, बालेश्वर यादव, सुनील कुमार, कार्तिक कुमार, सनत कुमार सिंह मौजूद थे।

## अहिबरण वंशज ने मनाया दीपोत्सव त्योहार

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** अहिबरण वंशज मोदी वर्णवाल समाज झुमरीतिलैया ने दिपावली उत्सव बाटें खुशियाँ का कार्यक्रम तिलैया बस्ती स्थित बिरहोर कॉलोनी में मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वंशज अध्यक्ष सूर्यदेव मोदी ने किया। इस बीच वंशज के सदस्यों ने बिरहोर के बीच मिठाई, नमकीन, दीपक, तेल, पटाखा का वितरण किया। अध्यक्ष सूर्यदेव मोदी ने कहा कि दीवाली खुशियो और रोशनी का त्योहार होता है, अपने घर तो सब रोशन करते है औरों के घर रोशन करके अच्छा लगता है। बिरहोर में बच्चों के बीच दिवाली मनाने से बच्चे लोग काफी खुश थे। सचिव पंकज वर्णवाल ने कहा कि मानवता की सेवा ही सच्ची सेवा है। कार्यक्रम के परियोजना निदेशक पल्लव कुमार थे। मौके पर अहिबरण वंशज के संरक्षक ईश्वरदेव वर्णवाल, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ नीरज चंद्रा, सह सचिव विकास कुमार, वरुण मोदी, चंदन वर्णवाल, पवन कुमार आदि उपस्थित थे।

## चार जुआरी छह मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** बीती रात कोडरमा थाना अंतर्गत पूर्णानगर में कोडरमा थाना क्यू आर टी टीम के द्वारा 4 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया। जुआ खेलते चंदन कुमार पिता नारायण धोबी, अर्जुन महतो पिता स्वर्गीय बुधन महतो, दिलीप महतो पिता कार्तिक महतो और राजू पंडित पिता जगदीश पंडित सभी पूर्णानगर निवासी को गिरफ्तार किया। वहीं मौके से छह मोटरसाइकिल भी जब्त किया गया। हलांकि जुआरियों के पास से नगद बरामदगी की बात सामने नहीं आई। बहरहाल पकड़े गए जुआरियों के विरुद्ध कोडरमा थाना में कांड संख्या 254/22 मामला दर्ज करते हुये जेल भेज दिया गया है।

# गुरहेत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सदर प्रखण्ड के पंचायत गुरहेत के ग्राम बहोरनपुर में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी गुंजन कुमारी सिन्हा, अंचल अधिकारी राजेश कुमार, 20 सूत्री अध्यक्ष, राजीव कुमार मेहता, गुरहेत पंचायत के मुखिया महेश तिग्गा के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर शिविर का शुभारंभ किया गया। मंचासीन पदाधिकारियों एवं जन-प्रतिनिधियों के द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित होकर इसका लाभ लेते देखे गए। शिविर में आपूर्ति, कल्याण, पशुपालन, पेंशन, मनरेगा, कृषि, राजस्व, स्वास्थ्य, जे०एस०एल०पी०एस०, पेयजल, विद्युत विभाग आदि के स्टॉल लगाए गये थे। इस शिविर में मनरेगा योजना के तहत कुल 38 योजना, जिसमें बागवानी 01, कुप 08, तालाब 01, टी०सी०बी० 13, शेड 01, दीदी बाड़ी 12, खेल मैदान 01, जिसकी प्रा०रा० 60,48,922 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत विजय हेम्बरोम एवं कलावती देवी को आवास पूर्ण कर लेने के उपरांत गृह प्रवेश कराया गया। द्रौपदी देवी एवं एस्टर कुजूर को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। जे०एस०एल०पी०एस० फूलो-झालो आर्शिवाद योजना के तहत मोसोमत दशमी देवी, हन्ना नाग, सखी मंडल को 25-25 हजार का चेक प्रदान किया। 126 जरूरतमंदो के बीच कंबल का वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 75 ग्रामीणों का स्वास्थ्य जाँच एवं 70 का टीकाकरण किया गया। शिविर में कुल 542 आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिसमें 357 आवेदनों का ऑन-स्पॉट निष्पादन किया गया। उक्त अवसर पर गीता देवी, उप मुखिया, अनिता देवी, पं०स०स०, इम्तियाज आलम, सखिया मुखिया, मरग्रेट एक्का, पिंकी देवी, जोगेन्द्र टुडू, निशा देवी, बंसती देवी, संजय कुमार यादव, राजेन्द्र राम, वार्ड सदस्य, परमेश्वर गोप, समाजसेवी तथा बाल विकास परि० पदा०, शैल बाला, बी०पी०एम०, जे०एस०एल०पी०एस०, दिव्या सिन्हा, प्र०कार्य०पदा०, उज्जवल किशोर, सुनील कुमार प्रखण्ड समन्वयक, पंचायत राज, गुरुचरण सिंह, पंचायत सचिव, बिरेन्द्र कु० साव, रोजगार सेवक के अलावे ग्रामीण अनवर कुमार, अनिल होरो, प्रेतम केरकेट्टा, बसंत केरकेट्टा, सुरेश तिग्गा, आसिफ अंसारी, शंभू केरकेट्टा, नितेश तिग्गा, सुमित उरवा, अरुण केरकेट्टा, जितेंद्र केरकेट्टा, विक्रम केरकेट्टा, अजय केरकेट्टा, फिरोज अंसारी, किशोर केरकेट्टा, सनी केरकेट्टा, भीम उरुवा प्रखण्ड सह अंचल के कर्मी उपस्थित थे ।

## पूर्व विधायक के नेतृत्व में मंत्री से मिला प्रतिनिधि मंडल सौंपा मांग पत्र



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** पूर्व विधायक जानकी प्रसाद के नेतृत्व में चलकुशा प्रखंड के जन प्रतिनिधि मंडल आलमगीर आलम ग्रामीण विकास विभाग मंत्री एवं सत्यानंद भोक्ता श्रम, मंत्री झारखंड सरकार से मिलकर मांग पत्र सौंपा। पूर्व विधायक जानकी यादव ने कहा कि चलकुशा प्रखंड मुख्यालय के समक्ष तेरह सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन चला जिसमें लगभग सभी मांगे जिला प्रशासन पुरी कर दी है। लेकिन तीन सूत्री मांग जो कि राज्य सरकार के स्तर से ही पूर्ण होगी। ततपश्चात मंत्री आलमगीर आलम और मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि आप सब लोकतांत्रिक और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बताए हुए रास्ते से आंदोलन किए। आप सबों की मांग हम राज्य सरकार बहुत जल्द पूरा कराने का प्रयास करेंगे। मौके पर चलकुशा मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि दीपक चौधरी, युवा नेता कुमार रवि, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष दशरथ यादव, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि सह वर्त्तमान मुखिया प्रतिनिधि मनैया केदार यादव, सलैयडीह मुखिया सुखदेव यादव इत्यादी लोग उपस्थित थे।

## धरमपुर में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम सम्पन्न

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार के तहत शनिवार को धरमपुर शिव मंदिर परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। इसमें जेएसएलपीएस फूलो झानो आशीर्वाद योजना के तहत 20 हजार रुपये का ऋण, मनरेगा के तहत 4 लोगों को जॉब कार्ड, एक व्यक्ति को केसीसी, पीडीएस के तहत 2 लोगों को धोती साडी, 15 जरूरतमंदों को कंबल, 8 लोगों का राशनकार्ड निर्गत किया गया। शिविर में 1 दिव्यांग और 4 वृद्धजनों का पेंशन योजना का लाभ दिया गया। समाज कल्याण की ओर से सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 20 छात्राओं के बीच स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। शिविर में चलने में असमर्थ मगन गोप मंडपा से धरमपुर बैशाखी के सहारे पीठ के ईलाज में सहयोग के लिए पहुंचे थे। जिन्हें मदद करने का आश्वासन दिया गया। मौके पर मुख्य रूप से प्रमुख संतोष मंडल, बीडीओ सह सीओ शाईनी तिग्गा, बीस सूत्री अध्यक्ष रवि सिंह, मुखिया कांति देवी, सुरेश यादव, पंसस राजेश कुमार यादव, योधी प्रसाद यादव, कैलाशपति सिंह, सुरेंद्र प्रसाद यादव, बीईईओ रामेश्वर दांगी, शिवशंकर पांडेय, लालमोहन महतो, अशोक यादव, प्रद्युम्न साव, राजकुमार सिन्हा, सिकंदर साव, दिलीप राम, तिलकी देवी, कंचन देवी, रिंकी देवी, लोकनाथ गोप आदि उपस्थित थे।

## विभिन्न होटलों में हुई खाद्य पदार्थों की जांच



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त नैनी सहाय एवं सदर अनुमण्डल पदाधिकारी विद्याभूषण कुमार के निदेशानुसार खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी ने अपने टीम के साथ मिलकर दिपावली को लेकर हजारीबाग के प्रमुख होटलों तथा रेस्टोरेंट में जांच करते हुए खाद्य संबंधी से सम्बंधित आवश्यक निदेश दिये। इस मौके पर उन्होंने आधा दर्जन होटलों की जांच की। जिसमें मुख्य रूप से पीहू जूस शॉप एंड समोसा कर्नर (मटवारी), प्रधान जी जुलाब जामुन वाले (मटवारी), स्वाद रेस्टोरेंट (मटवारी), शीतल रेस्टोरेंट (नया बस स्टैंड परिसर) आदि प्रमुख रूप से शामिल रहें। मौके पर जांच दल ने मिठाईयों तथा पनीर की जांच के लिए बाहर भेजा गया। कुछ दुकानों में खाद्य सामग्री में मिलावटी रंग तथा अन्य मिलावट पाये गये तथा ऑयल फाईन मशीन से प्रयोग किये गये तेल की शुद्धता से संबंधित भी जांच की गई। मौके पर खाद्य पदाधिकारी ने दुकानों के मालिकों को जागरूक करते हुए कहा कि खाद्य पदार्थों में मिलावटी रंग के बजाय फूड कलर का प्रयोग करे तथा पैंकिंग वाले मिठाईयों एवं नमकिन के डिब्बों पर निर्माण एवं प्रयोग की समाप्ति तिथि अनिवार्य रूप से अंकित करें। यदि दोबारा गड़बड़ी पाई जाती है तो उसपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने फूड लाईसेंस की भी जांच की तथा समय-समय पर फूड लाईसेंस नवीनीकरण करने का भी निदेश दिया। इस मौके पर एसएमपीओ मोनिका भारती एवं इस खाद्य विभाग कर्मी की उपस्थिति रही।

## बड़कागांव में आरके इंफोटेक टेक्निकल मॉल का उद्घाटन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड में हजारीबाग रोड स्थित न्यू किसान नर्सिंग होम के समीप आरके इन्फोटेक का भव्य टेक्निकल मॉल का उद्घाटन धनतेरस की दिन 22 किया गया ।फीता काटकर आरके इन्फोटेक टेक्निकल मॉल के प्रबंधक रंजीत कुमार के पिता लक्ष्मण महतो ने उद्घाटन कि मुख्य अतिथि श्री महतो ने कहा कि बड़कागांव केरेडारी एवं टंडवा क्षेत्र के लिए यह टेक्निकल मॉल महत्वपूर्ण साबित होगा। क्षेत्र के लोगों को विभिन्न तरह के सामग्रियों का लाभ होगा ।रंजीत कुमार ने कहा कि मॉल में ग्राहकों को स्क्रैच कार्ड का भी लाभ मिलेगा। आवश्यक सामग्रियों में छूट के अलावा 22 अक्टूबर से लेकर 31 अक्टूबर तक सामानों में खरीदारी पर सभी खरीदारों को डिजिटल स्क्रैच कूपन के तहत एक निश्चित उपहार दिया जाएगा। रूपा कुमारी ने बताया कि यहां सभी प्रकार के मोबाइल लैपटॉप भी उपलब्ध है। यहां आईफोन, सैमसंग, एलजी, वनप्लस, मोटरोला, ओप्पो , वीवो, जी वनी, नोकिया, एम आई, लेनेवो समेत अन्य कंपनी के मोबाइल की बिक्री की जाएगी। इसके अलावा फ्रिज, वाशिंग मशीन उपलब्ध है. उद्घाटन समारोह को सफल बनाने में प्रो रंजीत कुमार, रूपा कुमारी, आर्य कर्ण फाउंडेशन के अध्यक्ष सरोज सोनी, विनोद कुमार सिन्हा, पवन कुमार, तुलसी कुमार राणा, अनिता कुमारी, उमा कुमारी, मनीता कुमारी, प्रिया कुमारी, निधि कुमारी, नेहा कुमारी, कविता कुमारी, पुष्पा कुमारी, प्रियांशी कुमारी समेत अन्य मुख्य भूमिका निभा रहे हैं।

# प्रखंड कार्यालय के चक्कर से बचाने के लिए सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का है मुख्य उद्देश्य : अंबा प्रसाद



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** वृद्ध, असहाय, गरीब लोगों को प्रखंड कार्यालय के चक्कर से बचाने के लिए हमारी सरकार इस प्रकार का आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम चला रही है, ताकि लोगों को अपने पंचायत में ही सारी समस्याओं का समाधान हो सके। उक्त बातें विधायक अंबा प्रसाद ने बड़कागांव प्रखंड के महुगाई कला पंचायत सचिवालय के प्रांगण में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शिविर का संबोधित करते हुए कहीं। इससे पहले मुखिया बेबी कुमारी की अध्यक्षता में विधायक अंबा प्रसाद, जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, प्रमुख फुलवा देवी, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे, पंचायत समिति सदस्य सुनीता देवी, राखी कुमारी इत्यादि लोगों द्वारा संयुक्त रुप से शिविर का उद्घाटन फीता काट व दीप प्रज्वलित कर किया गया। विधायक अंबा ने आगे कहा कि शिविर में ही अधिकांश मामले का निष्पादन करना सरकार की मुख्य उद्देश है। जिनका भी उम्र 60 साल हो रहा है तुरंत उसका वृद्धा पेंशन की स्वीकृति हमारी सरकार कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि बीजेपी की सरकार झारखंड में सबसे अधिक शासन की और वह सिर्फ आंख मूंदकर जल, जंगल, जमीन को बेचकर कंपनी को बचाने के लिए काम करती रही। राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी विकास योजनाओं को ग्रामीणों के बीच विस्तार पूर्वक रखते हुए लाभ लेने की अपील की। विधायक द्वारा शिविर में पंचायत के दो प्रमुख सड़क हरली हाई स्कूल से महुगाईकला जर्जर सड़क एवं अंबाजीत कोनी से हाहे तक जर्जर सड़क निर्माण की स्वीकृति मिल जाने की घोषणा की गई। वही ग्रामीणों ने महुगाई कला से ऊपर पहाड़ रजहर तक सड़क निर्माण का मांगे रखी गई। शिविर में 15 महिला समूह के लिए 90 लाख का चेक एवं कई अन्य स्वीकृत की गई लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का भी वितरण जनप्रतिनिधियों के हाथों की गई। साथ ही साथ 26 सर्वजन पेंशन, 99 राशन कार्ड, 243 प्रधानमंत्री आवास, 90 पशु शेड 80 सहित कुल 1006 लाभुक द्वारा आवेदन शिविर में प्राप्त हुआ जिसमें 19 सर्वजन पेंशन की स्वीकृति, 80 चिकित्सा जांच, 61 कंबल वितरण सहित 411 आवेदन का निष्पादन किया गया, जबकि 595 मामले लंबित रखा गया। कार्यक्रम में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, मुखिया बासुदेव यादव, हेमंत भुइयां उप मुखिया सुबोध सिंह, पूर्व मुखिया बीगल चौधरी, पूर्व पंचायत समिति अशोक सिंह, राम किशोर शुक्ला, वार्ड सदस्य बसंत सिंह, यमुना साव, छात्रधारी कुमार, मोहम्मद खालिद, श्याम भार्गव, कृष्ण भार्गव, संजय दास, शमशेर अंसारी, रोहित कुमार, मोहन साव, चुरामन गोप, कृष्ण शुक्ला, पंचायत सचिव दीनानाथ, रोजगार सेवक आजाद चंद्रशेखर मौर्य सहित संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे ।

## यूनिवर्सल प्रौटिस्ट स्टूडेंट्स फेडरेशन ने ड़ेंगूरा बिरहोर टोला में मनाया दीपावली



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** यूनिवर्सल प्रौटिस्ट स्टूडेंट्स फेडरेशन के द्वारा ड़ेंगूरा बेरहोर टोला, कुंडिलबागी, हजारीबाग में अनोखी पहल के साथ बिरहोर परिवार के बीच दीपावली के उपलक्ष्य में मिठाई, कम्बल, बिस्कुट समेत अन्य खाद्य सामग्री वितरण किया गया। साथ ही दिया जलाकर उनके घरों को रौशन किया गया, फिर पौधा रोपण किया गया। यह संगठन प्रभात रंजन सरकार के द्वारा प्रतिपादित प्रउत( प्रगतिशील उपयोगी तत्व) दर्शन पर आधारित है। कहते है ना जब भी समाज मे परिवर्तन आया है इसमें छात्र समाज का बहुत ही बड़ा योगदान रहा है। यह चरित्रवान एव नैतिकवान छात्रों का एक मात्र संगठन है जो एक ओर बताता है कि किस तरह प्रउत दर्शन के माध्यम से विश्व के तमाम समस्याओं का समाधान किया जा सकता है और दूसरी ओर कैसे एक नैतिकवान और दूसरी ओर चरित्रवान छात्रों को संगठित कर समाज को एक नेतृत्व दिया जा सकता है। जैसे कि आपको ज्ञात हो संगठन के छात्र अपना बहुमलय समय निकाल कर इसी स्थान पर बेरहोर बच्चों को पढ़ाते है और उनमें परिवर्तन लाने में अपना सार्थक प्रयास कर रहे है, जिससे वो भी समाज के मुख्य धारा से जुड़ सके। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में तृप्ति, प्रीति, दिव्या, शिवानी, पूजा, मिकी, पिक्कू, जॉय, जगदेव, सागर, रोहित, अनमोल, पप्पू, नवीन, आकाश, भीष्म, मुखिया राजू यादव, खापरियावा के मुखिया राजेश गुप्ता, उप प्रमुख विमल गुप्ता भी उपस्थित थे।

## धनतेरस के शुभ अवसर पर जमकर हुई खरीदारी बाजार में दिखा उत्साह



**चरही (आजाद सिपाही)।** जिले के हर कोने कोने में जुटी हुए लोग धनतेरस के खरीदारी करने में जुटे इसी क्रम हजारीबाग जिला का चुरचू व चरही कोयलांचल बरगहियां क्षेत्र धनतेरस पर विशेष मुहूर्त को देखते हुए। लोगों अपने घरों से निकल कर अपने जरूरत मंदो सामानों की खरीदारी किया। जिसके कारण बाजार में जबरदस्त गुलजार दिखा। धनतेरस की खरीददारी लाखों रुपए पार होने की संभावना हो गई। मैं आपको बताते दे कि कार्तिक मास के कृष्णपक्ष की त्रयोदशी को धनतेरस मनाई जाती है। इस बार धनतेरस आज 22 और 23 अक्टूबर , शनिवार और रविवार को है ।आज ही यम का दीपक भी जलाया जाएगा। 24 अक्टूबर 2022 सोमवार को दीपावली मनाया जाएगा। इस दिन आयुर्वेद के जन्मदाता भगवान धन्वंतरी की विधिवत पूजा की जाती है। इस दिन दान करने से सौभाग्य की प्राप्ति होती है। आगे बतातें हैं कि धनतेरस पर बर्तन, सोना-चांदी या धन-संपत्ति खरीदने की परंपरा काफी सदियों पुरानी है। धनतेरस पर मां लक्ष्मी, कुबेर और धन्वंतरि जी की एक साथ पूजा की जाती है जिससे धन-संपदा और सुख समृद्धि बनी रहता है। जिस तरह धन तेरस पर चीजें खरीदने से घर में समृद्धि आती है, ठीक उसी तरह धनतेरस के दिन दान देने की भी परंपरा है। धनतेरस पर जरूरतमंदों को दान देने से लक्ष्मी जी प्रसन्न होती हैं और पूरे साल खूब धन-दौलत देती हैं। दान करने से हमें अक्षय पुण्य प्राप्त होता है और दान करने से हमारे द्वारा किये गए पाप कर्मो से आजादी मिल जाती है। शास्त्रों में दान को बहुत अधिक महत्व बताया गया है। जो दान बिना स्वार्थ के गुप्त रूप से किया जाता है वह बहुत ही पुण्यकारी माना जाता है। इससे व्यक्ति को पापकर्मों का नाश होता है और पुण्य कर्मों में बढ़ोत्तरी होती है। दान करते समय भी कुछ बातों को ध्यान में रखना आवश्यक होता है। यदि आप भी धनवान होना चाहते हैं तो धनतेरस इन कुछ चीजों का दान जरूर करें।

## दीपावली के अवसर पर सी एम आदर्श उच्च विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता



**इचाक (आजाद सिपाही)।** दीपो का त्योहार दीपावली के अवसर पर सीएम आदर्श उच्च विद्यालय इचाक में रंगोली प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे कक्षा फोर्थ से दशम वर्ग के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। जिसमे कक्षा दशम आ के छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किये। अष्टम वर्ग के छात्रों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किए। तृतीय स्थानों में क्लास सप्तम नवम आ नवम बा चतुर्थ स्थान में दशम बा एवम छठा वर्ग के छात्र प्राप्त किए। जिसमें रानी कुमारी, प्रिया कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, करण कुमार, प्रेम कुमार, पायल कुमारी, कुमकुम कुमारी, निशा कुमारी, स्वीटी कुमारी, दिव्या कुमारी, मुस्कान कुमारी आदि छात्र छात्राओं का विशेष योगदान रहा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक जीवन कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी विद्यार्थी शांति पूर्वक दीपावली का पर्व मनाए। पटाखे का प्रयोग ना करें। इससे पर्यावरण प्रदूषण फैलता है। प्रो मनोज कुमार ने कहा घर में मिट्टी के दिए जलाए और बड़ो का सम्मान करें। विद्यालय के सचिव मनीष कुमार ने कहा कि ज्यादा ध्वनि वाले फटाके का इस्तेमाल नही करे। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक ओंकार मेहता, प्रो मुन्ना पांडे, कुमारी अंजली, राजेश प्रसाद, युगेश कुमार, बैजनाथ प्रसाद मेहता, सुलेखा कुमारी, धर्मेंद्र कुमार दास, संगीता कुमारी, सतेंद्र राणा, सुरेंद्र शर्मा, वासुदेव पाण्डे, खुर्शीद आलम, शेखर कुमार आदि का विशेष योगदान रहा।

## स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में दीपावली रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



**दारू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत झुमरा स्थित स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल मे शनिवार को दीपावली रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य नंदकिशोर सिंह ने बताया कि रंगोली का अपना एक महत्व है,रंगोली बनाने से व्यक्ति के अंदर पॉजिटिव एनर्जी अधिक उत्पन्न होती है, जिससे वह तनाव मुक्त हो जाता है। साथ ही उन्होंने बताया कि हमारे विद्यालय की कक्षा एक से कक्षा दस के विद्यार्थियों ने इस रंगोली प्रतियोगिता में भाग लिया। रंगोली कार्यक्रम शिक्षकों की देखरेख में कराया जा रहा है। अलग-अलग ग्रुप बनाकर बच्चो ने रंगोली बनाया। भिन्न-भिन्न ग्रुपों को अलग-अलग नाम दिया गया था। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चे काजल, शिवानी, परी, सारिका, अंकित, शालू, कोमल, कल्पना, रुचि, कुमकुम, अंजलि, स्मृति, स्वीटी इत्यादि थे जिसमे से प्रथम पुरस्कार शिवानी ग्रुप, द्वितीय पुरस्कार अंजलि सोनम ग्रुप, तृतीय पुरस्कार सारिका ग्रुप को मिला। मौके पर प्राचार्य नंदकिशोर सिंह, शिक्षक सुशील, मुकेश, विकास, रोहित, अमरनाथ, दीपक, सूरज, शुभम, अनिल, अर्चना, नाजिया, रीना, संजू, संजय एवम विद्यालय के तमाम बच्चे मौजूद थे।

## स्वच्छ भारत मिशन के तहत जागरूकता रैली सह सफाई अभियान का आयोजन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय हजारीबाग, क्षेत्रीय कार्यालय रांची के तत्वावधान में भारत सरकार के निदेर्शानुसार स्वच्छ भारत मिशन के तहत विशेष अभियान 2.0 का जागरूकता रैली सह सफाई अभियान का आयोजन किया गया। जागरूकता रैली स्थानीय उप क्षेत्रीय कार्यालय हजारीबाग से सुबह 8 बजे प्रारंभ होकर डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक होते हुए पटेल चौक पहुंचा। पटेल चौक में लगी सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा व आस-पास भी सफाई किया गया। रैली में उपस्थित कार्यालय के सभी अधिकारी व कर्मी खुद अपने हाथों से सफाई करते हुए आगे बढ़ रहे थे, साथ ही नारे के माध्यम से लोगों को जागरूक रहे थे सभी के हाथों में स्वच्छता से संबंधित नारे लिखे हुए थे। जैसे- नया सवेरा लाएंगे पूरे, भारत को स्वच्छ बनाएंगे। हम सबका एक ही नारा, साफ सुथरा हो देश हमारा। यह विशेष अभियान गांधी जयंती के शुभ अवसर पर दिनांक 2 अक्टूबर को शुरू हुआ है जो 31 अक्टूबर राष्ट्रीय एकता दिवस के दिन समाप्त होगा। इस अभियान के माध्यम से देशवासियों को यह संदेश दिया गया कि आप भी अपने घर को साफ रखें और आस-पास को साफ रखने के लिए दूसरों को भी प्रेरित करें। कार्यक्रम का नेतृत्व राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय हजारीबाग के प्रभारी स्वयं सूरज कुमार कर रहे थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में वरीय सांख्यिकी अधिकारी जयदेव कुमार, कनीय सांख्यिकी अधिकारी नेमीचंद कुमार, तेजलाल साव, आशीष कुमार कंधवे, जानकी नाथ मिश्र, सतीश गुप्ता, सर्वेक्षण प्रगणक पुष्प राज, रंजीत कुमार गुप्ता, सौरभ कुमार दिवाकर राज, मिथिलेश मोदी, कुंदन कुमार साव, प्रशांत कुमार, आदेशपाल जय प्रकाश पासवान, एनसीसी के इरफान सर आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## दीपावली अज्ञानता से ज्ञान की ज्योति को प्रज्वलित करने का पर्व है : विनोद कुमार



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में कन्या भारती एवं शिशु-बाल-किशोर भारती द्वारा दीपावली उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसके पूर्व वंदना सभा में आज अतिथि के रूप में प्राथमिक विद्यालय आसनसोल से सेवानिवृत्त शिक्षक परमेश्वर चौधरी तथा स्वास्थ्य विभाग पटना में सेवारत महेंद्र चौधरी द्वारा दीप प्रज्वलन एवं बच्चों का मार्गदर्शन किया गया। विद्यालय की बहनों के लिए रंगोली , वन्दनवार निर्माण, दीप सज्जा प्रतिययोगिता संपन्न हुई तथा शिशु वाटिका के भैया- बहनों ने मिट्टी से दीये, गणेश -मूर्ति, खिलौने एवं विभिन्न सुंदर आकृति का निर्माण कर सबको मुग्ध किया। निर्णायक समिति द्वारा सभी कक्षाओं की सज्जा का मूल्यांकन किया गया। परिणाम की घोषणा बाद में की जाएगी।आज प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष सह परियोजना पदाधिकारी विनोद कुमार उपस्थित होकर भैया -बहनों,अभिभावकों शिक्षकों -कर्मचारियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामना देते हुए अज्ञानता रूपी तम को दूरकर ज्ञान की ज्योति प्रज्वलित करने का संदेश दिया एवं बच्चों की क्लत्मकता एवं रचनात्मकता की प्रशंसा करते हुए शिक्षकों से उसमें बेहतर निखार लाने का आह्वान किया। विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद ने दीपावली एवं छठ पर्व की शुभकामना देते हुए कहा कि पर्व हमें आपसी भाईचारे का संदेश देते हैं ,इसे हम मिलकर मनाएँ तथा समाज एवं राष्ट्र की एकता को मजबूत आधार प्रदान करें।कार्यक्रम को सफल बनाने में कन्या भारती के प्रमुख शुक्ला चौधरी, गायत्री कुमारी, ललिता गिरी, पूनम सिंह, रेखा कुमारी,ज्योति राजहंस, मिथिलेश कुमार खन्ना, शशिकांत, अमरदीपनाथ शाहदेव,मनीष कुमार सिंह आदि की प्रमुख भूमिका रही।

## नॉर्थ कर्णपुरा एनटीपीसी देश को दिया दीपावली की तोहफा



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपुरा की 660 मेगा वॉट की पहली यूनिट शुक्रवार को ग्रिड के साथ सिंक्रोनाइज कर दिया गया है। ए.के. गोस्वामी क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र की उपस्तिथि में नॉर्थ कर्णपुरा के मुख्य महाप्रबंधक तजिंदर गुप्ता के नेतृत्व में टीम नॉर्थ कर्णपुरा ने यह उपलब्धि शुक्रवार संध्या 7:05 बजे हासिल किया।देश में पहेली बार इस यूनिट में एसीसी शीतलन प्रणाली का प्रयोग किया गया है। जिससे प्रारंभिक विद्युत उत्पादन केंद्रों के मुकाबले जल की आवश्यकता लगभग 80% काम हो हो जाती है।इस अवसर पर टंडवा के मानस पटल पर खुशियो की बौछार हो रही है।चौतरफा लोगो की जुबाँ में चर्चा बन गया की टंडवा में छः मार्च 1999ई.को पूर्व प्रधान मंत्री श्रद्धेय अटल विहारी बाजपेयी ने नॉर्थ कर्णपुरा एनटीपीसी की नींव रखी थी।आज पूर्व पीएम श्रद्धेय अटल जी की सपने साकार हो गयी।नॉर्थ कर्णपुरा एनटीपीसी को पहली इकाई की बिजली उत्पादन में 22 वर्ष लग गयी।कई व्यवधानों के बाद भी एनटीपीसी के कर्मठ वरीय पूर्व प्रबंधको एव वर्तमान अधिकारियो की कार्य कुशलता का रंग पूरे देश को यह परियोजना दीपावली की तोहफा देकर समर्पित किया है। इसमें सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, बीजेपी नेता सह राहम पूर्व मुखिया अक्षयवट पाण्डेय,सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पाण्डेय,विश्व हिन्दू परिषद प्रखण्ड अध्यक्ष तारकेश्वर गुप्ता,समेत कई का नाम शामिल है।

## जुआरी व हुड़दंगी रहे सावधान, पकड़े जाने पर कड़ी कारवाई : विनय कुमार



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** अगामी त्योहार दीपावली व छठ को लेकर बरकाकाना ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी।बैठक की अध्यक्षता बरकाकाना ओपी प्रभारी विनय कुमार व संचालन सब इंस्पेक्टर सफिउल्लाह अंसारी ने किया।बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों व स्थानीय लोगों ने त्योहारों के दौरान उत्पन्न समस्याओं को साझा किया।ओपी प्रभारी श्री कुमार ने कहा दीपावली से छठ पर्व तक जुआ पर प्रतिबंध रहेगा साथ ही त्योहारों के दौरान विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न करने वालों के खिलाफ शख्ती से निपटेगी बरकाकाना पुलिस।उन्होंने बताया यातयात नियमानुसार बड़े वाहनों की स्पीड जांच की जायगी एवम नियमो का पालन नही करने वाले वाहन चालकों पर विधि संवत कार्रवाई की जायेगी।मौके पर पर वार्ड पार्षद प्रदीप शर्मा, विनोद तिवारी,गीता देवी, पूर्व मुखिया रमण बेदीया,राजद नेता रमेश प्रसाद यादव,सांसद प्रतिनिधि रेलवे संजय लाला, आजसू नेता हरिरत्नम साहू, आदिवासी छात्र संघ के जिला प्रवक्ता पंचदेव करमाली,कांग्रेस जिला महासचिव रामा ठाकुर, अब्दुल बारीक,रिपब्लिक पार्टी ऑफ इंडिया के रामगढ जिला अध्यक्ष गोविंद बेदीया,जगनारायण सिंह,हाजी खलील, मोइन खान, टिकेंद्र बेदीया सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## ओपी जिंदल स्कूल में दीपावली पर हुई कई प्रतियोगिताएं



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** जेएसपीएल कैंपस स्थित ओपी जिंदल स्कूल, पतरातू में दीपावली के अवसर पर एलकेजी से द्वादश तक के विद्यार्थियों के बीच अंतर-सदनीय विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसमें कार्ड निर्माण (एलकेजी से तृतीय), दीया डेकोरेशन (चतुर्थ से नवम), डिस्प्ले बोर्ड डेकोरेशन (अष्टम से द्वादश) तथा रंगोली निर्माण (दशम से द्वादश) प्रतियोगिताएं हुईं। प्रतियोगिता के रंगोली निर्माण में रामानुजन सदन प्रथम, रमन सदन द्वितीय, व नेहरू एवं टैगोर सदन संयुक्त रूप तृतीय स्थान पर रहा। डिस्पले बोर्ड डेकोरेशन में प्रथम नेहरू सदन, द्वितीय टैगोर सदन और तृतीय रमन सदन रहा। जबकि दीया डेकोरेशन में प्रथम रमन सदन, द्वितीय टैगोर सदन और तृतीय स्थान नेहरू सदन ने पाया। निर्णायक मंडल के मुख्य निर्णायक हेमा सिन्हा अध्यक्षा जिंदल महिला क्लब, प्रसून कुमार डे उप प्राचार्य, संतोष चैधरी उप प्राचार्या ने बच्चों के कार्यों का मूल्यांकन करते हुए उनकी मेहनत एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर विद्यालय के नवनियुक्त प्राचार्य गुरुदत्त पांडेय ने मुख्य निर्णायक हेमा सिन्हा का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु संभावित सभी प्रकार की प्रविधियों के उपयोग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## मन के भीतर के अंधेरे को मिटाना ही दीपावली : संतोष अग्रवाल



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** सद्गुरू सदाफलदेव विहंगम योग संत समाज के तत्वावधान में रामगढ़ जिले में सत्संग का आयोजन किया गया। विहंगम योग संस्थान के युवा प्रचारक एवं कुशल योग प्रशिक्षक संतोष अग्रवाल ने कहा कि दीपावली मन के भीतर के अंधेरे को दूर करने का संदेश देता है। दीपावली पर हम केवल अपने घर आंगन की सफाई ने करें बल्कि भीतर के कुडा-करकट, ईर्ष्या, द्वेष को भी उखाड़ फेंके। उन्होंने कहा कि केवल वाह्य रूप से स्वच्छता नहीं अपितु हमारे भीतर के स्वच्छता का भी हमें ध्यान रखना होगा। हमें अपने घर-आंगन में दीप तो जलाना ही चाहिए, लेकिन भीतर के अंधेरे को भी दूर करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दीपावली झूठ, कपट, अभिमान, ईर्ष्या, द्वेष को मिटाकर त्याग, परोपकार, सामाजिक सरोकर रूपी ज्योति अर्न्तमन में जलाने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि इस बार हम कुछ दीया और मिठाईयों गरीब-जरूरतमंद व असहायों तक पहुंचाएं ताकि वे भी दीपावली का त्योहार हर्षोउल्लास से मना सकें।

## टंडवा में सरकार आपके द्वार शिविर आयोजित

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड के टंडवा पंचायत में शनिवार को आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का बीडीओ रंथू महतो,सीओ विजय कु दास,मध्य जिप सदस्य सह बीस सुत्री अध्यक्ष सुभाष यादव,दक्षिणी जिप सदस्य नेहा उरांव ,मुखिया सुनीता देवी,डीएसएस नेता संतोष नायक ने संयुक्त रूप से विधिवत दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर पंचायत के अलावे आसपास के ग्रामीण,जनता बुद्धिजीवी,समाजसेवी,गरीब असहाय सरकार द्वारा लगाया गये शिविर में सभी प्रकार की विभागीय स्टॉल में अपनी समस्या का दस्तावेज देकर त्वरित निष्पादन कराया।इस मौके पर जानकारी देते हुये बीडीओ रंथु महतो ने बताया कि विभिन्न विभागों से आये कुल 641 मामलों में 633 मामले त्वरित निष्पादित किया गया।शेष बचे 8 आवेदनों को ब्लॉक में जांचोपरांत समाधान करने बात कहि,उन्होंने बताया कि सरकार के कार्यक्रम में सबसे अधिक राशन कार्ड में नाम दर्ज एव वृद्ध एव विधवा पेंशन,प्रधान मंत्री आवस योजना,स्वास्थ्य एव पोषण के अलावे अन्य विभागों का आवेदन आये।

### दीपावली और छठ पर्व को लेकर डीसी ने की बैठक, दिये कई निर्देश

# अवैध पटाखों के भंडारण और बिक्री के विरुद्ध करें कार्रवाई : डीसी



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** आगामी दीपावली और छठ पर्व को लेकर शनिवार को डीसी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान बैठक में डीसी और एसपी पीयूष पांडे ने त्योहारों के शांतिपूर्ण व सफल आयोजन को लेकर की जा रही तैयारियों की जानकारी अधिकारियों से ली।

**सुरक्षा दृष्टिकोण से अधिकारियों को निर्देश**

सुरक्षा दृष्टिकोण से डीसी ने सभी अधिकारियों को उनके उनके क्षेत्रों में आयोजित होने वाले छठ पर्व के दौरान घाटों पर बैलून आदि के माध्यम से जल स्त्रोतों में बैरिकेडिंग करने, भीड़ भाड़ नियंत्रित करने के संबंध में किए जाने वाले कार्यो की जानकारी दी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी छठ पूजा समितियों को घाटों पर पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम लगाते हुए समय-समय पर श्रद्धालुओं को आवश्यक जानकारियां देने के लिए जानकारी देने का निर्देश दिया।

**त्योहारों को लेकर सघन रूप से जांच अभियान चलाने का निर्देश**

त्योहारों के दौरान मिलावटी खाद्य पदार्थों, मिठाइयों आदि से आम जनों को बचाने के मद्देनजर डीसी ने जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के साथ-साथ सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच करने एवं कहीं भी मिलावटी खोवा सहित अन्य खाद्य पदार्थ मिलने, नियमानुसार प्रतिष्ठानों का संचालन नहीं करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

**छावनी और नगर परिषद द्वारा किये जा रहे कार्यों की ली जानकारी**

आगामी छठ पर्व के मद्देनजर डीसी और एसपी के द्वारा छावनी परिषद, नगर परिषद आदि के द्वारा घाटों की सफाई के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली गई। वही, डीसी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में छठ पूजा समितियों के साथ बैठक करने एवं उन्हें सुरक्षा दृष्टिकोण एवं शांतिपूर्ण तरीके से पर आयोजित करने के लिए महत्वपूर्ण जानकारियां देने का निर्देश दिया।

**घाटों में मेडिकल इमरजेंसी की पर्याप्त सुविधा रखने का निर्देश**

बैठक के दौरान डीसी ने जिला मत्स्य कार्यालय के अधिकारियों से जिले में उपलब्ध गोताखोरों की जानकारी ली एवं आवश्यकता अनुसार घाटों पर उनकी प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया। साथ ही डीसी ने घाटों पर किसी प्रकार की मेडिकल इमरजेंसी के मद्देनजर पर्याप्त संख्या में एंबुलेंस उपलब्ध रखने का निर्देश दिया।

# दीपावली पर स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच विविध प्रतियोगिता का आयोजन



**चतरा (आजाद सिपाही)।** सिमरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित श्री रामकृष्ण परमहंस सेंट्रल स्कूल में शनिवार को दीपावली पर्व के अवसर पर विविध प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी, एलकेजी से लेकर दशम वर्ग के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान छात्र छात्राओं ने एक से बढ़कर एक रंगोली, क्ले लैंप डेकोरेशन बनाने के साथ साथ भाषण प्रस्तुत कर उपस्थित निर्णायक व शिक्षकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सह निर्णायक के रूप में धर्मेंद्र पाठक उपस्थित थे। जिन्होंने रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा आठवीं के छात्रों को प्रथम पुरस्कार, दसवीं कक्षा के छात्रों को द्वितीय पुरस्कार और छठी कक्षा के छात्रों को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया। साथ ही साथ उन्होंने क्ले लैंप डेकोरेशन के लिए दसवीं वर्ग के छात्रों को सम्मानित किया और सर्वश्रेष्ठ भाषण के लिए कक्षा आठ से चित्रा सुरभि को सम्मानित किया गया। अंत में मुख्य अतिथि ने विद्यालय के द्वारा किए गए आयोजन की काफी प्रशंसा की। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के निदेशक प्रवीण प्रकाश सिंह, प्राचार्य मुसाफिर सिंह, उप प्राचार्य दीपक मिश्रा, शिक्षिका बेबी प्रकाश सिंह, अंजना कुमारी, वेरोनिका एक्का, एलिश सांगा, शीतल तिर्की, शिक्षक सुजेश कुमार, अमित कुमार, सूरज कुमार, लवकुश ठाकुर, पवन पांडे, संजय कुमार और विजय टुडू ने अहम भूमिका निभाई।

## रंगोली प्रतियोगिता में प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने की झलक दिखी

**गोला (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के बाम्हन टोला जाहनवी विद्या मंदिर आवासीय विद्यालय में शनिवार को विधलाय के छात्रों के बीच फैंसी ड्रेस एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे 30 बच्चों ने भाग लिया । प्रतियोगिता में अनिशा गुप्ता, अमित कुमार, शौर्य बक्सी, विशाल बक्सी एवं सर्वेश कुमार ने बढ़ - चढ़ कर हिस्सा लिया। मौके पर विद्यालय के सचिव पूनम सिन्हा, प्राचार्य राजेंद्र प्रसाद महतो एवं शिक्षकगण सुब्रत दे, सुलेखा कुमारी, अजय पोद्दार एवं गोपाल राम रविदास मौजूद थे। इधर पुरबडीह में स्थित सिद्धार्थ इंटरनेशनल एकेडमी में दिवाली के अवसर पर बच्चों ने कई गतिविधियां की आकर्षक रंगोली, दीया सजाना, कार्ड बनाना आदि प्रतियोगिता में भाग लिया ।

## सौंदा डी पंचायत में लगा सरकार आपके द्वार शिविर

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार के तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर शनिवार को सौंदा डी पंचायत भवन में आपकी योजना आपकी सरकार-आपके द्वार के तहत विशेष शिविर लगाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय मुखिया उपेंद्र शर्मा व पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि डब्लू पांडेय ने किया। शिविर का उद्घाटन पतरातू बीडीओ हलदर कुमार सेठी, झामुमो नेता मुकेश राउत, भाजपा के सांसद प्रतिनिधि सुखदेव प्रसाद व युवा कांग्रेस के बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष जयंत तुरी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर में विभिन्न समस्याओं से संबंधित ग्रामीणों द्वारा दर्जनो आवेदन सौंपा गया। वहीं कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया। साथ ही कोरोना से बचाव को ले दर्जनों लोगों का स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा वैक्सीनेशन भी किया गया।

# पतरातू रेलवे ओवरब्रिज निर्माण की स्वीकृति अंतिम चरण में : अंबा प्रसाद



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा विधानसभा सत्र के दौरान रामगढ़ जिला अंतर्गत पतरातू मैं रेलवे ओवरब्रिज निर्माण कराने को लेकर आवाज उठाने एवं समय-समय पर केंद्र से लेकर राज्य स्तरीय एवं रेलवे के अधिकारियों से मुलाकात करना, अनेकों बार पत्राचार करने के पश्चात पतरातू रेलवे स्टेशन के समीप ओवरब्रिज निर्माण की स्वीकृति अंतिम चरण में चल रही है । ज्ञात हो कि विगत दिनों 09 अक्टूबर को विधायक अंबा प्रसाद ने ट्वीट कर कहा था कि एक-दो हफ्ते के भीतर कैबिनेट से ओवरब्रिज को पास करवाया जाएगो विधानसभा में विधायक द्वारा मामला उठाए जाने के पश्चात विभागीय मंत्री ने बताया था कि रेलवे ओवरब्रिज निर्माण हेत जीऐडी ड्राइंग नहीं बन पाया है इसीलिए ओवरब्रिज निर्माण का रास्ता प्रशस्त नहीं हो पा रहा है जिसको लेकर विधायक ने लगातार अधिकारियों से संपर्क किया कई बार पत्राचार किए और विगत दिनों विभाग में बैठकर मुख्य अभियंता केंद्रीय निरूपण संगठन पथ निर्माण विभाग झारखंड रांची से उप मुख्य अभियंता निर्माण पूर्व मध्य रेलवे को जनरल अरेंजमेंट ड्राइंग को स्वीकृति हेतु भेजा गया जिसके पश्चात रेलवे विभाग से समन्वय स्थापित कर तुरंत इसको प्रशासनिक स्वीकृति दिलवाने का काम किया और अब बहुत जल्द कैबिनेट से रेलवे ओवरब्रिज निर्माण की स्वीकृति हासिल होगी । इस संबंध में विधायक अंबा प्रसाद ने बताया कि मैंने इस संबंध में कई बार विधानसभा में मामला उठाया, पूर्व भी केंद्र से लेकर राज्य स्तरीय एवं रेलवे के अधिकारियों से भी वातालांप की, राज्य सरकार द्वारा रेलवे के को भेजी गई जनरल अरेंजमेंट ड्राइंग के प्रस्ताव को स्वीकृत कराने का कार्य किया है ।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मंत्री सत्यानंद भोक्ता हुए शामिल

# योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्तियों तक पहुंचाना प्राथमिकता : सत्यानंद भोक्ता



**चतरा (आजाद सिपाही)।** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के प्रथम चरण के अंतिम दिन शनिवार को जिले के चतरा प्रखण्ड के सिमा पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंत्री सत्यानंद भोक्ता, श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखण्ड सरकार, उपायुक्त अबु इमरान, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, एसडीओ मुमताज अंसारी शामिल होकर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बताते चले कि 12 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक प्रथम चरण एवं 01 नवम्बर से 14 नवम्बर 2022 तक द्वितीय चरण में भी जिले के विभिन्न प्रखण्डों अन्तर्गत पंचायतों में शिविर लगाकर आम लोगों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित करेगी। कार्यक्रम में मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार जन कल्याण के लिए गांव गांव पहुंच रही है। सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों को मिले इसलिए इस तरह का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। लोगों को मुख्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े, उन्हे हर जरूरत की सुविधाएं पंचायत सचिवालय में ही उपलब्ध हो यही सरकार का लक्ष्य है। ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों में रहने वाले योग्य लाभुकों को जिला मुख्यालय एवं प्रखण्ड मुख्यालय तक पहुंचने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। जिस कारण वे लोग योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते थे। सरकार ने शत प्रतिशत योग्य लाभुकों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से पंचायत स्तर पर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कर प्रत्येक योग्य लाभुकों को ऑन स्पॉट या जल्द से जल्द योजनाओं से लाभान्वित करने का कार्य कर रही है। संबोधन के पश्चात ग्रामीणों से प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड, सड़क, बिजली, पानी, पुल, पुलिया समेत अन्य समस्याओं से अवगत हुए। मौके पर कई समस्याओं का त्वरित निष्पादन करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया। माननीय मंत्री ने कार्यक्रम में कंबल वितरण, जॉब कार्ड, पेंशन, आवास स्वीकृति पत्र का भी वितरण किया। उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि 12 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक प्रथम चरण में जिले के सभी प्रखण्डों अन्तर्गत 76 पंचायतों में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में योग्य लाभुकों के प्राप्त आवेदनों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया जा रहा हैं। मौके पर उपायुक्त अबु इमरान, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मण्डल, अनुमण्डल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी गणेश रजक, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष विष्णु यादव समेत समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक - 753006 ( ओडिशा ), भारत
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK - 753 006, (ODISHA), INDIA
Ph.:0671-2367768-783, Fax:0671-2367663

**Advertisement No. 28/RA/SRF/2022-23**

Walk in Interviews are to be held on **02.11.2022**, for selection of **one (01) Research Associate (RA) and one (01) Senior Research Fellow (SRF)** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme **"Transformative Strategy for Controlling Rice Disease in Developing Countries" (EAP-366)**. The details regarding essential/desirable qualifications, age, amount of emoluments and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website- **https://icar-nrri.in**.

**Principal Investigator**

## कुजू की बेटी जूही ने जीता गोल्ड मेडल



**कुजू (आजाद सिपाही)।** न्यू कॉलोनी कुजू कोलियरी सह डीएवी भरेचनगर की छात्रा जूही कुमारी (10वीं) पिता गोवर्धन मिस्त्री ने डीएवी रजरप्पा खेल मैदान में आयोजित डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स 2022-23 में अपनी जोरदार उपस्थिति दर्ज की है। रजरप्पा खेल मैदान में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान कुश्ती प्रतियोगिता बालिका वर्ग में जूही कुमारी ने अपना दमखम दिखाते हुए पहला पुरस्कार प्राप्त कर एक गोल्ड मेडल हासिल की। इस उपलब्धि के लिए जूही कुमारी को कोयलांचल कुजू वासियों ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी है। इधर, विद्यालय परिवार ने जूही को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। जूही ने बताया कि इस उपलब्धि के लिए हमें कड़ी मेहनत करनी पड़ी। निश्चित ही यह उपलब्धि हमारी जिंदगी की पहली उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि खेल में कामयाबी के लिए लगाव अति आवश्यक है।

## पुर्व कृषि मंत्री का उरीमारी कांग्रेस कार्यालय में स्वागत



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के पतरातु से उरेज के कार्यक्रम में शामिल होने जाने के क्रम में शुक्रवार को उरीमारी स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन सह कांग्रेस कार्यालय में हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष राजू यादव के नेतृत्व में दर्जनों कांग्रेस कार्यकताओं ने बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के पुर्व विधायक सह पुर्व कृषि मंत्री योगेन्द्र साव का स्वागत बुके भेंट कर गर्मजोशी के साथ किया। तत्पश्चात श्रेत्र के वर्तमान विधायक अंबा प्रसाद उपस्थित हुई उन्हें भी बुके भेंट कर स्वागत किया गया। मौके पर विधायक ने ग्रामीणों एवं ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं का समाधान करने हेतु जल्द ही सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से डा जी आर भगत, सीताराम किस्कू, महादेव बेसरा, पुर्व विधायक प्रतिनिधि नरेश बेदिया, विनोद साव, भोला साव, रामदुलार साव, चरका करमाली,कानू मरांडी,टहल गोप, दिलीप प्रसाद,लालो महतो,अजय मिश्रा, रवि पवरिया, कंचन मांझी, महेश गंझू,सोमर उरावं, सहित दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## शांति निकेतन विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** शांति निकेतन विद्यालय बघरैया उरीमारी में शनिवार को विधालय के छात्र - छात्राओं के लिए वालीबॉल एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें वालीबॉल में ध्रुप कुमार एवं निर्भय कुमार ग्रुप विजेता बना। वही रंगोली कार्यक्रम में वर्ग दशम (बी) के छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मौके पर मुख्य रूप से राजेंद्र राम, रंजीत करमाली, पिंटू कुमार, बिनोद मांझी, सुशील कुमार, अर्चना कुमारी, पूनम सरोज किंडो, सूरज कुमार, संगीता कुमारी,सेवामुनी टुडू, सोनी कुमारी, पूनम भारती, विकास करमाली, रिंकू कुमारी, राजेंद्र प्रसाद, सबिता देवी,फुलमुनी देवी, सिकंदर बक्स अंसारी,भीम साव, ध्रुवा गंझू सहित शिक्षक शिक्षिकाएं एवं सैकड़ों बच्चे मौजूद थे।

## श्री गणनाथ पब्लिक स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** शहर के विकास नगर रोड स्थित श्री गणेश नाथ पब्लिक स्कूल में दीपावली पर्व को लेकर शनिवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतियोगिता में विद्यालय के बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। बच्चों ने श्री राम, सीता और लक्ष्मण के अलावा एक से बढ़कर एक रंगोली बनाकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने चार समूहों में हिस्सा लिया। जिसमें प्रथम स्थान गांधी हाउस, द्वितीय स्थान नेताजी हाउस, तृतीय स्थान नेहरू हाउस ने प्राप्त किया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य आर एस गोस्वामी ने कहा कि रंगोली हमारी संस्कृति विरासत है, इसे आगे बढ़ाना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य है इसलिए हमें बच्चों की शिक्षा की तरफ ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर शिक्षक नवल किशोर, मो अजहर खान, अलीशा खान, आशा रानी, आशा सिन्हा, सरस्वती बनर्जी, बरनाली मुखर्जी, नूतन गहलोत, मेघा कुमारी, मेघा गुप्ता, होलिका कुमारी आदि उपस्थित थी।

## ए ला एंगलाइज स्कूल में वार्षिक रंगोली प्रतियोगिता एवं दीपोत्सव संपन्न

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित ए ला एंगलाइज सीनियर सेकंडरी स्कूल में शनिवार को रंगोली प्रतियोगिता एवं दीप उत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में विद्यालय की सभी छह सदन बाल्मीकि, नेताजी, बुद्धा, आर्यभट्ट, अशोका व टैगोर सदन ने अपने-अपने प्रासंगिक विषयों पर आधारित अति मनोरम रंगोली स्वरूप कलाकृतियां प्रार्थना सभा में अनेकानेक रंगों से उकेरी। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए रंगोली की उपस्थित लोगों ने खूब सराहना की। सभी सदनों से 7-7 बच्चियों को अवसर दिया गया था ताकि वे अपने सदन को सर्वोच्च स्थान दिला पाए। प्रतियोगिता में टैगोर सदन द्वारा बनाया गया लंबी वायरस पर आधारित रंगोली को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। वहीं आत्मनिर्भर भारत पर आधारित रंगोली बनाने वाले बाल्मीकि सदन को दूसरा जबकि जल-जीवन, जंगल बचाओ, शिक्षा का दीप जलाओ विषय पर आधारित रंगोली के लिए नेताजी सदन को तीसरा स्थान पाकर प्राप्त हुआ। निर्णायक मंडली की भूमिका स्कूल के सचिव डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर, प्राचार्य विजयंत कुमार, शिक्षिका अंजू पटेल, ब्रिजेट एक्का, धर्मेश सोनी व सूर्यदेव सिंह ने निभाई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अध्यक्षता अंजलि सिन्हा और संगीताचार्य सिद्धार्थ कुमार मासूम ने किया। मौके पर प्राचार्य विजयन्त कुमार ने बच्चों को दीपावली की शुभकामनाएं दी और खुशियों के इस त्यौहार पर सावधानीपूर्वक पटाखे व दीप जलाने की हिदायत भी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में दुनिया के सामने पर्यावरण प्रदूषण कितना बड़ा मुद्दा है और इसे कैसे बचाया जा सकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक अनुराग, गौरव, बबीता, नीतू, शीला, ललिता, काजल, गीता, सीमा, अजीत, कृष्ण, सुनील, मुज्जमिल, विश्वक सेन, पूनम, अनामिका, शबाना, सरिता, वर्षा टेटे, वैभव, मोहनलाल बेदिया, सेंसाई कंचन दास सहित विद्यालय परिवार का योगदान रहा।

## लक्ष्मी पूजा सही समय पर करने से विशेष फलदाई होगा: राम कुमार पाठक

**भुरकुंडा।** जवाहर नगर निवासी मां दुर्गा के उपासक पंडित राम कुमार पाठक कहते हैं कि सुख-समृद्धि दायिनी लक्ष्मी पूजा सही समय पर करने से विशेष फलदाई होता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष चतुर्दशी तिथि 24 अक्टूबर सोमवार की शाम 5 बजकर 4 मिनट तक है, उसके बाद अमावस्या तिथि प्रवेश कर रहा है जो दूसरे दिन मंगलवार को 4 बजकर 35 निमट तक है। श्री पाठक ने कहा कि शास्त्रों का मत है कि अमावस्या तिथि जिस दिन मध्य रात्रि में पड़ता है उसी दिन काली पूजा करना चाहिए और उदया तिथि के अमावस्या में लक्ष्मी पूजा करना चाहिए। लेकिन इस वर्ष मंगलवार को सूर्य ग्रहण दिन के 4 बजकर 29 मिनट से प्रवेश कर संध्या 5 बजकर 42 मिनट तक है। अलग-अलग शहरों में स्पर्श एवं मोक्ष का समय अलग है। सूर्य ग्रहण लगने के 9 घंटा पूर्व ही सूतक लग जाता है। उन्होंने बताया कि इस समय पूजा-पाठ, मूर्ति स्पर्श नहीं करना चाहिए। इसलिए इस वर्ष लक्ष्मी माता की पूजा 24 अक्टूबर सोमवार की संध्या 5 बजकर 5 मिनट से प्रारंभ होकर रातभर कर किया जा सकता है। रामकुमार पाठक ने कहा कि लक्ष्मी माता को प्रसन्न करने का उपाय गणेश-लक्ष्मी मूर्ति के सम्मुख बैठकर दीपक जलाएं व पूजा करें। महालक्ष्मी को 108 पुष्प चढ़ाएं। ओम महालक्ष्मी नमः पुष्पम सर्मपयामि बोलते हुए उनके चरणों में चढ़ाएं और आरती करें। पुनः महालक्ष्मी से अपने घर के मंगल कामना के लिए प्रार्थना करें।

# ब्रिटिश पीएम को देना पड़ा इस्तीफा

लिज ट्रस के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफे के एलान ने सबको चौंका दिया। हालांकि ब्रेग्जिट के फैसले के बाद से ही ब्रिटेन जैसे उथल-पुथल के अंतहीन दौर से गुजर रहा है, लेकिन इसके बावजूद 45 दिनों का लिज ट्रस का कार्यकाल एक के बाद एक ऐसे झटके देते हुए गुजरा कि अब तक की उथल-पुथल कम लगने लगी और फिर जिस तरह से उनके इस कार्यकाल का अंत हुआ, वह न केवल ब्रिटेन के लिए, बल्कि दुनिया भर की सरकारों के लिए एक बड़ा सबक देता गया कि विचारधारा की प्रतिबद्धता के साथ अगर व्यावहारिकता और समझदारी का साथ न हो, तो नतीजा घातक हो सकता है। इसमें दो राय नहीं कि लिज ट्रस टैक्स कटौती का वादा करते हुए प्रधानमंत्री पद पर आयी थीं, उन्होंने पदासीन होने के बाद इस वादे को पूरा करने की कोशिश भी की, लेकिन यह नहीं देखा कि वह और उनकी सरकार इस वादे को पूरा करने की स्थिति में हैं या नहीं। टैक्स में की जा रही भारी कटौती की भरपाई सुनिश्चित किये बगैर लाये गये उनकी सरकार के 'मिनी बजट' का परिणाम उस कोहराम के रूप में सामने आया, जिसमें न केवल ब्रिटेन के शेयर बाजार धराशायी होते दिखे, बल्कि वित्त मंत्री को भी अपने पद से हाथ धोना पड़ा। गलती का अहसास होने के बाद लिज ट्रस ने न केवल माफी मांगी, बल्कि अपने सारे विवादित फैसले वापस ले लिये। मगर इसके बावजूद तूफान नहीं थमा। पहले उनकी गृहमंत्री ने इस्तीफा दिया और फिर उन्हें भी पद छोड़ने का एलान करना पड़ा।

**कुछ एक्सपर्ट्स तो कह रहे हैं कि ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री की भी वापसी हो सकती है, जिनके हटने पर लिज ट्रस को कुर्सी मिली थी। लेकिन इस पूरे प्रकरण में निहित संदेशों की अनदेखी नहीं की जा सकती।**

बहरहाल, ब्रिटेन में अब नया पीएम चुने जाने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है और इस पर नजरें टिकी रहेंगी कि उनकी जगह इस पद पर कौन आता है। ब्रिटेन के अगले पीएम के रूप में ऋषि सुनक का दावा काफी मजबूत है, जो पिछली बार लिज ट्रस से पिछड़कर दूसरे नंबर पर रहे थे। उनके अलावा, कंजर्वेटिव पार्टी की पेनी मॉरडॉन्ट, बेन वॉलेस, सुएला ब्रैवरमैन जैसे नेता भी इस रेस में शामिल बताये जा रहे हैं। कुछ एक्सपर्ट्स तो कह रहे हैं कि ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री की भी वापसी हो सकती है, जिनके हटने पर लिज ट्रस को कुर्सी मिली थी। लेकिन इस पूरे प्रकरण में निहित संदेशों की अनदेखी नहीं की जा सकती। सबक सभी देशों के लिए है। कुछ साल पहले जहां विकसित देश महंगाई दर को एक हद तक बढ़ाने के लिए संघर्ष कर रहे थे, वहीं आज वे रिकॉर्डतोड़ महंगाई की चुनौती से जूझ रहे हैं। यूक्रेन युद्ध ने खासतौर पर गैस की कीमत काफी बढ़ा दी है, जिससे ब्रिटेन और यूरोप में कॉस्ट ऑफ लिविंग काफी बढ़ गयी है। अमीर देशों के साथ युद्ध ने गरीब और विकासशील देशों की भी चुनौतियां बढ़ायी हैं। इस मुश्किल दौर से निकलने के लिए बहुत फूंक-फूंक कर कदम रखने की जरूरत है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**देशों में सबसे अधिक आय वाले 10 प्रतिशत और सबसे कम आय वाले 50 प्रतिशत व्यक्तियों की औसत आय के बीच का अंतर लगभग दोगुना हो गया है। इस अध्ययन में यह भी पाया गया कि पिछले 40 वर्षों में देश तो काफी अमीर हो गये हैं, लेकिन उनकी सरकारें काफी गरीब हो गयी हैं। असमानता पर कोविड महामारी और उसके बाद आए आर्थिक संकट का भी काफी प्रभाव पड़ा है।**

# गरीबी मिटाने के सार्थक प्रयास होने चाहिए

रंजना मिश्रा

जब व्यक्ति आय और अन्य उत्पादक संसाधनों के अभाव में अपनी आजीविका सुनिश्चित नहीं कर पाता तो गरीबी की स्थिति उत्पन्न होती है। अत्यधिक गरीबी की स्थिति में व्यक्ति के पास जीवन निर्वाह के लिए बुनियादी जरूरतें जैसे रोटी, कपड़ा और मकान भी उपलब्ध नहीं हो पाते। हाल ही में विश्व असमानता लैब द्वारा जारी विश्व असमानता रिपोर्ट 2022 के अनुसार, भारत दुनिया के सबसे असमान देशों में से एक है। इसमें बताया गया है कि दुनिया की सबसे गरीब आधी आबादी के पास कुल संपत्ति का सिर्फ 2 प्रतिशत हिस्सा है, जबकि दुनिया की सबसे अमीर 10 प्रतिशत आबादी के पास कुल संपत्ति का 76 प्रतिशत हिस्सा है। मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका दुनिया के सबसे असमान क्षेत्र हैं, जबकि यूरोप में असमानता का स्तर सबसे कम है। काम से होने वाली कुल आय में महिलाओं की हिस्सेदारी 1990 में लगभग 30 प्रतिशत थी और अब 35 प्रतिशत से भी कम है। एक देश से दूसरे देश के बीच असमानता से कहीं अधिक किसी देश के भीतर ही असमानता अधिक पाई जाती है।

देशों में सबसे अधिक आय वाले 10 प्रतिशत और सबसे कम आय वाले 50 प्रतिशत व्यक्तियों की औसत आय के बीच का अंतर लगभग दोगुना हो गया है। इस अध्ययन में यह भी पाया गया कि पिछले 40 वर्षों में देश तो काफी अमीर हो गये हैं, लेकिन उनकी सरकारें काफी गरीब हो गयी हैं। असमानता पर कोविड महामारी और उसके बाद आए आर्थिक संकट का भी काफी प्रभाव पड़ा है। भारत की स्थिति एक गरीब और बहुत असमान देश के रूप में देखी गयी है।

**वर्तमान स्थितियों से पता चलता है कि 1.3 बिलियन लोग अभी भी गरीबी के स्तर पर जी रहे हैं।**

2022-2023 के लिए गरीबी उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस की थीम सभी के लिए गरिमा या सम्मान है। वास्तव में प्रत्येक मनुष्य की गरिमा उसका अपना मौलिक अधिकार है और इसकी रक्षा की जानी जरूरी है, किंतु गरीबी की रेखा में जी रहे लोग स्वयं को उपेक्षित और तिरस्कृत महसूस करते हैं। उन्हें लगता है कि उन्हें नकारा जा रहा है और उनका अनादर किया जा रहा है। मानव अधिकारों की रक्षा के लिए गरीबी को समाप्त करना और हर जगह शांति और समृद्धि स्थापित करना प्राथमिक लक्ष्य होना चाहिए, लेकिन वर्तमान स्थितियों से पता चलता है कि 1.3 बिलियन लोग अभी भी गरीबी के स्तर पर जी रहे हैं, जिनमें से लगभग आधे बच्चे और युवा हैं।



**गरीबी का अर्थ है सम्मान से जीने की बुनियादी क्षमता और आय की कमी का ह्रास, इसलिए गरीबी को केवल एक आर्थिक मुद्दा ही नहीं समझना चाहिए? गरीबों को अधिकतर अपनी आजीविका के लिए ऐसे कामों को भी करना पड़ता है, जो उनके स्वास्थ्य और उनकी जान के लिए खतरनाक होते हैं।**

हाल में लोगों के बीच आय और अवसरों की असमानता का स्तर तेजी से बढ़ा है। हर साल अमीर-गरीब के बीच की खाई और अधिक चौड़ी होती जा रही है। जहां एक ओर गरीब और अधिक गरीब होता जा रहा है, वहीं कार्पोरेट और अरबपति वर्ग की संपत्ति में अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गयी है। दरअसल गरीबी और असमानता गलत फैसलों और निष्क्रियता का परिणाम है। हमारे समाज में अमीर लोग गरीबों और हाशिए पर रहने वाले लोगों को और अधिक कमजोर करते हैं और उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करते हैं। सामाजिक बहिष्कार, संरचनात्मक भेदभाव और अशक्तता जैसे कारक गरीबी में फंसे लोगों का जीवन और अधिक कठिन बना देते हैं।

कोविड महामारी का दुष्प्रभाव भी सबसे अधिक इसी वर्ग को झेलना पड़ा। इसके अलावा सूखा, बाढ़ आदि जलवायु परिवर्तन आपदाओं की मार भी गरीब वर्ग पर ही सबसे अधिक पड़ती है? क्योंकि इसके कारण उनके घरों, फसलों और आजीविका का विनाश होता है। गरीबी मिटाने और सभी प्रकार के भेदभाव का उन्मूलन करने के लिए वैश्विक एकजुटता और सांझा जिम्मेदारी की पहचान के लिए ही गरीबी उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है। आज दुनिया में जहां आर्थिक विकास, तकनीकी साधनों और वित्तीय संसाधनों की बढ़ोतरी का दावा किया जा रहा है, वहीं दुनिया के लाखों लोगों का इस तरह गरीबी में रहना बिल्कुल भी अपेक्षित नहीं है। किसी भी देश में गरीबों की लाचार स्थिति उस देश के आर्थिक विकास के दावों पर प्रश्नचिह्न खड़े करती है।

गरीबी का अर्थ है सम्मान से जीने की बुनियादी क्षमता और आय की कमी का ह्रास, इसलिए गरीबी को केवल एक आर्थिक मुद्दा ही नहीं समझना चाहिए? गरीबों को अधिकतर अपनी आजीविका के लिए ऐसे कामों को भी करना पड़ता है, जो उनके स्वास्थ्य और उनकी जान के लिए खतरनाक होते हैं। उन्हें असुरक्षित आवासों में रहना पड़ता है। गरीबों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध नहीं हो पाता। न्याय तक उनकी पहुंच नहीं होती यानी उन्हें अन्याय सहने के लिए भी मजबूर होना पड़ता है। उनके पास राजनीतिक शक्ति की कमी होती है। स्वास्थ्य सुविधाओं तक भी उनकी सीमित पहुंच होती है। अत्यधिक गरीबी की स्थिति में भूख व कुपोषण का सामना करना, शिक्षा और अन्य बुनियादी सेवाओं तक सीमित पहुंच होना, सामाजिक भेदभाव, सामाजिक बहिष्कार तथा निर्णय लेने में भागीदारी का अभाव आदि शामिल हैं।

भारत में गरीबी उन्मूलन के लिए सरकार ने राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम, राष्ट्रीय मातृत्व लाभ योजना, ग्रामीण श्रम रोजगार गारंटी कार्यक्रम, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, शहरी गरीबों के लिए स्वरोजगार कार्यक्रम, प्रधानमंत्री जन धन योजना, किसान विकास पत्र योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि आदि कई योजनाओं और कार्यक्रमों की शुरूआत की है। किंतु अभी भी भारत में गरीबी रेखा का निर्धारण करना भी एक प्रमुख चुनौती है।

अभी भी कोई ऐसा मान्य आधार और मापदंड नहीं है, जिससे गरीबी की वास्तविक स्थिति को परिभाषित किया जा सके। इसके साथ ही गरीबी उन्मूलन के लिए संसाधन पर्याप्त रूप से उपलब्ध नहीं हैं। गरीबी उन्मूलन के कार्यक्रमों में भ्रष्टाचार जैसी समस्या के कारण योजनाओं का लाभ लाभार्थी तक नहीं पहुंच पाता।

कार्यक्रमों और योजनाओं का उचित रूप से कार्यान्वयन नहीं हो पाता। लगातार बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में देश के संसाधनों का विकास कम होता है, जिसके कारण गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम भी अपेक्षित परिणाम नहीं दे पाते।

## जमशेदपुर की खबरें

# आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर में मिले 2577 आवेदन, 799 का ऑन द स्पॉट निष्पादन



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** हेमंत सरकार के पहल पर राज्य में 12 से 22 अक्टूबर तक चलने वाले आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर का शनिवार को इस माह का अंतिम दिन रहा। शनिवार को पूर्वी सिंहभूम जिले में बहरागोड़ा प्रखंड के केशरदा, मुसाबनी प्रखंड के पूर्वी मुसाबनी पंचायत, घाटशिला प्रखंड के गोपालपुर पंचायत, जमशेदपुर प्रखंड के पूर्वी उत्तर दक्षिण मध्य पश्चिम छोटा गोविंदपुर पंचायत, पोटका प्रखंड के हेंशबिल और पोटका पंचायत, चाकुलिया प्रखंड के माटियाबांधी पंचायत, डुमरिया प्रखंड के केंदुआ पंचायत,पटमदा प्रखंड के ओड़िया पंचायत, गुड़ाबांधा प्रखंड के फॉरेस्ट ब्लॉक पंचायत, धालभूमगढ़ प्रखंड के चुकडीपाड़ा पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया। पूर्वी सिंहभूम जिले के सभी प्रखंड में राज्य सरकार के द्वारा आयोजित शिविर में हजारों हजार ग्रामीणों की समस्या का समाधान निकाला गया। हेमंत सरकार की योजना से सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के ग्रामीणों को काफी राहत मिली है। शनिवार को पश्चिम बंगाल से सटे पटमदा प्रखंड की ओड़िया पंचायत भवन में मुखिया सावित्री सिंह की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में क्षेत्र के विधायक सह सचेतक मंगल कालिंदी एवं जिले के उपायुक्त विजया जाधव शामिल हुए। मौके पर जिले के उपायुक्त व विधायक ने शिविर में लगे विभिन्न विभागों के अलग अलग स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों को पारदर्शिता के साथ समस्याओं का समाधान करने का दिशा निर्देश दिये।

मौके पर जिले के उपायुक्त व विधायक ने ग्रामीण बच्चे का अन्नप्राशन भी कराया। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में असहाय महसूस करने वाले लोगों के लिए पंचायत स्तर पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा पूर्व की सरकार अगर इस तरह शिविर का आयोजन करते हुए लोगों की समस्याओं का समाधान करते तो आज शिविर आयोजित करने की जरूरत नहीं पड़ती। उन्होंने ग्रामीणों को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। मौके पर शिविर के माध्यम से ई श्रम पोर्टल पंजीकरण 12, सोना सोबरण धोती साड़ी लुंगी योजना 884, धान अधिप्राप्ति के लिए किसानों का पंजीकरण 76, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना 140, कंबल वितरण 200, पीएम आवास योजना (ग्रामीण) 313, सर्वजन पेंशन 246 समेत विभिन्न विभागों के 2577 मामलें पर आवेदन प्राप्त किया गया। जिसमें ऑन द स्पॉट 799 मामलें का निष्पादन किया गया। जबकि बाकी बचे 1778 मामलें को प्रक्रिया के तहत समाधान किया जायेगा। इस दौरान विधायक मंगल कालिंदी व जिले के उपायुक्त विजया जाधव ने फूलोझानो आशीर्वाद योजना के तहत 5 महिलाओं को 10 -10 हजार रुपये का चेक, 3 महिला समूहों के बीच 8 लाख रुपये का ऋण स्वीकृति पत्र, सामुदायिक निवास निधि योजना में 4 समूहों के बीच 3 लाख समेत 1 करोड़ 98 लाख रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। मौके पर जिप सदस्य खगेन महतो, प्रमुख बालिका सोरेन, उप प्रमुख श्रीदेवी माझी, एडीसी सौरभ कुमार सिन्हा, जिला कृषि पदाधिकारी मिथिलेश कालिंदी, जिला कल्याण पदाधिकारी राजेश पांडेय, डाइरेक्टर ज्योत्स्ना सिंह, डीएसओ राजीव रंजन, डीपीआरओ रोहित कुमार, डीएसई निशु कुमारी, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, बीडीओ पियूषा शालीना डोना मिंज, सीओ चंद्रशेखर तिवारी, एमओ बिजेंद्र कुमार, सीडीपीओ नीतू कुमारी, प्रखंड अध्यक्ष अश्विनी महतो, सुभाष कर्मकार, सिजेन हेम्ब्रम शामिल रहे।

# विधायक ने की पहल, केरोसिन उपलब्ध कराने का दिया आश्वासन



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** घाटशिला प्रखंड के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में लगभग 88 पीडीएस दुकानदारों के द्वारा कार्डधारियों को अप्रैल माह से केरोसिन तेल उपलब्ध नहीं होने पर सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा। उधर जानकारी मिलने पर घाटशिला विधायक रामदास सोरेन ने पहल शुरू कर दी। उन्होंने बताया सरकार के नियमानुसार सभी पीडीएस दुकानदारों को डिपों में एक साथ केरोसिन तेल का पैसा जमा करना पड़ता है। जिसके कारण समस्या उत्पन्न हो रही है। उन्होंने बताया सितंबर माह का पैसा जमा कर दिया है। प्रखंड के 88 पीडीएस दुकानदारों को 24000 लीटर केरोसिन तेल का आवंटन प्राप्त हो गया है। फिलहाल चाकुलिया के होलसेलर द्वारा घाटशिला के 44 पीडीएस को केरोसिन तेल उपलब्ध कराया गया। वर्तमान समय में केरोसिन तेल 89 रुपया प्रति लीटर के दर पर मिल रहा है। जबकि सरकार के द्वारा 40 रुपया से अधिक सब्सिडी दी जाती है। बहुत जल्द स्थिति सामान्य किया जाएगा। विधायक ने बताया अगर पीडीएस दुकानदार समय पर पैसा नही जमा करते है, तो दूसरा उपाय निकाला जायेगा।

## गुड़ाबांदा में दर्जनों युवाओं ने भाजपा का दामन थामा

# झारखंड में भाजपा की सरकार बनने पर गुड़ाबांदा में उद्योग और अस्पताल खोले जायेंगे: डॉ गोस्वामी



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुड़ाबांदा।** गुड़ाबांदा प्रखंड के बारू बाऊटिया फुटबाल मैदान में मुराकाटी पंचायत के विभिन्न गांवों के दर्जनों युवा भाजपा में शामिल हुए. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व से प्रभावित होकर इन युवाओं ने भाजपा का दामन थामा। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू और जिला अध्यक्ष सौरभ चक्रवर्ती ने पार्टी का पट्टा ओढ़ा कर युवाओं को पार्टी में स्वागत किया। युवाओं को संबोधित करते हुए डॉ गोस्वामी ने कहा कि आजादी के 75 वर्षों के बाद भी गुड़ाबांदा प्रखंड का विकास नहीं हो पाया है। आज भी प्रखंड के लोग बुनियादी सुविधा पाने से वंचित है. यहां के युवाओं को रोजगार के लिए तमिलनाडु और दक्षिण के राज्यों में पलायन करना पड़ रहा है। डॉ गोस्वामी ने युवाओं को आश्वस्त किया कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने पर गुड़ाबांदा में उद्योग और अस्पताल खोले जायेंगे। भाजपा गुड़ाबांदा प्रखंड के सर्वांगीण विकास हेतु संकल्पित है। कार्यक्रम को जिप अध्यक्ष बारी मुर्मू, जिला अध्यक्ष सौरभ चक्रवर्ती,किसान मोर्चा के जिला मंत्री सुमंत श्यामल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन युवा नेता गुरु चरण मांडी ने किया। अवसर पर भाजपा नेता बिल्टू प्रधान, पूर्व मुखिया सपन कुमार सिंह, प्रणव पातर, झंटू पंडा, सुब्रत राणा, चंपाई मुर्मू, सिद्धेश्वर कालिन्दी,वीर सिंह सोरेन, समेत अन्य उपस्थित थे। भाजपा में शामिल होने वाले युवाओं में प्रमुख रूप से भादो सोरेन, मिर्जा सोरेन, मुचिराम सोरेन, चंपाई मुर्मू, खुदीराम सोरेन, मदन सोरेन, गुरबा सोरेन, पलटन मांडी, लूसा सोरेन, बोयला मुर्मू, विश्वनाथ सोरेन, भूक्टू मुर्मू, रेमता मुर्मू, दासो सोरेन, बनमाली बेरा समेत उपस्थित थे।

# 11 हजार दीपक और रंगबिरंगी लाइटों से जगमगाया सूर्य मंदिर धाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** दीपावली की पूर्व संध्या पर सिदगोड़ा सूर्य मंदिर परिसर में अयोध्या की तर्ज पर आसपास के क्षेत्र को रंगबिरंगी लाइटों से सजाया गया। शनिवार को सूर्य मंदिर कमिटी की ओर से श्रीराम मंदिर प्रांगण व पूरे मंदिर परिसर में 11 हजार देशी घी के दीये जलाये गये। मौके पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक रघुवर दास, संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह ने मंदिर समिति के सदस्यों के संग दीपक जलाकर दिपावली की खुशियां मनायी। शाम होते ही मंदिर परिसर के पूरे क्षेत्र दीपक सुनहली रंगत के साथ जगमगा उठे। ठंडी हवा भी कई बार नन्हें दीपों का इम्तहान ले रही थी, परंतु मंदिर परिसर एवं छठ घाट में सजे ग्यारह सौ दीपक एक कतार में डटे हुए थे।



पूर्व सीएम रघुवर दास ने मंदिर परिसर में पहला दीपक जलाया और धीरे धीरे दीपों की सुंदर कतार सज गयी। मौके पर महिलाओ के द्वारा सुदंर रंगोली बनाकर दीपक सजाया गया। इस दौरान उपस्थित कार्यकताओं ने शानदार आतिशबाजी कर दीपावली की खुशियां मनाई। मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री सह मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक रघुवर दास ने कहा जिस तरह से अयोध्या में प्रभु श्रीराम के अयोध्या आगमन पर नगरवासियों ने दीप जलाकर अपने आराध्य राम का स्वागत किया उसी प्रकार सूर्य मंदिर परिसर में मिट्टी के दीये जलाकर खुशियाँ मनाई जा रही है। उन्होंने कहा यह दीपावली खास है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में अयोध्याधाम में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण कार्य का मार्ग प्रशस्त हुआ है, जिससे अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है। वहीं कोरोनाकाल के संकट से हम सभी बाहर आ गये हैं। उन्होंने लोगों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को आगे बढ़ाने का आह्वान करते हुए कुम्हार द्वारा निर्मित मिट्टी के दीये सहित स्थानीय उत्पादों के अधिक से अधिक प्रयोग में लाकर गरीब वर्गों की दीपावली खास और खुशहाल बनाने की अपील की।

मौके पर भूपेंद्र सिंह, संजीव सिंह, लक्ष्मीकांत सिंह, गुंजन यादव, विनय भूषण शर्मा, अखिलेश चौधरी, शशिकांत सिंह, राजेश यादव, अखिलेश चौधरी, बिश्वजीत सरकार, मान्तु बनर्जी, संजय सिंह, संतोष यादव, दिनेश कुमार, रामबाबू तिवारी, सुशांत पांडा, कुलवंत सिंह बंटी, खेमलाल चौधरी, राकेश सिंह, अमरजीत सिंह राजा, प्रेम झा, रूबी झा, नीलू झा, रूपा देवी, संतोष ठाकुर, सुरेश शर्मा, बबलू गोप, अजय सिंह, कुमार अभिषेक, रॉकी सिंह, काजू शांडिल, निर्मल गोप, संतोष कुमार, कंचन दत्ता, ओम पोद्दार, इकबाल सिंह, प्रमोद मिश्रा, संजीत प्रसाद शामिल रहे।

## पांच वर्षों में बदल जायेगी गढ़वा की तस्वीर, सड़क विहीन नहीं रहेगा कोई गांव : मंत्री

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला के गढ़वा एवं मेराल प्रखंड में करीब 10 करोड़ रुपये की लागत से चार सड़कों का निर्माण किया जायेगा। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से बनने वाली इन सड़कों की प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। जल्द ही निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य आरंभ किया जायेगा। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि प्रथम चरण में गढ़वा एवं मेराल की चार सड़कों के निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। प्राथमिकता के आधार पर अगले चरण में अन्य योजनाओं को भी लिया जायेगा। मंत्री ने बताया कि गढ़वा प्रखंड के प्रतापपुर स्कूल के समीप पीडब्ल्यूडी पथ से दरमी कब्रिस्तान तक एक करोड़, 51 लाख, 53 हजार रुपये की लागत से करीब डेढ़ किमी, मेराल में आरइओ रोड से अधौरा बस्ती तक दो करोड़, नौ लाख, 69 हजार, नौ सौ रुपये की लागत से करीब दो किलोमीटर, गढ़वा प्रखंड के टेढ़ी हरैया मदरसा से कब्रिस्तान, ईदगाह होते हुए डा. जियाउल हक के घर तक दो करोड़, सात लाख, 24 हजार, चार सौ रुपये की लागत से करीब दो किलोमीटर तथा गढ़वा प्रखंड के ही तिलदाग, बेलचंपा पीडब्ल्यूडी पथ बना से पिपरा इदगाह तक तीन करोड़, 66 लाख, 95 हजार, 900 रुपये की लागत से करीब साढ़े तीन किमी लंबी सड़क का निर्माण किया जायेगा। ये सड़कें अत्यंत ही जर्जर स्थिति में थी तथा इसके निर्माण की मांग काफी दिनो से की जा रही थी। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आगामी पांच वर्षों में गढ़वा की तस्वीर बदल जायेगी। कोई भी गांव सड़क विहीन नहीं रहेङ्कऐसा प्रयास होगा। उन्होंने कहा कि अभी भी विधान सभा क्षेत्र में दर्जनों ऐसी सड़कें हैं जिनके निर्माण की अति आवश्यकता है। परंतु सरकार बनने के बाद विरासत में नयी सरकार को खाली खजाना और कोरोना मिला था। इन सब से बाहर निकलते हुए सरकार काफी तेज गति से विकास कर रही है। यहां ब्लू प्रिंट तैयार कर विकास कार्य किया जा रहा है। प्राथमिकता के आधार पर अन्य योजनाओं को चयनित कर कार्य कराया जायेगा। मंत्री ने कहा कि जब वे गढ़वा आय थे। तब देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा था कि यह क्षेत्र वर्षों से जनप्रतिनिधि विहीन पड़ा हुआ है। पूरे गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में कहीं भी विकास नाम की कोई चीज दिखाई नहीं पड़ रही थी। पूरा क्षेत्र विकास कार्यों के मामले में वीरान मालूम पड़ रहा था, परंतु उनके तीन वर्षों के कार्यकाल में हर क्षेत्र में विकास की झलक दिखायी पड़ रही है। यहां पिछले तीन वर्षों में हर क्षेत्र में ऐतिहासिक विकास कार्य हुआ है। आगे भी यह सिलसिला अनवरत जारी रहेगा।

## हर गांव की बिजली समस्या होगी दूर : मंत्री मिथिलेश



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला के डंडा प्रखंड मुख्यालय में 33/11केवी का पावर सब स्टेशन के निर्माण किया जायेगा। सभी बाधाओं को दूर करते हुए झारखंड सरकार ने कैबिनेट में भूमि हस्तांतरण की स्वीकृति प्रदान कर दी है। अब डंडा में 10 मेगा वाट क्षमता का पावर सबस्टेशन निर्माण का मार्ग पूरी तरह से प्रशस्त हो गया है। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि वर्तमान में डंडा क्षेत्र को फरठिया पावर सबस्टेशन के मेढ़ना फीडर से बिजली मिलती थी। लंबी दूरी के कारण हमेशा फॉल्ट होते रहता था। साथ ही तथा लो वोल्टेज की समस्या भी हमेशा बनी रहती थी। फॉल्ट आने पर लाइन की मरम्मत में भी काफी समय लगता था। अब डंडा में 33/11 केवी का पावर सबस्टेशन के निर्माण हो जाने से इस क्षेत्र के करीब 18 गावों को निर्बाध बिजली मिलेगी। इनमें छपरदागा, भिखही, डंडा, कोटा, मोतिहारा, बोंगासी आदि प्रमुख गांव शामिल हैं। पावर सबस्टेशन के निर्माण के बाद इस क्षेत्र को ना सिर्फ.20 से 22 घंटे बिजली मिलेगी, बल्कि लो वोल्टेज की समस्या से भी निजात मिलेगी। खेती एवं अन्य बिजली से सम्बंधित कार्य भी सुचारु रूप से हो सकेंगे। 10 केवीए क्षमता वाले इस पावर सब स्टेशन में नया 11 केवी का चार फीडर, 28 किलो मीटर तक 33 केवी का लाइन लगेगा। इसका कवरेज एरिया 18 किलोमीटर का होगा। मंत्री ने गढ़वा वासियों को दिवाली, भाइदूज एवं छठ महापर्व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे गढ़वा वासियों के विश्वास एवं भरोसे पर खरा उतरने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। अपने कार्यकाल में गढ़वा के जनता की तकलीफें कुछ कम कर सकूं बस यही अभिलाषा है।

## आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया

**रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल क्षेत्र के कटरा पंचायत मुख्यालय में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के माध्यम से बीडीओ देवानंद राम, अंचल पदाधिकारी शंभू राम, प्रखंड प्रमुख हेमंत लकड़ा, कटरा पंचायत के मुखिया एनिमा देवी, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी ने संयुक्त रूप से जेएसएलपीएस से जुड़ी महिला समूह की महिला रीना देवी को 2 लाख का चेक प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सरकार के विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाकर विभाग के कर्मचारी पदाधिकारी जनता को विभागों के बारे में जानकारी दे रहे थे और आवेदन भी प्राप्त कर रहे थे। कटरा पंचायत की जनता की ओर से सरकार की सभी संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ लेने के लिए लोग आवेदन देने की होड़ लगी हुई थी। इस मौके पर जेएसएलपीएस के सुनील कुमार पांडेय, संतोष राम, राजनाथ चौधरी, समाजसेवी अमरेंद्र कुमार बैंक सखी, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के किरण कश्यप, पंचायत अध्यक्ष लवली उपस्थित थे।

## करंट लगने से मौत

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के छतरपुर गांव निवासी सत्येंद्र कुमार 26 वर्ष पिता चरितर प्रसाद की बिजली करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना शुक्रवार की देर शाम की है। जानकारी के अनुसार सत्येंद्र कुमार नवादा मोड़ पर फल दुकान चलाता था। देर शाम को वह घर जाकर पेंट-पोचारा में जुट गया। इस दौरान वह करंट की चपेट में चपेट में आकर गंभीर रुप से घायल हो गया। इसके पश्चात परिवारवालों ने आनन फानन में उसे सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। सदर अस्पताल के चिकित्सक ने परीक्षण कर उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना मिलने पर गढ़वा थाना पुलिस ने सदर अस्पताल पहुंचकर उसके शव को अपने कब्जे में ले लिया।

### भाजपा गढ़वा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी की अध्यक्षता में आगामी कार्यक्रम को लेकर बैठक

# झारखंड में कानून व्यवस्था हो चुकी है समाप्त: प्रदीप वर्मा

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाजपा गढ़वा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी की अध्यक्षता में जिला कार्यालय गढ़वा में आगामी कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में भाजपा प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा शामिल हुए। बैठक की शुरूआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं वंदे मातरम गीत के साथ किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने कहा कि झारखंड में कानून व्यवस्था समाप्त हो चुका है हर जगह लुट हत्या चोरी बलात्कार की घटनायें आम हो चुकी है। राज्य सरकार अपराध रोकने में विफल हो चुकी है चारों तरफ लूट मचा हुआ है। झारखंड में बढ़ते अपराध अव्यवस्था को लेकर भाजपा सात नवंबर से 13 नवंबर तक प्रखंड मुख्यालय पर हजारों लोगों के साथ भव्य प्रदर्शन करेगा एवं 19 नवंबर से 23 नवंबर तक जिला मुख्यालय पर 10,000 लोगों के साथ विशाल प्रदर्शन करेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ही झारखंड में फिर से विकास कार्य कर सकती है विकास कार्य बिल्कुल ठप हो चुका है। अपराध चरम पर पहुंच गया है मौके पर प्रदेश प्रवक्ता अमित सिंह ने कहा कि झामुमो सरकार में जनता त्राहि-त्राहि कर रही है चारों तरफ हाहाकार मचा हुआ है। वर्तमान की झामुमो सरकार राज्य को लूटने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि जब राज्य सरकार दोनों हाथों से राज्य को लूटने में लगी हुई है तो अपराधियों का तांडव कैसे रोक पायेगी। इसलिए इस सरकार का जाना ही जनता के हित में सही होगा। हर दिन लूट हत्या देखने को मिल रहा है झारखंड में झामुमो सरकार दोनों हाथों से राज्य को लूटने में मस्त हैं अधिकारी बेलगाम हो चुके हैं। राज्य सरकार राज्य को चलाने में सक्षम नहीं है उन्होंने कहा कि गढ़वा जिला सहित पूरा झारखंड में अपराधी मानसिकता के लोगों का मनोबल काफी ऊंचा हो चुका है। जिसको लेकर भाजपा जनहित में लगातार आवाज उठाती आयी है, लेकिन झामुमो सरकार राज्य में लुट चोरी हत्या घुसखोरी कमीशनखोरी जैसे अनेकों अपराध को रोकने के नाम पर मौन साध लिया है। जिसको लेकर भाजपा अब बड़ा आंदोलन प्रदर्शन करने का निर्णय कर चुका है। भाजपा गढ़वा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि गढ़वा जिला में अपराधियों का मनोबल काफी ऊंचा हो चुका है। अपराध करने वालों के अंदर प्रशासनिक डर भी नहीं है। अपराधी गढ़वा जिला में खुलेआम तांडव कर रहे हैं। वही झामुमो सरकार मुकदर्शक बन कर सबकुछ देख रही है। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिला में बढ़ते अपराध अव्यवस्था को लेकर सात नवंबर से जिला के सभी प्रखंड मुख्यालय से लेकर जिला मुख्यालय तक बड़ा आंदोलन खड़ा किया जायेगा।




### बैठक में इनकी रही मौजूदगी

बैठक का संचालन जिला महामंत्री संतोष दुबे ने किया। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अलखनाथ पांडेय, जवाहर पासवान, रघुराज पांडेय, जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र दूबे, राजीव रंजन तिवारी, उमेंद्र यादव, संजय भगत, जिला महामंत्री विकास स्वदेशी, जिला मंत्री महेंद्र सिंह, ठाकुर प्रसाद महतो, जिला मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, सोशल मीडिया प्रभारी बृजेंद्र पाठक तिवारी, रामशीष तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रामलला दुबे, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष नसरुद्दीन अंसारी, सैनिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक अजय तिवारी, भाजपा नेता मोहन सिंह चेरो, कृपाल सिंह, उमेश कश्यप, शिवनारायण, चंद्रा कुमार, कनिष्क लाला पासवान, उदय प्रजापति, विकास पांडेय, योगेंद्र मेहता, उदय कुशवाहा कुमार, कनिष्क, बसंत प्रसाद, लखन चौधरी, संजय यादव, विनय चौब, ओम प्रकाश गुप्ता, राजेश्वर बैठा, मुरारी यादव, प्रदीप पासवान सहित अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### आरके पब्लिक स्कूल में दीपावली का पर्व मनाया

# बच्चों ने कई मनमोहक रंगोली बनाये

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** आरके पब्लिक स्कूल, गढ़वा में प्रकाश पर्व- दीपावली के शुभ अवसर पर दीपावली महोत्सव धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं ने रंगोली और दीप जलाकर इस उत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया और स्कूल परिसर को रंगोली के रंगों से और सुंदर बना दिया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंग-बिरंगे रंगोली बनाकर अपनी सृजनात्मकता को प्रदर्शित किया और सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दिया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक सहशिक्षा शिक्षाविद श्री अलखनाथ पांडेय व स्कूल की प्राचार्या श्रीमती प्रियंका बर्मन ने सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा की। निदेशक श्री पांडेय ने इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगोली जो महिला सशक्तिकरण,पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण,आजादी का अमृत महोत्सव जैसे विभिन्न विषयों पर बच्चों के द्वारा बनाए गए थे,वे बहुत ही सुंदर और आकर्षक थे। सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को प्रकाश पर्व दीपावली की हार्दिक शुभकामना दिया। उन्होंने सभी छात्र छात्राओं को बम पटाखे का प्रयोग सावधानी से करने व सीमित प्रयोग करने का सुझाव दिया। स्कूल की प्राचार्या ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें प्रकाश पर्व के अवसर पर अज्ञानता को दूर कर ज्ञान का दीप जलाने एवं संकल्प लेने की बात कही। इस दीपावली में जलने वाले दीपक से बुराइयों का नाश एवं हमारे समाज और परिवार में अच्छाइयों का संचार हो, सभी स्वस्थ एवं सुखी रहे, ऐसी उन्होंने कामना की। उन्होंने दीपावली, गोवर्धन पूजा व भैया दूज के अवसर पर स्कूल में 24 अक्टूबर 2022 से 27 अक्टूबर 2022 तक छुट्टी रहेगी इसकी जानकारी विद्यालय परिवार को दी। 28 अक्टूबर 2022 से स्कूल अपने नियत समय से खुलेगी। स्कूल खुलने पर रंगोली प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा।

## हरा गीला सूखा नीला कैंपेन का आयोजन किया

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** श्री बंशीधर नगर पंचायत की ओर से स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत स्वच्छता के दो रंग कार्यक्रम के तहत मध्य विद्यालय श्री बंशीधर नगर में हरा गीला सूखा नीला कैंपेन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को कचरा पृथक्करण के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि गीला कचरा को हरा डब्बे में और सूखे कचरे को नीला डब्बा में डालें। साथ ही साथ गीला कचरा को संग्रहित कर घर पर या विद्यालय के कैंपस के अंदर खाद बना सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान स्कूल की छात्राओं ने रंगोली प्रतियोगिता में भी भाग लिया। छात्राओं ने हरा गीला सूखा नीला थीम पर रंगोली पेंटिंग का आयोजन किया गया। उस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य अनिल विश्वकर्मा, शिक्षक खुशदिल सिंह, रामलला मिश्रा, आफताब आलम, अनूप कुमार ठाकुर, अनिता कुमारी समेत सभी बच्चे मौजूद थे।

## खाई में गिरने से बाइक चालक की मौत

**कांडी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के लमारी कला गांव में शुक्रवार की शाम एक हिरो बाइक के अनियंत्रित होकर खाई में गिर जाने से बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसपर बैठा एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल उपेंद्र रजवार ने बताया कि वह अपने साढ़ू नरेश रजवार के साथ मझिआंव थाना क्षेत्र के आछोडीह गांव से कांडी की ओर जा रहा था। रात करीब आठ बजे नशे में धूत होकर बाइक चला रहा नरेश रजवार अनियंत्रित होकर सड़क से 10 फीट नीचे खाई में जा गिरा जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची कांडी पुलिस ने मृतक के शव के साथ घायल को अपनी निजी वाहन से रेफरल अस्पताल ममझिआंव पहुंचाया।

## संजीव कुमार सिंह का हुआ निधन

**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत हरिहरपुर गांव के लालेश्वर सिंह उर्फ ललनी सिंह के पुत्र संजीव कुमार सिंह (उम्र 26 वर्ष) की मृत्यु हो गई शुक्रवार को हो गई। जिसका अंतिम संस्कार शनिवार को स्थानीय सोन नदी घाट पर किया गया। परिजनों के अनुसार संजीव कुमार सिंह कुछ दिनों से बिमार थे, जिसे इलाज के लिये डिहरी जा रहे थे, इसी क्रम में रास्ते में ही मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना हरिहरपुर गांव के राधेश्याम सिंह उम्र लगभग (52 वर्ष) का देहांत हो गया है, परिजनों ने बताया कि सिंह एक माह से रांची रिम्स में भर्ती थे, इनका अंतिम संस्कार शनिवार को टाटानगर किया गया।

## आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के पतिहारी पंचायत में दिन शनिवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ बीडीओ हीरक मन्ना केरकेट्टा, अंचलाधिकारी निधि रजवार मुखिया रबेया फिदोशी जिला परिषद शंभू राम, बीपीओ मनोज कुमार, प्रमुख दीपा कुमारी 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शैलेंदर प्रताप देव, बीडीस पूजा कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुरूआत किया। शिविर में पंचायत के लोगों की विभिन्न समस्याओं के निदान के लिये अलग-अलग स्टॉल लगाकर आवेदन लिया गया। जिसमें अंचल, बाल विकास, शिक्षा, पेंशन, आवास, स्वास्थ्य, पशु पालन, बैंक, कृषि सहित कई अन्य विभाग के स्टॉल लगाये गये। बीडीओ हीरक मन्ना केरकेट्टा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभांवित कराना तथा समस्याओं का समाधान कराना है। उन्होंने सरकार की महत्वकांक्षी योजना सावित्री बाइ फुले किशोरी समृद्धि योजना, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सोना-सोबरन साड़ी, धोती-लुंगी योजना, किसान क्रिडेट कार्ड, कंबल वितरण कार्यक्रम के साथ-साथ शिविर में लगाये गये स्टॉल की जानकारी दी गई। वहीं मुख्य मंत्री धोती साड़ी लूंगी शोना शोबारान योजना से वंचित लाभुकों के बीच धोती साड़ी लूंगी वितरण किया गया। वही मुखिया रबेया फिरदोशी, जिला परिषद सदस्य संभू राम चंद्रवंशी प्रमुख दीपा कुमारी, 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेंद्र प्रताप देव आदि ने ग्रामीणों को शिविर में लगाये गये विभिन्न विभागों के स्टॉल से लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं इस शिविर में जेइ सह बीपीओ मनोज कुमार, प्रखंड समंयक नागेंद्र मेहता, प्रखंड समंयक सुबोध कुमार, बीटीएम राकेश कुमार रजक, प्रखंड नजीर मुकुल कुमार, मुखिया रबेया फिरदोशी, जिप सदस्य शंभू राम चंद्रवंशी, प्रमुख दीपा कुमारी, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शैलेंद्र प्रताप देव, सीआरपी महेंद्र गुप्ता, भीएलडब्ल्यू राकेश बैठा, विधायक प्रतिनिधि अशोक पासवान, मुखिया प्रतिनिधि मुन्ना अंसारी, मुखिया प्रतिनिधि पंकज सिंह विशुनपुरा मुखिया प्रतिनिधि प्रवीण कुमार यादव, विशुनपुरा थाना पुअनि निमीर हेसा अपने दल बल के साथ मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, स्वजनों ने साढ़ू पर लगाया हत्या का आरोप

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला मझिआंव-कांडी वाया बरडीहा रोड में कांडी थाना क्षेत्र के घोड़दाग के समीप सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। जबकि एक अन्य युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। घटना शुकवार देर रात की है। मृतक नरेश रजवार 28 वर्ष पिता दुखन रजवार मझिआंव थाना क्षेत्र के चंद्रपुरा गांव का रहनेवाला था। जबकि घायल उपेंद्र रजवार पिता बुटानी रजवार मझिआंव थाना क्षेत्र के आछोडीह गांव का रहनेवाला है। घायल युवक मृतक का बड़ा साढ़ू बताया जा रहा है। मृतक नरेश एवं घायल उपेंद्र का ससुराल मझिआंव थाना क्षेत्र के पुरहे गांव में है। घायल उपेंद्र का इलाज मझिआंव सीएचसी में चल रहा है। जानकारी के अनुसार नरेश रजवार अपनी मोटरसाइकिल से उपेंद्र रजवार को लेकर हरिहरपुर ओपी क्षेत्र के मझिगांवा गांव स्थित अपनी मौसी के घर जा रहा था। बताया गया कि दोनों साढ़ू शराब के नशे में थे। नरेश रजवार मोटरसाइकिल चला रहा था। घोड़दाग गांव से कुछ ही दूर आगे जाने पर अनियंत्रित गति के कारण मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में नरेश रजवार की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उपेंद्र रजवार को सिर के पिछले हिस्से में गंभीर चोट लगी है। रात होने के कारण दोनों कुछ देर तक घटनास्थल पर ही पड़े हुए थे। इस दौरान रात में गश्ती पर निकली कांडी थाना पुलिस ने दोनों घायलों को वहां से उठाकर मझिआंव सीएचसी पहुंचाया। जहां परीक्षण के बाद चिकित्सक ने नरेश रजवार को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद मझिआंव थाना पुलिस ने उसके शव को कब्जे में ले लिया। इधर, मृतक के स्वजनों ने आरोप लगाया है कि नरेश के बड़े साढ़ू उपेंद्र रजवार ने साजिश कर उसकी हत्या कर दी है। नरेश रजवार शुक्रवार की शाम को चंद्रपुरा से अपने साढ़ू उपेंद्र के घर गया था। फिर अचानक मौसी के घर मझिगांवा जाने का प्लान कैसे बन गया। परिवार वालों ने दावा किया कि मृतक के गर्दन पर धारदार हथियार से मारे जाने का निशान है। मृतक के स्वजनों ने पूरे मामले में गहन छानबीन कर कार्रवाई करने की मांग की है।

## 150 जरुरतमंदों को भोजन प्रदान किया

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन के द्वारा लगातार 19 वां सप्ताह जरुरत मंदों को भोजन इस कार्यक्रम को लायन संतोष अग्रवाल और लायन स्वेता अग्रवाल ( चौधरी जी सर्राफ) के द्वारा अपने पुत्र लिया। तेजस्व अग्रवाल के जन्मदिन के उपलच्छ में 150 जरुरत मंदों को भोजन प्रदान किया। लियो तेजस्व ने बताया की उसे जरुरत मंदो की सेवा करने की प्रेरणा अपने बड़े दादा जी स्व. इन्द्रचंद अग्रवाल से मिली है। मौके पर अध्यक्ष विजय सोनी, प्रोजेक्ट सह चेयरमैन आशुतोष अग्रवाल, सचिव हर्ष अग्रवाल, विनय कश्यप, चंद्रप्रकाश अग्रवाल, लियो क्लब ऑफ गढ़वा ज्ञानगंगा के पूर्व अध्यक्ष अनूप कुमार उपस्थित थे।

### तीन दिवसीय छठ महापर्व का सफल आयोजन को लेकर शांति समिति की बैठक हुई

# असामाजिक तत्व के लोगों पर रहेगी पैनी नजर: डीएसपी

रविकांत चंद्रवंशी




**केतार (आजाद सिपाही)।** सुप्रसिद्ध भगवान भास्कर नगरी मुकुंदपुर सूर्यनारायण मंदिर परिसर में शनिवार को 11 बजे तीन दिवसीय छठ महापर्व का सफल आयोजन के लिये शांति समिति का बैठक की गई। शांति समिति के इस बैठक की अध्यक्षता डीएसपी प्रमोद कुमार केसरी ने किया। कार्यक्रम का संचालन मंदिर समिति के संरक्षक अजय वर्मा एवं धन्यवाद ज्ञापन उपप्रमुख शंभू सिंह खरवार ने दिया। इस कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने कहा कि छठ महापर्व के अवसर पर सूर्यनारायण मंदिर परिसर में झारखंड समेत देश के अन्य राज्यों से लोग आते है जिसमे लाखों श्रद्धालुओं का आगमन होता है। प्रशासन एवं मंदिर समिति के लोग आपसी तालमेल के साथ कार्य करें इस पावन स्थल पर आने वाले आगंतुकों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं हो। पुलिस इंस्पेक्टर चंदन कुमार सिंह कहा कि तीन ओर से पहाड़ी वादियों से घिरा यह मनोरम स्थल पर तीन दिवसीय मेला लगना एवं इस मेला में लाखों लोगों का सेवा करना सौभाग्य की बात है। प्रशासन से जितना भी सहयोग चाहिए सहयोग के लिए तत्पर है। रेंजर प्रमोद कुमार ठाकुर से मंदिर से सम्बन्धित विकास के बारे मे पूछे जाने पर उन्होंने बताया की मंदिर परिसर का भूमि जंगल विभाग का है। मंदिर का अपना भूमि नहीं है। जंगल विभाग किसी रजिस्टर्ड संस्थान को ही भूमि उपलब्ध कराती है। जो लंबी प्रक्रिया है। इस प्रक्रिया मे आने के बाद भूमि संबंधी समस्या का निपटारा हो पायेगा। डीएसपी प्रमोद कुमार केसरी ने कहा कि इस पावन स्थल पर कई राज्यों से लोग आते हैं। इस स्थल की एक अलग ही विशेषता है। इस स्थल पर जन्म लेने वाले बच्चे भाग्यशाली होते हैं। इसलिए यहां गर्भवती माताएं छठ व्रत करने के लिए आते हैं। उन्होंने विधि व्यवस्था पर कई निर्देश दिये। मुख्य रूप से लाइटिंग, साउंड, सुरक्षा पर विचार विमर्श किया। उन्होंने मंदिर समिति के पदाधिकारियों से कहा कि मेला परिसर में लाइटिंग व्यवस्था पर विशेष ध्यान देना है। असामाजिक तत्वों के लोगों पर कड़ी निगरानी रखना है। मेला परिसर में अनेक स्थानों पर सीसी टीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया, ताकि कोई भी व्यक्ति गलत कार्य ना कर सके। यदि संदिग्ध कार्य करते हैं तो इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दे। इसके लिए मंदिर समिति 100 भूलेंटियर नियुक्त कर उन्हें आई कार्ड निर्गत करे।सभी भूलेंटियर छठ पूजा महोत्सव का सफल आयोजन करने में जीतोड़ मेहनत करें।

### मौके पर ये रहे मौजूद

इस मौके पर भवनाथपुर पुलिस इंस्पेक्टर चंदन कुमार सिंह, सीओ मेघन महतो, रेंजर प्रमोद कुमार ठाकुर, थाना प्रभारी संतोष कुमार,उप प्रमुख शंभू सिंह, मुखिया मूंगा साह, मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन गुप्ता, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि, विमलेश पासवान, ब्रह्मदेव कुमार, बीडीसी प्रतिनिधि इम्तियाज आलम,कामेश्वर सिंह, बीस सूत्री सदस्य छोटन सिंह सूर्य मंदिर समिति अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह, सचिव रविकांत चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष नंद किशोर प्रसाद, संरक्षक रामप्रवेश वर्मा, महेशी वियार, राज किशोर सिंह,परविन्द वर्मा,गोपाल वियार, रौशन कुमार,रिशु सिंह,धर्मेंद्र सिंह सहित मंदिर समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।


**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



अज्ञात मानव कंकाल,

उपरोक्त अज्ञात मानव कंकाल ओरमाँझी थाना अन्तर्गत परसा टोली के जंगल मे घाटी रोड के किनारे नाला से बरामद किया गया। जिसके संबंध में ओरमाँझी थाना काण्ड सं0-52/22, दिनांक-08.04.2018 धारा-302/201भा0द0वि0 दर्ज किया गया है। अगर अज्ञात मानव कंकाल के बारे में कोई जानकारी हो तो कृपया नीचे अंकित मोबाईल नं0 पर सूचना उपलब्ध करा सकते हैं।

अत: सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि आपको इस अज्ञात मानव कंकाल बारे में जानकारी हो तो वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय राँची में या संबंधित थाना या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक सिल्ली, राँची। – 9431770066

थाना प्रभारी, ओरमाँझी, राँची। – 9431706183

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची

PR 280835 Police(22-23).D

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर थाना क्षेत्र अंतर्गत छिपादोहर केड बस्ती के पास दो मोटरसाइकिल की हुई सीधी टक्कर। जिसमें 2 लोग गंभीर रूप से हुए घायल। वही लात पंचायत में आयोजित कार्यक्रम से लौट रहे मनिका विधायक रामचंद्र सिंह मौके पर पहुंचे जहां उन्होंने तत्काल तत्परता दिखाते हुए घायलों को अपने वाहन से बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाने का काम किया। वही बताते चलें कि लात पंचायत से आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के बाद केड के रास्ते विधायक रामचंद्र सिंह वापस आ रहे थे। इसी दौरान उन्होंने देखा कि दो बाइक बेसुध होकर गिर पड़े है। तत्काल विधायक तथा उनके समर्थकों ने अपने वाहन से घायल दोनों व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थय केंद्र भेजने का काम किया। इसके साथ ही विधायक पुत्र विजय बहादुर सिंह स्वयं से दोनों युवकों को लेकर बरवाडीह से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे तथा उनका प्राथमिक उपचार करवाया। खबर लिखे जाने तक दोनों युवक बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाजरत रखें। ज्ञात हो कि आए दिन बरवाडीह प्रखंड के विभिन्न रास्तों पर सड़क दुर्घटना की संख्या एकाएक काफी ज्यादा बढ़ गयी है। जिससे दुर्घटना के बाद की गंभीरता को समझा जा सकता है। जरूरत है प्रशासन के द्वारा हेलमेट को लेकर व्यापक चेकिंग अभियान चलाया जाए तथा हेलमेट इस्तेमाल करने को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान में चलाने का काम करें।

## कार्रवाई : घटना की जांच करने घटना स्थल पर पहुंचे डीआइजी व एसपी

# गोली चली थी जिसमें इंजीनियर सहित दो ठेका मजदूर घायल हुए थे

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत मालहन पंचायत के समीप बरकाकाना बरवाडीह रेल खंड किमी 173/16 के समीप थर्ड रेलवे लाइन विस्तारीकरण कार्य के दौरान माओवादियों द्वारा की गयी। गोलीबारी की घटना की जांच करने शनिवार को पलामू डीआईजी राजकुमार लकड़ा, लातेहार एसपी अंजनी अंजन, एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा समेत सीआरपीएफ के डिप्टी कमांडेट धर्मेन्द्र यादव, असिस्टेंट कमांडेट कुणाल यादव घटना स्थल पहुंचे। अधिकारियों ने घटना स्थल का निरीक्षण किया डीआईजी श्री लकड़ा ने चंदवा थाना प्रभारी मदन कुमार शर्मा से घटना के संबंध में जानकारी हासिल की साथ ही उन्होंने कहा कि नक्सलियों द्वारा की गयी। इस कायराना हरकत का मुंहतोड़ जवाब दिया जायेगा। अधिकारियों ने घटना स्थल के आस पास के क्षेत्रों में सर्च ऑपरेशन भी चलाया। शुक्रवार दोपहर हुई गोलीबारी में तीन कमीर्यो को लगी है गोली विदित हो कि थर्ड रेलवे लाइन विस्तारीकरण का कार्य केइसी कंपनी को मिला हुआ है केइसी कंपनी ने उक्त कार्य को पेटी कॉन्ट्रैक्ट पर जेजीबी नामक कंपनी को दे रखी है शुक्रवार को मालहन के समीप ड्रेन निर्माण कार्य चल रहा था साइट पर कंपनी के जेई शिवकुमार समेत अन्य कर्मी मौजूद थे दोपहर लगभग तीन बजे सादे लिबास में 10 से 12 की संख्या में हथियारबंद माओवादी दो तीन तरफ से आ धमके और सभी को घेर लिया माओवादियों ने कंपनी के जेई शिवकुमार को अपने कब्जे में लेते हुए उसे तीन गोली मार दी जिससे वह वही गिर गया। गीलीबारी होता देख अन्य कर्मी वंहा से भागने लगे जिसमें दो कामगारों के पैर में गोली लगी है। घटना को अंजाम देने के बाद सभी माओवादी जंगल की तरफ भाग निकले।घटना में जेई शिवकुमार यादव पिता गणेश यादव औरंगाबाद बिहार, विशेश्वर यादव पिता धनेश्वर यादव, विकास यादव पिता बलराम यादव दोनो सीरम बालूमाथ। गोली लगने के कारण शिवकुमार यादव की स्थिति गंभीर बनी हुई है। कंपनी के कैंप पर पहले भी दो बार हो चुका है हमला इसी वर्ष 22 अगस्त को केंदुआटांड़ स्थित कंपनी के कैंप पर धावा बोलकर कई गाड़ियों में तोड़ फोड़ किया गया था उस वक्त भी घटना की जिम्मेवारी नक्सली संगठन ने ली थी इससे पूर्व लगभग दो वर्ष पूर्व भी नक्सलियों ने कंपनी के कैंप पर हमला कर कई वाहनों में आग लगा दी थी। इधर घटना के बाद से कंपनी के साइट पर सन्नाटा पसरा हुआ है सभी कर्मी सहमे हुए हैं घटना के संबंध में कोई कुछ बताने के लिए भी तैयार नहीं है।





## लोहरदगा में कई दुकानों से वसूला जुर्माना



**लोहरदगा।** जिले के शहरी क्षेत्रों में नगर परिषद लोहरदगा और आपदा प्रबंधन पधाधिकारी के द्वारा दुकानों की जांच की गयी। साथ ही जांच में दोसी पाये जाने वाले कई दुकानों से फाइन भी वसूला गया। दीपावली को लेकर जिले में जांच अभियान चलाया गया। इस जांच में दुकानों पर पटाखा, प्लास्टिक की जांच की गयी। जिले में प्लास्टिक बैन के बाद भी कई दुकानों में प्लास्टिक का उपयोग किया जा रहा है साथ ही बिना लाइसेंस के पटाखों की भी बिक्री की जा रही है जिसे लेकर शहरी क्षेत्र में जांच ड्राइव चलाई गयी। इस जांच में फाइन भी वसूला गया। वही लोगो से अपील किया गया घरों से थैला लेकर निकले प्लास्टिक का उपयोग न करें साथ ही पर्यावरण को संरक्षण करते हुए कम नुकसानदेह वाली पटाखों का उपयोग करे और सुरक्षा के साथ-साथ दीपावली बनाए। इस जांच अभियान में नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी देवेंद्र कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी पवन कुमार, आपदा प्रबंधन पदाधिकारी विभाकर कुमार, नगर परिषद सिटी मैनेजर विजय कुमार, एएसआई रमेश कुमार तिवारी, सुकू सुरेन, अनिल कुमार, सहित अन्य उपस्थित रहे।

## चंदनडीह में शिला कुटीर उद्योग का उद्घाटन




**लातेहार।** जिला मुख्यालय के समीप चन्दनडीह में शनिवार को शिला कुटीर उद्योग का उद्घाटन पुरोहित के द्वारा विधिवत पुजन कर किया गया। वहीं उद्घाटन के दौरान दुकान का संचालक राहुल कुमार ने बताया कि यहां पर आरबीआर ब्रांड का सभी प्रकार का मशाला, बेसन, पापड़, दाल, उपलब्ध है। हमारे द्वारा सामान का निर्माण स्वयं किया जाता है। एवं उचित दाम पर ग्राहकों को उपलब्ध किया जाता है। यहां पर थोक एवं खुदरा सामान की बिक्री उपलब्ध है। वहीं संचालक ने आगे बताया कि उपयुक्त सभी सामग्री के निर्माण के लिए मशीन लगाया गया है। ग्राहकों के आर्डर के अनुसार सामग्री की उत्पादन तेज कर सामग्री को मुहैया कराया जायेगा।

## जनसाहस संस्था की टीम ने गुजरात के सूरत में फंसी युवती को कराया मुक्त

**लातेहार।** लातेहार की रहने वाली युवती गुजरात के सूरत में फंसी हुई थी जिसे जनसाहस संस्था ने मुक्त करवाया है। संस्था के लोगों ने बताया कि इसे दिल्ली के मंजू नर्स और प्लेसमेंट सर्विसेज के द्वारा सूरत गुजरात भेजा गया था। यह युवती गुजरात के सूरत में एक निजी घर में घरेलू काम करती थी। जहां उन्हें बंधुवा मजदूर जैसा काम करवाया जाता था और घर के बाहर नही निकलने दिया जाता था। एक दिन किसी तरह युवती ने अपने चचेरे भाई को फोन किया और फंसे होने की जानकारी दी। उसके बाद युवती के पिता ने जनसाहस संस्था की टीम को पूरी जानकारी दी और मदद मांगी। संस्था ने युवती के पिता के साथ लातेहार उपायुक्त, एसडीएम और एलडी में आवेदन दिया। जिसके बाद उपायुक्त लातेहार के द्वारा अभीलंब डीएम सूरत को इससे संबंधित लेटर भेजा गया। जिससे सूरत की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के द्वारा टीम बनाकर युवती को मुक्त करवाया गया।

# धनतेरस को लेकर बाजारों में सज गये मिट्टी के दीये और खिलौने

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** दीपावली त्योहार का उत्सव और उमंग चरम पर आ गया है। दीपावली को लेकर जिले के ग्रामीण व शहरी इलाको के बाजारो में मिटटी के दीए, खिलौने, डिजाईनर दीएं, ग्वालीन मूर्ति आदि बिकना शुरू हो गया है। स्थानीय बरवाटोली, गुदरी बाजार, सोमार बाजार, महावीर चौक, पावरगंज चौक, मैना बगीचा आदि इलाको में कुम्हारों द्वारा निर्मित मिटटी के सामानों के दुकानें आकर्षक ढ़ंग से सजाए जा रहे है। इस वर्ष बच्चों के लिए बाजारो में कई आकर्षक और डिजाईनर दीएं व मूर्तियां उपलब्ध है। बाजारों में मिटटी के दिए 125 रुपये से 200 रुपये प्रति सैकड़ा बिक रहा है। वहीं दीये का आकार बने मिटटी के खिलौने 20 रुपये से लेकर 200 रुपये तक बिक रहे है। करंज का तेल 110 रुपये से 170 रुपये प्रति लीटर बिक रहे है। दीपावली के पूर्व अग्रपूज्य भगवान गणेश और माता महालक्ष्मी की मूर्तियां दीपावली उत्सव का अहसास करा रही है। बाजारों में मिठाई व पटाखों की भी दुकाने आकर्शक ढ़ंग से सजाएं गये है। धनतेरस बाजार में सामान्य मेटल माना जाने वाला स्टील के बर्तनों का मूल्य आसमान छू गया है। गणेष लक्ष्मी की मूर्तियां 25 रुपये से 1000 रुपये तक की है।




### प्रखंडों में दीपावली की रौनक दिखने लगी

**भंडरा।** प्रखंड क्षेत्र में दीपावली को लेकर बाजारों में रौनक दिखने लगी है। खरीददारी करने के लिए प्रखंड बस्ती सहित आसपास के ग्रामीण इलाके से लोग बड़ी संख्या में यहां पहुंच रहे हैं। दीपावली पर्व से पहले ही इस बार शुभ मुहूर्त को देखते हुए खरीददारी को शुभ माना जा रहा है। प्रखंड बस्ती की ज्वेलरी, बर्तन, कपड़े, कास्मेटिक, बाइक, बूट हाउस, रंगोली, सजावट समान, लाइट, बिजली झालर, किराना, मिठाई, मिट्टी के दीये, रंग पेंट्स एवं इलेक्ट्रानिक दुकान ग्राहकों की खरीददारी के लिए सजकर तैयार हो गई हैं। सभी दुकानदारों ने दिवाली के लिए अच्छी तैयारी कर रखी है। उम्मीद हैं कि खरीददारी के लिए ग्राहकों की भीड़ रहेगी।

## फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक



**लातेहार।** सदर अस्पताल के सभागार में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए एमडीए कार्यक्रम को लेकर मार्गदर्शन दी गयी है। मार्गदर्शिका में एमडीए दौर शुरू होने से कम से कम सात दिन पहले परिवारिक रजिस्टरों को अध्दतन कर लेना आवश्यक है। लक्षित जनसंख्या को दवा खिलाने के लिए बूथ व घर घर में दोनों तरफ की सूक्ष्म योजना तैयार करने की जरूरत को लेकर मार्गदर्शन दी गई। बूथ और घर घर में जाकर कार्य करने को लेकर माइक्रो प्लान तैयार करने की बात कही गयी, एमडीए कार्यक्रम की सफलता के लिए समन्वय समिति की बैठक उपायुक्त की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के साथ बैठक प्रखंड स्तरीय बैठक बीडीओ की अध्यक्षता में करना को कहा गया। समन्वय समिति की बैठक तीन बार की जायेगी पहली बैठक एमडीए कार्यक्रम के एक माह पूर्व दुसरी बैठक एमडीए कार्यक्रम के दौरान तीसरी बैठक एमडीए कार्यक्रम की समाप्ति के बाद करना है। सभी आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य उपकेंद्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं वार्ड कार्यालय सार्वजनिक भवन को चिह्नित कि जायेगी। प्रत्येक बूथ पर दवा प्रशासकों को फाइलेरिया रोधी दवा के अलावा उल्टी बुखार की दवा एवं ओ.आर?. एस. इत्यादि की उपलब्धता सुनिश्चित किया जायेगा। ताकि आवश्यकता होने पर लाभुकों को सेवा दिया जा सके। दवा का सेवन प्रशासकों अपने सामने कराने की बात कही गयी दवा खाने के बाद लाभुकों को दवा देनेवाले प्रशासक अपने देखरेख में रखेंगे। दवा सेवन करने के बाद किसी तरह का लक्षण दिखाई पड़ता है जैसे उल्टी, बुखार तो ओआरएस आदि की दवा दवा खिलाने वाले प्रशासकों दिया जायेगा। गंभीर प्रतिकूल प्रभाव दिखाई पड़ने पर त्वरित कार्यदल द्वारा उनका इलाज सुनिश्चित कराया जायेगा, पहले दिन गणमान्य व्यक्ति द्वारा 9.00 बजे जनसमुदाय के सामने दवा खा कर कार्यक्रम का शुभारंभ श्रेयस्कर होगा। एक दिन में दवा प्रशासक 15-20 घर में अपने सामने दवा सेवन करना सुनिश्चित करेंगे। दवा प्रशासकों द्वारा कोविड-19 से जुड़े प्रोटोकॉल जैसे मास्क, गल्भस, सैनेटाइजर का उपयोग करना अनिवार्य होगी। साथ ही लाभुकों को दवा खिलाते समय सोशल डिस्टेंस का अनुपालन सुनिश्चित की गयी है। फाइलेरिया उन्मूलन लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए शत प्रतिशत लाभुकों को दवा से आच्छादित करना अनिवार्य है। सभी मापदंडों को ध्यान में रखते हुए सूक्ष्म कार्य योजना सुनिश्चित किया गया है।

## अविराम कॉलेज की बच्चियों ने डीप उत्सव पर खूबसूरत रंगोली बनायी



**चंदवा।** चंदवा के अविराम ग्रामीण विकास स्वयंसेवी संस्थान कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फामेर्सी चंदवा में दीपावली महोत्सव मनाया गया जिसमें लक्ष्मी पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गयी और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में सभी बच्चों ने भाग लिया और अपना प्रदर्शन दिया जिसमें प्रथम स्थान पर वेरोनिका एंड ग्रुप और द्वितीय स्थान पर आशीष एंड ग्रुप तृतीय स्थान पर प्रिया एंड ग्रुप ने अपना बेहतर प्रदर्शन दिया। इस कार्यक्रम में नर्सिंग एंड फामेर्सी के सभी टीचर्स ने भाग लिया। बताते चले कि अविराम कॉलेज में सभी त्योहारों के अवसर पर बच्चों को तरह तरह के गुर सिखाए जाते है। वही बच्चे भी त्यौहार के मौके पर कई तरह के अपनी अपनी प्रतिभा को दिखाने के लिए प्रतिबंध रहते हैं कॉलेज डायरेक्टर इंद्रजीत कुमार भारती और सभी शिक्षकों का अहम भूमिका रहती है।

## पुलिस और खुफिया तंत्र की विफलता का नतीजा है नक्सली हमला : प्रतुल




**चंदवा।** चंदवा भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने शुक्रवार को हुए नक्सली हमलें को पुलिसिया विफलता बताया है। प्रतुल ने चंदवा पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करते हुए पूछा कि थाना से मात्र आठ किमी की दूरी में चलती सड़क के पास इतनी बड़ी घटना हो रही है। खुफिया विभाग को इसकी भनक तक नहीं है। नक्सली एक घंटे से भी ज्यादा समय तक दहशत मचाते रहे और पुलिस 10 मिनट का फासला तय करके भी नहीं पहुंची। हाल के दिनों में चंदवा सुर बालूमाथ पुलिस के रैवये से जनता और पुलिस के बीच खाई पैदा हु। ऐसे में पुलिस के लिए नक्सलियों से लोहा लेने आसान नही होगा। प्रशासन को तत्काल चंदवा मैक्लुस्कीगंज मार्ग पर स्थान चयन कर एक पिकेट की स्थापना करनी चाहिए। चंदवा व्यापारिक दृष्टिकोण से व्यवसायियों के लिए सबसे अच्छा जगह माना जाता है।इसे बेहतर पुलिसिंग के माध्यम से ही बचाया जा सकता है।

## फुटबॉल प्रतियोगिता फाइनल मैच का उद्घाटन



**कैरो/लोहरदगा।** प्रखंड के कैरो आदिवासी मुहल्ला के द्वारा दानवीर स्व शिव प्रसाद साहू दो दिवसीय खस्सी, कैशमनी फुटबाल प्रतियोगिता फाइनल मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस डेलीगेट सह जिला बिससूत्री सदस्य नेसार अहमद, विशिष्ट अतिथि कैरो प्रखंड बीससूत्री उपाध्यक्ष सह संरक्षक बुधवा उरांव, आयोजन समिति के संरक्षक देवदत्त प्रजापति आदि अतिथियों के द्वारा स्व शिव प्रसाद साहू के चित्र पर मालार्पण के बाद खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। फाइनल मुकाबले में राहे की टीम ने महुआ बगान टीम को एक गोल से हराया। मौके पर मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस डेलीगेट सह जिला बीससूत्री सदस्य नेसार अहमद ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलें, खेल में हार जीत लगी रहती है हारने वाली टीम को हतोउत्साह होने की जरूरत नहीं है नहीं जितने वाली टीम को बहुत ज्यादा उत्साहित होने की जरूरत है बल्कि खिलाड़ियों को कड़ी मेहनत कर अपनी प्रतिभा को निखारने की जरूरत है ताकि खेल के क्षेत्र में अपना कैरियर बना सकें। क्षेत्र में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नही है उन्हें सही मार्गदर्शन का। राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू क्षेत्र में खेल को बढ़ावा देने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने उन्हें प्लेटफार्म देने का काम करते रहते है। खेल के क्षेत्र में किये जा रहे उनके योगदान को भुलाया नही जा सकता है। प्रखंड बीससूत्री उपाध्यक्ष सह संरक्षक बुधवा उरांव ने कहा कि खेल से आपसी प्रेम सौहार्द को बढ़ावा मिलता है,साथ ही साथ शारीरिक, बौद्धिक और मानसिक विकास होता है।

# आपकी-योजना-आपकी-सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामीणों ने रखी अपनी समस्याएं

आजाद सिपाही संवाददाता



**किस्को/लोहरदगा।** उपायुक्त के आदेशानुसार जिले के किस्को प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत खरकी के राजकीय प्राथमिक विद्यालय सेमरडीह के प्रांगण में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। वहीं कार्यक्रम में शामिल हुए तमाम अतिथियों का रवि महिला मंडल की दीदीयों के द्वारा बुके देकर एवं स्वागत गान से स्वागत किया गया। इधर कार्यक्रम में प्रखंड के वरीय प्रभारी के रूप में जिला योजना पदाधिकारी अरूण सिंह द्वारा मनरेगा के तहत कई योजनाओं का शुभारंभ किया गया। साथ ही कार्यक्रम में पशुपालन विभाग, महिला, बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग की ओर से योजनाओं की जानकारी दी गयी। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी शंकर प्रसाद द्वारा हरा राशन कार्ड बनवाने के लिए विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही अपील की गयी कि जो भी परिवार अब तक राशन कार्ड से अच्छादित नहीं हैं वे प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं संबंधित डीलरों और जिला आपूर्ति पदाधिकारी के कार्यालय में आवेदन जमा कर योजना का संचालन ले सकते हैं। कहा गया कि राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि कोई भी परिवार भूखा ना रहे। हर परिवार को अन्न उपलब्ध कराना है।

## लोहरदगा में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने की छापेमारी



**लोहरदगा।** दीपावली और छठ त्यौहार में आम उपभोक्ताओं को शुद्धता और क्वालिटी वाले मिठाई बाजार में सहज उपलब्धता सुनिश्चित होने को लेकर आज खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी राजा कुमार एवं कार्यपालक दंडाधिकारी सनी कुमार दास और पूजा कुमारी की अगुवाई में शहरी क्षेत्र के विभिन्न मिठाई दुकानों और होटलों में औचक छापामारी किया गया। इस दौरान न्यू बंगाल स्वीट, ग्रीन स्वीट, होटल पर्ल, सिटी प्राइड होटल, होटल रेड रॉक, होटल मून राइट समेत शहर के विभिन्न होटलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान न्यू बंगाल स्वीट सिटी प्राइड होटल, होटल रेड रॉक, होटल मून राइट, में अनियमितता पायी गयी जिसे एक सप्ताह के अंदर सुधार करने का निर्देश दिया गया। वहीं सिटी प्राइड होटल मे 2000 रुपये का फाइन लगाया गया। सफाई के अभाव में संक्रमण फैलने की आशंका व्यक्त की गयी। खाद्य पदार्थ बनाने के दौरान साफ सफाई का विशेष व्यवस्था रखें का निर्देश दिया गया। सैंपल को जांच के लिए रांची नामकुम स्थित लेबोरेटरी भेज दिया गया। होटलों और मिठाई दुकान मैं औचक छापामारी को लेकर मिठाई दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा। इस छापेमारी अभियान में, खाद सुरक्षा पदाधिकारी राजा कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी सनी कुमार दास, कार्यपालक दंडाधिकारी पूजा कुमारी, खाद सुरक्षा कार्यालय सहायक रजनीश कुमार, आदि शामिल थे।

## कार्यक्रम : आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

# योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचे : रमेश्वर उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता



**कैरो/लोहरदगा।** प्रखंड के गुड़ी पंचायत में शनिवार को आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव, प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव, प्रखंड बीससूत्री अध्यक्ष अनीश अहमद, उपाध्यक्ष बुधवा उरांव, बीडीओ-सीओ, बिससूत्री सदस्य समीद अंसारी, धनपत उरांव आदि के द्वारा दिप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी समिल हुए जिन्हें महिलाओं ने स्वागत गान के साथ ढोल मांदर के थाप के साथ झूमते गाते हुए किये। मौके पर मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पंचायतों में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। सरकार की यह अत्यंत महत्वकांक्षी कार्यक्रम है। सरकार की सोच है कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचे, यदि किसी कारण से गांव घर के लोग योजना का लाभ लेने के लिए प्रखंड, जिला तक नही पहुंच पाते है सरकार ही आपके द्वार तक पहुंच रही है। उन्होंने कहा की जनकल्याणकारी योजनाएं जनता के हित के लिए बनायी जाती है यदि जनता उससे वंचित रह जाते हैं तो फिर योजना बनाने का कोई मतलब नहीं। आप सभी अपने पंचायतों में लगनेवाले शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचें और योजनाओं का लाभ उठाये। अपना पंजीयन शिविर में लगे स्टॉल में करायें। आपके आवेदन की मॉनिरिंग सीधे राज्य सरकार द्वारा की जा रही है। आपका आवेदन बिल्कुल सुरक्षित रहेगा और निष्पादित किया जायेगा। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य सुखदेव उंराव ने कहा कि जिसका लाभ लेने के लिए आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पंचायत में लग रहे है।

### मौके पर ये लोग उपस्थित थे

जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव, प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव, विधायक प्रतिनिधि नीशीत जायसवाल, प्रदेश डेलीगेट अजय नाथ शाहदेव, वरिष्ठ कांग्रेसी शकील अहमद, यूथ कांग्रेस कार्यकारी जिला अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, भंडरा प्रखंड बिससुत्री अध्यक्ष डोमना उरांव, कुडू प्रखंड बिससूत्री अध्यक्ष सदरूल अंसारी, कैरो प्रखंड बीससूत्री अध्यक्ष अनीश अहमद, उवाध्यक्ष बुधवा उरांव, जिला कल्याण पदाधिकारी नरायन दास, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अमित बेसरा, बीडीओ-सीओ, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी सुनील चन्द्र कुंवर, बीपीओ मृणाल प्रकाश, समीद अंसारी, सजाद, समीरुदीन अंसारी, मोजहिर अंसारी आदि उपस्थित थे।

## धनतेरस को लेकर लोगों ने खरीदारी की

**बरवाडीह।** धनतेरस को लेकर बरवाडीह शहर में काफी चहल-पहल और रौनक रही। दुकानों में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। धनतेरस को लेकर लोगों ने जमकर खरीदारी की। बर्तन दुकान में जमकर उमड़ी ग्राहको की भीड़ परंपरा के अनुसार धनतेरस के दिन लोग कुछ ना कुछ बाजार से खरीदते हैं। धनतेरस के दिन आभूषण और धातु खरीदने की परंपरा रही है। लोग सामर्थ्य के अनुसार धनतेरस के दिन बाजार में खरीदारी करते हैं। पूजा-पाठ को लेकर बर्तन की दुकान में ज्यादा भीड़ देखी गयी। लोगों ने बर्तन के सामान में पीतल, कांसा के बर्तन खरीदारी की। कुछ लोग चांदी के सिक्के भी खरीदते हुए आभूषण की दुकानों में देखे गये। धनतेरस के मौके पर झाड़ू की खूब हुई बिक्री धनतेरस के दिन बरवाडीह बाजार में लोग जहां बर्तन और चांदी के सिक्के आभूषण, वाहन की खरीदारी की। वहीं लोग झाड़ू लेना नहीं भूले, झाड़ू की खूब बिक्री हुई। ऐसी मान्यता है कि झाड़ू धनतेरस के दिन खरीदने से घर में लक्ष्मी का वास होता है। यही कारण है कि परंपरा का निर्वाह करने के लिए लोग झाड़ू खरीदना नहीं भूलते हैं।

# छापामारी अभियान चला कर 17 लोगों को किया गया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** थाना क्षेत्र के रामजडी में बसिया पुलिस द्वारा एसआइ प्रदीप रजक के नेतृत्व में छापामारी अभियान चलाकर जुआं खेल रहे। 17 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से 5250 रुपये नगद एवम तास के पत्ते एवम चटाई को जप्त कर लिया गया। गिरफ्तार लोगों में अधिकतर युवा वर्ग शामिल है। गिरफ्तार युवकों में प्रकाश कंसारी 22, रंजीत कंसारी 35, बीरा उरांव 42, अमन राम 44, राज उरांव 27, सचिन कंसारी 21, प्रकाश कंसारी 24, अभिषेक कंसारी 19, बादल कंसारी 19, रामशंकर कंसारी 19, प्रदीप कंसारी 31, समीर कंसारी 25, प्रदीप कंसारी 47, युधिष्ठिर कंसारी 32, रोशन कंसारी 27, ओमकेश्वर साहू 31 एवम नंदबाबा कंसारी 32 वर्ष शामिल है। पुलिस की इस कार्रवाई से पूरे प्रखंड में हड़कंप मचा हुआ है।

## कुआं में डूबने से युवक की मौत

**बसिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सरुडा गांव निवासी सुनिल केरकेट्टा पिता नुवेल तिर्की की कुएं में डूबने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार सुनिल मिर्गी रोग से ग्रसित था जो शुक्रवार देर शाम मवेशी चराने गया था। जहां से घर लौटने के बाद वह हाथ पैर धोने घर के बगल स्थित कुआं में गया था। जहां उसे अचानक मिर्गी का दौरा पड़ा और वह कुआं में जा गिरा। जिससें उसकी मौत हो गई घटना के लगभग एक घंटे बाद परिजनों को इसकी जानकारी मिली। जिसके बाद उसे कुआं से बाहर निकाला। तबतक उसकी मौत हो गई थीं।

# आभिभावकों और शिक्षकों के सेमिनार का आयोजन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** मोनफोर्ट सीनियर सेकंडरी स्कूल कोनबीर नावाटोली में शनिवार को स्कूल के छात्र-छात्राओं,आभिभावकों एवं शिक्षकों के सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथी रांची से आये मनोवैज्ञानिक डॉक्टर नंदलाल कुमार साहू उपस्थित थें। जहां कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि को बुके देकर सम्मानित करने एवं मैट्रिक की परीक्षा में 95.4 अंक लाकर स्कूल टॉपर रहे अनिल सिंघानी एवं श्रेया साहु को भी बुके, प्रस्सति पत्र एवं 25 सौ रुपये नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। सेमिनार कार्यक्रम में डॉ. नंदलाल साहू ने उपस्थित छात्रों अभिभावकों एवं शिक्षकों को मानसिक रोग के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए मानसिक रोग के लक्षण, कारण, बचाव एवं उसके इलाज से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले दो साल लोगों से खासकर कोरोना काल के बाद लोगों में मानसिक बीमारी में काफी इजाफा हुआ हैं। हमें सही जानकारी के साथ अपनी सोच को बदलने की आवश्यकता है ताकि हम मानसिक रोग से बच सकें। उन्होंने ब्लैकबोर्ड में चित्र बना कर मानसिक रोग के लक्षण, कारण एवं बचाव पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में मोनफोर्ट स्कूल के प्रिंसिपल ब्रदर अल्बिनुस तिग्गा, ब्रदर जेवियर टेटे के अलावा सभी शिक्षक, शिक्षका, अभिभावक एवं छात्र-छात्रा मौजूद थें।

# सीलम पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पहुंचे डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुगमतापूर्वक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज रायडीह प्रखंड के सीलम पंचायत में 'आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में पहुंचे स्थानीय नागरिकों को संबोधित करते हुए उपायुक्त सुशांत गौरव ने कहा कि उनकी समस्याओं को दूर करने के लिए ही ऐसे सुदूर क्षेत्रों में इस प्रकार के शिविरों का आयोजन किया गया है। उन्होंने अपने संबोधन में खाद्य सुरक्षा योजना के नए प्रावधानों, किशोरी समृद्धि योजना सहित कई कल्याणकारी योजनाओं की सरल भाषा में आम नागरिकों को जानकारी दी। कई विभागों के स्वीकृति पत्र व परिसंपत्तियों का वितरण भी उन्होंने अपने हाथों से प्रतीकात्मक रूप में किया। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों और कर्मचारियों को भी निर्देशित किया कि वे इन शिविरों में पूरे मनोयोग से कार्य करते हुए अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने का प्रयास करें ताकि इस कार्यक्रम की सार्थकता सही मायने में सिद्ध हो सके। फूलो झानो आशीर्वाद योजना का लाभ वितरण, केसीसी ऋण आदि का वितरण किया। उन्होंने कई लाभुकों से व्यक्तिगत संवाद कर उनकी समस्याओं को जाना।

## इस मौके पर ये रहे मौजूद

इस मौके पर प्रखंड स्तर के तमाम पदाधिकारी, कर्मचारी गण तथा सैकड़ों की संख्या में लाभुकगण मौजूद थे। शिविर में उपायुक्त सुशांत गौरव, जिला आपूर्ति पदाधिकारी गुलाम शामदानी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, एवं अन्य विभागीय पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

फीफा कप की भारतीय कप्तान अष्टम और खिलाड़ी सुधा के गुमला आगमन पर डीसी ने किया सम्मानित

# डीसी ने अष्टम उरांव को बनाया किशोरी समृद्धि योजना का ब्रांड एंबेसडर

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** भारतीय फुटबॉल अंडर 17 टीम की कप्तान अष्टम उरांव एवं खिलाड़ी सुधा अंकिता तिर्की के गुमला आगमन के उपरांत उपायुक्त श्री सुशांत गौरव ने अपने सभाकक्ष में उनका सम्मान समारोह आयोजित किया। इस दौरान उपरोक्त दोनों खिलाड़ियों के अलावा इन खिलाड़ियों के परिजन भी मौजूद रहे। खिलाड़ियों के परिजनों को भी उपायुक्त ने गुलदस्ता देकर उनके प्रति सम्मान प्रकट किया। उपायुक्त ने कहा कि गुमला की इन बेटियों ने न केवल इस जिले का बल्कि पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है, उस पर उन्हें गर्व है। साथ ही दोनों खिलाड़ियों सहित अन्य खिलाड़ियों को अपने अंदाज में उपायुक्त ने अभिप्रेरित करते हुए कहा कि अभी यह सिर्फ शुरूआत है, इन लोगों को बहुत ऊंचाई तक जाना है, इसलिए इस उपलब्धि के तुरंत बाद नए सिरे से नई उपलब्धि के लिए मेहनत में जुट जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने खिलाड़ियों तथा उनकी प्रशिक्षक से जरूरी फीडबैक भी लिए कि गुमला के खिलाड़ियों को अच्छा माहौल एवं आधारभूत सुविधाएं देने के लिए जिला प्रशासन से उनकी क्या क्या अपेक्षाएं हैं। आश्वस्त करते हुए उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन जिले के खिलाड़ियों को एक अच्छा माहौल देने तथा उनके परिजनों को सभी न्यूनतम आवश्यकताएं उपलब्ध कराने के लिए सदैव संकल्पित है।

## छात्राओं को शिक्षा के लिये किया प्रेरित

उपायुक्त ने जिले में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के बेहतर प्रचार प्रसार एवं जागरूकता के लिए अष्टम उरांव को ब्रांड एंबेसडर बनाया। उन्होंने अष्टम से यह अपेक्षा करते हुए कहा कि वे खेल के साथ-साथ पढ़ाई पर भी उतनी ही गंभीरता से ध्यान दें, साथ ही जिले की अन्य छात्राओं को भी शिक्षा के लिए प्रेरित करें।

## दिवाली का उपहार भी दिया

उपायुक्त ने मौजूद खिलाड़ियों तथा उनके परिजनों को जिला प्रशासन की ओर से दीपावली का उपहार भी प्रदान किया।

## मौकें पर इनकी रही मौजूदगी

इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी श्री रवि आनंद, प्रशिक्षु आईएएस श्री आशीष गंगवार, कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार, खेल पदाधिकारी हेमलता बून, फुटबॉल कोच बीना केरकेट्टा सहित शहर के कई अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त खिलाड़ी मौजूद थे।

# जूनियर और सीनियर बालक और बालिका ग्रेपलिंग कुश्ती का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** रामगढ़ के बड़काकाना मे आयोजित 2 दिवसीय झारखंड स्टेट जूनियर और सीनियर बालक और बालिका ग्रेपलिंग कुश्ती का आयोजन किया गया है जो की दिनांक 22 अक्टूबर से 23 अक्टूबर को डीएवी स्कूल बड़काकाना मे यह चैंपियनशिप होना है जिसमें हमारे गुमला जिला से चयन ट्रायल मे चयनित हो कर स्टेट चैंपियनशिप में जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। हफीर्जु रहमान ने सभी चयनित खिलाड़ी का टीम गठन किया। जिसमें जूनियर बालक में सागर (46 किलो), अरिब (54 किलो), प्रवीण (58 किलो) विजय (62 किलो), चंद्रभान (69 किलो), आदित्य (76 किलो) हर्षित ( 92 किलो) वही सीनियर बालक मे अनिश (62 किलो), दीपक (64 किलो), रवि (71 किलो) चयनित है। वही जुन्नु रैन ने कहा स्टेट मे चयनित होने पर खिलाड़ी को नवंबर में होने वाले ग्रेपलिंग कुश्ती उत्तर-प्रदेश के गोंडा जिला के लिए होगा साथ ही टीम के कोच सैयद जुन्नू रैन एवं हफि जूर रहमान रामगढ़ खिलाडी के साथ गये। वही टीम को माला और मिठाई खिला कर सीनियर खिलाडी ने टीम को शहीद चौक से रवाना किया। जिसमें विकास साहू, विक्रम राज, असर अब्दीन, तौफीक अंसारी थे।

## अंधकार को भगाने के लिए एक दिया काफी है : डीसी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** नगर परिषद के तत्वाधान में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार धनतेरस शनिवार की शाम मुरली बगीचा तालाब मैं सामूहिक दीपदान का कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे उपायुक्त से सुशांत गौरव ने कहा कि यह अपने आप में एक अनूठा कार्यक्रम है जो कि अंधकार मिटाने का संदेश देता है। कहा कि जिस प्रकार यहां पहुंचे व्यक्ति ने सिर्फ एक दिया जलाकर पूरे तालाब परिसर को प्रकाशमान कर दिया है। उसी प्रकार शहर का हर नागरिक अपने अपने स्तर पर अच्छे कार्यों की प्रकाश से पूरे शहर और पूरे जिला की समृद्धि में अपना योगदान दे सकता है।

चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता का किया आयोजन

# अज्ञानता का अंधकार को मिटाकर संसार में ज्ञान का प्रकाश फैलायें : विजय



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल रन्हे घाघरा में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को किया गया। यह कार्यक्रम दीपावली के उपलक्ष में विद्यालय के बच्चों के बीच आयोजित थी। मौके पर मौजूद लोगों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय के निदेक विजय साहू ने कहा कि दीपावली के दीप से अज्ञानता का अंधकार मिटा कर संपूर्ण संसार में ज्ञान का प्रकाश फैलाएं उन्हें छात्रों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता से बच्चों की प्रतिभा निखरती है।

## कई विषयों पर आधारित रंगोली बनायी

विद्यालय के गांधी ग्रुप, पटेल ग्रुप, नेहरू ग्रुप एवं सुभाष ग्रुप ने एक से बढ़कर एक रंगोली बनायी। जिसमें दीपावली समृद्धि, पृथ्वी की सुरक्षा, कन्या जीवन बचाओ, पर्यावरण सुरक्षा, कोरोना वायरस, जल ही जीवन है, नशा मुक्ति जैसे विभिन्न विषयों पर आधारित रंगोली बनायी। जिसके बाद विद्यालय विद्यालय प्रबंधन ने रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर मुख्य रूप से मौजूद विद्यालय के प्राचार्य मीना देवी, अंसारी सर, सोसेन मैम, राहुल, मनोज, सोनाली भारती, आरती, निधि, रीना, रेशमा, मालती, ममता एवं विद्यालय के कर्मचारी एवं छात्र-छात्रायें मौजूद थे।

# रंगोली और थाल सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** दीपावली की पूर्व संध्या पर बालिका व्यक्तित्व विकास के अंतर्गत रंगोली तथा थाल सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता तीन वर्गो में विभाजित थी बाल, किशोर तथा तरुण वर्ग। आचार्या अन्नपूर्णा कुमारी के नेतृत्व में प्रतियोगिता का संचालन हुआ। विद्यालय के आचार्या संगीता कुमारी, देवंती कुमारी, आशा कुमारी तथा मिताली कुमारी सिंह निर्णायक की भूमिका में रही। थाल सज्जा प्रतियोगिता में बाल वर्ग से कक्षा अष्टम से रितिका कुमारी प्रथम, कक्षा सप्तम से आनवी अपूर्वा तथा प्रिया नागेशिया संयुक्त रुप से द्वितीय तथा कक्षा अष्टम से पलक ओझा तथा लक्ष्मी कुमारी संयुक्त रुप से तृतीय स्थान पर रही। वही किशोर वर्ग में कक्षा नवम से आयुषी कुमारी प्रथम स्थान , अमृता कुमारी तथा रूबी कुमारी संयुक्त रुप से द्वितीय स्थान, सोनी कुमारी तथा दीक्षा कुमारी संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रही। रंगोली प्रतियोगिता में तरुण वर्ग से खुशी कुमारी प्रथम स्थान पर रही। वरिष्ठ आचार्य अयोध्या चौबे ने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने बहनों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा की ऐसी प्रतियोगिता से बहनों में अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर प्राप्त होता है तथा अपनी संस्कृति और कला से जुड़ने का मौका मिलता है। उन्होंने विद्यालय के सभी भैया बहनों को दीपावली तथा छठ की शुभकामनाएं दी। शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय मकरा में बच्चों के बीच रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को किया गया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों के द्वारा ग्रुप बनाकर रंगोली बनायी गई। जिसका अवलोकन पंचायत की मुखिया अंगनी उरांव एवं पूर्व मुखिया झरी उरांव के अलावे विद्यालय के शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारियों ने किया। इस दौरान सभी ग्रुप को मुखिया अंगनी उरांव के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुखिया ने कहा आज तक इस तरह की प्रतियोगिता प्राइवेट विद्यालयों में देखने को मिलती थी पर सरकारी विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन करना बहुत ही सराहनीय कार्य है। इससे बच्चों में छिपी प्रतिभा सामने आयेगी और प्राइवेट विद्यालय के बच्चों का मुकाबला हरे क्षेत्र में सरकारी विद्यालय के बच्चे भी कर पायेंगे। खास कर उन्होंने विद्यालय की शिक्षिका अनीमा रानी टोप्पो को इस सराहनीय कार्य के लिए धन्यवाद देते हुए अन्य विद्यालय के शिक्षकों से भी आग्रह किया है कि विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को हर समाजिक गतिविधि हर त्यौहार के प्रति जानकारी दे ताकि हर सभी बच्चों में सर्व धर्म सम्मान के भाव से देख पायेंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से मुखिया अंगनी उरांव, पूर्व मुखिया झरी उरांव, उप मुखिया संजय गोप, अनिमा रानी टोप्पो, अजित लाल, ज्योतिनाथ ज्योति, ज्योति यादव व पूनम देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

सॉलिटेयर एजुकेशन एकेडमी विद्यालय में दीपोत्सव रामायण मंचन किया गया आयोजित

# बुद्धि और धन के प्रतीकात्मक स्वरूप की होती है आराधना: चंद्रकांत पाठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** सॉलिटेयर एजुकेशन एकेडमी विद्यालय मकरा घाघरा में दीपोत्सव का आयोजन तथा रामायण (राम कथा) का मंचन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में विद्यालय के सचिव अंकिता श्री ने बच्चों को दीपावली के महत्त्व से अवगत कराया। साथ ही साथ उन्होंने दीपावली से जुड़े पौराणिक कथाओं के विषय में भी बच्चों जानकारी दीं। उन्होंने इस विषय में बच्चों को बतलाया कि दीपावली के दिन ही भगवान श्री रामचंद्र, सीता तथा भाई लक्ष्मण के साथ पुष्पक विमान से सकुशल अयोध्या वापस वापस लौटे थे। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य श्री चंद्रकांत पाठक ने संबोधित करते हुए कहा कि दीपावली साफ-सफाई और दीप जलाने का त्यौहार है। इस त्यौहार में बुद्धि तथा धन के प्रतीकात्मक स्वरूप भगवान गणेश एवं मां लक्ष्मी की आराधना भी की जाती है। इसमें गोधन पूजा (गायों की पूजा) भाई-बहन के पवित्र-प्रेम का प्रतीक भाई-दूज की भी पूजा की जाती है। रामायण के मंचन में विद्यार्थियों ने चरित्र के अनुसार पोशाक एवं अस्त्र-शस्त्र से सुशोभित थे। उन्होंने संक्षिप्त में रामायण मंचन करते हुए संदेश दिया कि अज्ञान रूपी अंधकार को कैसे भगवान श्रीराम ने त्रेता युग में जीवन को जिया है और ऐसी लीलायें की कि वे पुरुषोत्तम राम के नाम से जाने जाते हैं। इस मौके पर विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने सक्रिय रुप से अपना अपना योगदान दिया।

## रामायण (राम कथा) के प्रमुख पात्र

राम-सच भारद्वाज 9वीं कक्षा, लक्षमण-प्रत्युष पाठक 7वीं कक्षा , सीता-आकांक्षा कुमारी 8वीं कक्षा, भरत-हर्ष पाठक 8वीं कक्षा, शत्रुघ्न-आदित्य कुमार 8वीं कक्षा, हनुमान-अमृत कुमार 8वीं कक्षा, सुग्रीव-शिवम कुमार 9वीं कक्षा, गुरु वशिष्ठ-स्नेह राज 10वीं कक्षा, रावण-सनोज उरांव 10वीं कक्षा, विभीषण-वैभव शर्मा 10वीं कक्षा, कौशल्या-प्रिया गुप्ता 9वीं कक्षा, कैकेयी-अनुष्का शर्मा 9वीं कक्षा, सुमित्रा-पूजा पासवान 9ई, राजा गुहराज-सत्यम गोस्वामी 7 वीं कक्षा, वहीं वानर सेना, रावण सेना-क्लास 5 तथा 4 के छात्र साथ ही स्वागत नृत्य-क्लास 6 तथा 7 की छात्राओं ने भक्कग लिया।

# डीसी ने किया अस्पताल का निरीक्षण

**अस्पताल के वेयरहाउस का उपायुक्त ने निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि टाटा द्वारा दी गयी नयी सामग्री को सदर अस्पताल में शिफ्ट करायें।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** शनिवार को उपायुक्त सुशांत ने सदर अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीओ सदर, सहायक समाहर्ता, सिविल सर्जन गुमला के अलावा अन्य उपस्थित थे। इस दौरान एंबुलेंस ड्राइवर के कमरा के छत पर रखे टायर और गंदगी देखकर उपायुक्त ने अस्पताल प्रबंधकों पर फटकार लगायी। उपायुक्त ने सदर अस्पताल परिसर में बने स्ट्रक्चर को देखकर नाराजगी जतायी और कहा कि सबकुछ बेतरतीब तरीके से बनी हुई है। उन्होंने अनुमडल पदाधिकारी रवि आनंद को शाम में अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यों की समीक्षा रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। अस्पताल के पश्चिमी गेट पर लगाये गये कैटल कैचर के निर्माण पर भी उपायुक्त ने नाराजगी जतायी। अस्पताल के वेयरहाउस का उपायुक्त ने निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि टाटा द्वारा गई नयी सामग्री को सदर अस्पताल में शिफ्ट कराये तथा पुराने सभी सामग्री को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर भेज दें। उपायुक्त ने टीबी विभाग के डिजिटल एक्स रे का भी निरीक्षण किया।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 23 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com



# पांच लाख का इनामी सब जोनल कमांडर गिरफ्तार

## प्रश्रय देने वाले चार सहयोगी भी गिरफ्तार



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** लगभग 18 वर्षो से फरार चल रहे पांच लाख के इनामी नक्सली सब जोनल कमांडर राम प्रसाद यादव उर्फ प्रसाद यादव उर्फ सुजीत उर्फ सुखाड़ी उर्फ भंडारी को लेवी के 45 हजार नगद रुपए के साथ पुलिस ने छतरपुर से गिरफ्तार कर लिया। नक्सली को सहयोग करने के आरोप में चार अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सब जोनल कमांडर राम प्रसाद यादव इनामी नक्सली बगैया में रुका हुआ है। जिसके बाद पुलिस काफी सक्रियता दिखाते हुए इनामी नक्सली को गिरफ्तार कर लिया।नक्सली को प्रश्रय देने वाले एवं समर्थन देने वाले चार अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है।नक्सली प्रसाद यादव के विरुद्ध झारखंड और बिहार में कुल 65 मामले दर्ज हैं। जिसमें 45 मामले बिहार में व 20 मामले झारखंड में दर्ज है। जिसमें सबसे ज्यादा मामला पलामू जिले में दर्ज है। नक्सली के ऊपर हत्या से संबंधित 11 मामले, पुलिस के ऊपर जानलेवा हमला करने के 25 मामले व आठ कांड रंगदारी एवं बलात्कार करने के अन्य मामले दर्ज हैं। एसपी ने बताया कि सब जोनल कमांडर मुख्य रूप से जमीनी विवाद के मामले को गांव के लोगों के बीच जाकर सुलझाया करता था। जिससे यह गांव के लोगों में अपनी पैठ बना लिया था। पुलिस ने 51 वर्षीय माओवादी नक्सली सब जोनल कमांडर राम प्रसाद यादव के साथ उसके समर्थक व प्रश्रय देने वाले 35 वर्षीय कृष्णा यादव, 54 वर्षीय परीक्षा यादव, 35 वर्षीय महिला लालू देवी व राम याद यादव को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के दौरान नक्सली से 45000 नगद दो मोबाइल फोन जमिनी विवाद से संबंधित आवेदन एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। छापामारी टीम में एसडीपीओ छतरपुर अजय कुमार, पुलिस निरीक्षक वीर सिंह मुंडा, छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार, हरिहरगंज थाना प्रभारी सुदामा दास, नौडीहा बाजार थाना प्रभारी रंजीत कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक विजय कुमार रमानी, प्रियरंजन कुमार, रमेश चंद्र हजाम, शिव शंकर उरांव, सहायक अवर निरीक्षक रीतलाल प्रसाद यादव सहित कई पुलिस के जवान शामिल थे।

# पलामू कलाकारों का शहर है : महापौर



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** शहर के जाने-माने शिल्पीकार जो टूटे-फूटे लकड़ी को तराश कर वर्षों से जीवंत रूप देते आ रहे प्रेम वसीम ने महापौर अरुणा शंकर को पेड़ के जड़ से एक ऋषि का योग करते हुए स्वरूप बनाकर अपने हाथों से उपहार स्वरूप दिया। महापौर ने इस अद्भुत कलाकारी के लिए प्रेम वसीम को दिल से आभार दिया और कहा हमारे पलामू में देश स्तर के ऐसे ऐसे कलाकार बसे हैं जो पलामू के नाम को रोशन कर रहे हैं और हम पलामू वासी इन कलाकारों के बदौलत गौरवान्वित महसूस करते हैं। इस अवसर पर नवल तुलस्यान ने कलाकारों के लिए एक कलाभवन निगम क्षेत्र में बनाने का सुझाव दिया जिस पर महापौर ने कहा कि हमने दो माह पूर्व पी बोर्ड से कलाभवन बनाने की स्वीकृति प्राप्त करली है। जो सरकार के पास प्रशासनिक स्वीकृति हेतु भेजा चुका है।

## हरिहरगंज थाना रोड में इलेक्ट्रॉनिक एम्पायर का हुआ उद्घाटन

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज शहरी क्षेत्र के नदी रोड स्थित एक्सिस बैंक के बगल में शनिवार को इलेक्ट्रिक एंपायर प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर के वयोवृद्ध पिता विजय कुमार सिंह व उनके चाचा शिव कुमार सिंह ने पूजन हवन के बाद फीता काटकर उद्घाटन किया. उन्होंने बताया कि इस प्रतिष्ठान में सभी इलेक्ट्रिक, इलेक्ट्रॉनिक का सामान उचित मूल्य पर उपलब्ध है। इस अवसर पर रामनरेश सिंह, अरविंद सिंह, युवा समाजसेवी राजीव रंजन, अखिलेश मेहता, अतहर हुसैन, आलोक कुमार, मृत्युंजय सिंह, मनोज मेहता सहित कई लोग उपस्थित थे।

## किसान खाद भंडार में लगी आग



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के कौवाखोह स्थित एनएच 98 किनारे स्थित किसान खाद भंडार में शुक्रवार की बिती रात शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। जिससे लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। किसान खाद भंडार के प्रोपराइटर बबन प्रसाद मेहता ने शनिवार को बताया कि बीते रात करीब 8 बजे दुकान को बंद कर घर चले गए थे।करीब 12 बजे दुकान के आसपास रहने वाले लोगों ने आग लगने की सूचना दिया। आनन-फानन में रात में ही दुकान पर आया, तो देखा कि आग की तेज लपटें व दुकान से धुआं निकल रहा है। संचालक सरोज प्रसाद कुशवाहा उर्फ बबलू ने कहा कि संभवत शार्ट सर्किट के कारण आग लगी है। उन्होंने बताया कि दुकान में लगी आग से दुकान में रखे ढेर सारा आलू के बोरे खाद, बीज के अलावे काउंटर में रखे लगभग एक लाख रुपए, खरीद बिक्री रजिस्टर, जमीन के कागजात, दुकान का लाइसेंस, गाड़ी के कागजात के अलावा अन्य सामान जलकर पूरी तरह खाक हो गया। दुकान मालिक के मुताबिक 5 लाख से ज्यादा रुपए का नुकसान होने का अनुमान है। घटना की सूचना हरिहरगंज थाना पुलिस को दे दी गई है। घटना की सूचना पर डॉ महेश कुमार वर्मा, उमेश मेहता, जितेंद्र कुमार आदि पहुंचे।

## जिले में ऑनलाइन व्यवसाय की व्यवस्था कर छोटे व्यापारियों को जोड़ना जरूरी: संगीता



**हैदरनगर/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिला के हुसैनाबाद व हैदरनगर में धनतेरस का बाजार सज गया है। हुसैनाबाद में मनोज इलेक्ट्रॉनिक्स समेत आभूषण व बर्तन की दुकानें सज गई है। जबकि हैदरनगर में नेहा इलेक्ट्रॉनिक्स, दुर्गा इलेक्ट्रिक समेत बाजार की आभूषण व बर्तन की दुकानें सज कर ग्राहकों के स्वागत के लिए तैयार है। हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र की सबसे बड़ी दुकान हैदरनगर की नेहा इलेक्ट्रॉनिक्स है। ऐसा आम लोगों का मानना है। नेहा इलेक्ट्रॉनिक्स प्रत्येक वर्ष धनतेरस पर विशेष सेल लगाने का काम करता है। इन्होंने धनतेरस पर ग्राहकों के लिए भारी छूट की घोषणा भी की है। नेहा इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रोपराइटर कौशल कुमार ने जगदम्बा कांप्लेक्स को इलेक्ट्रिक और इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों से पाट दिया है। कौशल ने बताया कि ऑनलाइन शॉपिंग ने उनका धंधा चौपट कर दिया है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक दिन हुसैनाबाद में दस से पंद्रह लाख रुपए की ऑनलाइन शॉपिंग होती है। गांव गांव में इसका प्रचलन आम हो गया है। जिससे बाजार बुरी तरह प्रभावित है। उन्होंने बताया कि धनतेरस के बाजार पर भी इसका असर अभी से साफ दिखने लगा है। दुर्गा इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रोपराइटर नंदलाल प्रसाद ने बताया कि ऑनलाइन शॉपिंग ने उनके धंधे को बुरी तरह प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि पलामू से प्रत्येक दिन करोड़ों का व्यवसाय ऑनलाइन शॉपिंग के माध्यम से हो रहा है। आम दिनों की बिक्री के साथ साथ धनतेरस का बाजार भी मंदा होने की संभावना है। जिला पार्षद संगीता देवी ने बताया कि इस वर्ष अच्छी फसल नहीं होने की वजह पर्व त्योहारों पर इसका असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन शॉपिंग के साथ अकाल का भी असर धनतेरस के बाजार पर होने की संभावना है। हैदरनगर के मुखिया संतोष कुमार सिंह ने कहा कि ऑनलाइन व्यवसाय छोटे बाजार के व्यवसायों के लिए बड़ी परेशानी बन गया है। इससे निबटने के लिए लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। उन्होंने क्षेत्रीय स्तर पर ऑनलाइन सेल की व्यवस्था की आवश्यकता भी बताई। उन्होंने कहा कि समय के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के व्यवसायों को भी चलना होगा। जिला स्तर पर ऑनलाइन व्यवसाय की व्यवस्था कर उससे छोटे व्यवसायों को जड़ने की जरूरत है। इससे ग्रामीण क्षेत्र में व्यवसाय करने वाले लोगों को ऑनलाइन मार्केट और उपभोक्ता मिल सकते हैं। इसके पूर्व शनिवार को धनतेरस बाजार का हैदरनगर जिला पार्षद संगीता देवी, मुखिया संतोष कुमार सिंह, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष डा अजय जायसवाल ने निरीक्षण किया। जिला पार्षद संगीता देवी व मुखिया संतोष कुमार सिंह ने नेहा इलेक्ट्रॉनिक्स के धनतेरस बाजार का फीता काट कर उद्घाटन किया। इस मौके पर जगदम्बा कांप्लेक्स के मालिक गुरु प्रताप सहीदेव, नेहा इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रोपराइटर कौशल कुमार, उप मुखिया पवन जायसवाल, पूर्व पंचायत समिति सदस्य रामप्रवेश मेहता के अलावा कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# सतबरवा के रबदा में मिनी गन फैक्ट्री का पुलिस ने किया उद्भेदन, सात गिरफ्तार



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू पुलिस ने दो दिन पूर्व सोशल मीडिया पर एक नवयुवक का पिस्टल लहराते फोटो एवं वीडियो वायरल होने के बाद लल्लन यादव सहित सात लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिसकी निशानदेही पर मिनी गन फैक्ट्री का भी उद्भेदन हो गया। ललन यादव की गिरफ्तारी के बाद उसकी निशानदेही पर अरविंद सिंह को अवैध हथियार के साथ पकड़ा गया। अरविंद सिंह ने बताया कि वह विकास सिंह से तीन हथियार खरीदा है। जिसमें से एक हथियार पकड़ा गया है। वह एक हथियार अभिषेक चौधरी को और एक हथियार कमलेश सिंह को बेचा है। हथियार बेचने का मुख्य सरगना विकास सिंह है जो हथियार सप्लाई करता है। गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ करने पर बताया कि बैजनाथ मिस्त्री हथियार बनाने का मुख्य रूप से काम करता है। हथियार सप्लायर विजय सिंह बैजनाथ मिस्त्री के किराए के घर में रहता है। घने जंगल के बीच में हथियार बनाने का काम करता है। विजय सिंह बैजनाथ मिस्त्री से चार हजार में पिस्तौल खरीदता था।छह हजार रुपये में बेच देता था। पुलिस की छापामारी में 315 का दो नाली पिस्तौल एक, 315 का देसी पिस्तौल दो, देसी भरठुआ बंदूक दो, अर्ध निर्मित पिस्तौल तीन, हथियार बनाने का पार्ट पुर्जा, लोहरी उपकरण, इलेक्ट्रिक ग्राइंडर मशीन, 4 मोबाइल बरामद किया गया है। इस मामले में हथियार बनाने का मुख्य मिस्त्री बैजनाथ मिस्त्री के साथ सतबरवा का विकास विकास कुमार,अरविंद कुमार, अभिषेक चौधरी, लल्लन यादव, विजय सिंह के साथ लेस्लीगंज के रहने वाले कमलेश सिंह को भी गिरफ्तार किया गया है। इस छापामारी में सतबरवा थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार राय, सहायक अवर निरीक्षक कौशल किशोर दुबे, रविंद्र कुमार, बुद्धू उरांव, हवलदार महादेव टूटी, रामेश्वर सिंह सरदार सहित कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

# गड़बड़ी करने वाले राशन डीलर कार्रवाई के लिए रहें तैयार : उपायुक्त

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पांकी के कोनवाई के जन वितरण प्रणाली दुकानदार अजय कुमार सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी शब्बीर अहमद ने निलंबन के संबंध में आदेश जारी किये हैं। निलंबन के पश्चात पांकी प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी निर्भय कुमार ने राशन डीलर अजय कुमार सिंह के विरुद्ध पांकी थाने में प्राथमिकी भी दर्ज कराई है। पलामू डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने जिले के सभी पीडीएस डीलरों से नियमित रूप से राशन वितरण करने अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहने की बात कही है। उन्होंने कहा कि राशन की कालाबाजारी करते,या अंगूठा लगाने के बावजूद राशन वितरण नहीं करने की शिकायत पर संबंधित डीलर के विरुद्ध एफआईआर दर्ज किया जाएगा।

### राशन डीलर के विरुद्ध ग्रामीणों ने की थी शिकायत

कोनवाई के ग्रामीणों ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी निर्भय कुमार से राशन डीलर के विरुद्ध अंगूठा लगवाने के बावजूद अगस्त व सितंबर माह का राशन वितरण नहीं करने के संबंध में शिकायत की गयी थी जिसके बाद प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने सहायक गोदाम प्रबंधक से पूरे मामले की जांच करवाई जांच में ग्रामीणों का राशन डीलर पर आरोप सही पाया गया जिसके पश्चात राशन डीलर का लाइसेंस निलंबित करते हुए उसके ऊपर एफआईआर दर्ज करायी गयी।

## हुसैनाबाद में डेली मार्ट का खुलना तरक्की की पहचान: अशोक कश्यप

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद शहर के एसबीआई मुख्य ब्रांच के समीप शनिवार को डेली मार्ट शौपिंग काम्प्लेक्स का उद्घाटन किया गया।।मौके पर समाजसेवी अशोक कश्यप ने कहा कि मध्यम वर्गीय परिवार के लिए डेली मार्ट शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बेहतर केंद्र है। हुसैनाबाद में इस तर इस तरह शॉपिंग मॉल खुलने से ग्राहकों को एक ही स्थान पर सामान खरीदने में सहूलियत होगी।मौके पर मॉल के प्रोपराइटर अंकित कश्यप ने बताया कि हमारे प्रतिष्ठान में सभी प्रकार के जेनरल सामग्री उचित मूल्य पर उपलब्ध है। ग्राहकों को एक बिल्डिंग में तमाम चीज सस्ते दर और सरल ढंग से उपलब्ध कराया जा रहा है। मौके पर अरबिंद सिंह,अविनाश कश्यप उर्फ बिट्टू,दिलीप सिंह,गुड्डू कश्यप समेत कई लोग मौजूद थे।

## नगर प्रतिनिधियों व समाजसेवी ने किया नाली मरम्मती का शिलान्यास



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड 11 में अभिमन्यु लाल के लॉज से अमीन खान के घर तक नाली मरम्मती का शिलान्यास हुसैनाबाद नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार, समाजसेवी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, नपं उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी, राजद के प्रदेश सचिव जाकिर अली उर्फ अली, समाजसेवी अमीन खान, मिंटू अग्रवाल ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़ कर किया।मौके पर नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि ने कहा कि नगर पंचायत में विकास हो, इसके लिए हमलोग हमेशा प्रयासरत हैं।शहर में प्राथमिकता के आधार पर सड़क,नाली निर्माण समेत बिकास के कई अन्य कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जा रहे है।शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाना हमारी प्राथमिकता है ।मौके पर समाजसेवी छेदी खान ने कहा कि शहर के बिकास के लिए नगर प्रतिनिधि गंभीरता से कार्य कर रहे हैं जो सराहनीय पहल है।मौके पर नपं उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि शहर में विकास की किरण जहाँ नहीं पहुंची है, हम वहां तक विकास पहुंचाने के लिए तत्पर हैं। यहां नाली नहीं होने से लोगों को काफी परेशानी होती थी। नाली मरम्मती हो जाने से लोगों को सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि लोगों की मांग के अनुसार विभिन्न जगहों पर विकास योजनाएं चलाई जा रही है। मौके पर सिबतेंन मिर्जा, असगर खान उर्फ मिथुन ,अनवर खान,मुन्ना हुसैन समेत कई लोग उपस्थित थे ।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में अंतर सदनीय लोक संगीत एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में दीपावली पर्व के पूर्व रंगोली एवं लोक संगीत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रतियोगिता के आयोजन पर प्राचार्य द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यार्थियों ने लोक संगीत एवं रंगोली प्रतियोगिता का खूब आनन्द उठाया। इस शुभ अवसर पर सर्वप्रथम विद्यालय के चारों सदनों के विद्यार्थियों ने लोक संगीत प्रस्तुत किए, जिसमें कनिष्ठ (जुनियर) वर्ग बालिकाओं में - पल्लवी, आवेरी कर, प्रथम स्थान पर, मान्या मौर्या, पलक सोनी द्वितीय स्थान पर तथा पलक तृषा तृतीय स्थान पर रहे। कनिष्ठ वर्ग के बालकों में - लक्ष्य प्रकाश प्रथम स्थान पर, नीतिश जसवाल द्वितीय स्थान पर तथा एम डी अयान राजा तृतीय स्थान पर रहे। इसी क्रम में वरिष्ठ (सीनियर) वर्ग बालिकाओं में - अर्पिता रानी (क) प्रथम स्थान पर, जाग्रती राज , रानी कुमारी द्वितीय स्थान पर तथा खुशी कुमारी तृतीय स्थान पर रहे। वरिष्ठ वर्ग के बालकों में - प्रणव पाठक, अद्वैत अग्रवाल , प्रथम स्थान पर, स्वर्ण आदित्य , अनुपम लाल द्वितीय स्थान पर तथा शिवांश अग्रवाल तृतीय स्थान पर रहे। तत्पश्चात विद्यालय के चारों सदनों के विद्यार्थियों द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का प्रदर्शन किया गया। जिसमें ग्रुप ए बालिकाओं के लिए कीट्स सदन प्रथम स्थान पर रहे। बायरन, इलियट सदन द्वितीय स्थान पर तथा शेक्सपीयर सदन तृतीय स्थान पर रहे। ग्रुप ए बालकों के लिए कीट्स, शेक्सपीयर और इलियट सदन प्रथम स्थान पर, बायरन सदन द्वितीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार ग्रुप बी बालकों के लिए बायरन सदन प्रथम स्थान पर, शेक्सपीयर सदन द्वितीय स्थान पर एवं इलियट और कीट्स सदन तृतीय स्थान पर रहे। ग्रुप बी बालिकाओं के लिए बायरन, इलियट सदन प्रथम स्थान पर, शेक्सपीयर सदन द्वितीय स्थान पर एवं कीट्स सदन तृतीय स्थान पर रहे। प्री-नर्सरी से कक्षा द्वितीय तक के लिए रंगोली एवं दीया निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। अन्त में विद्यालय के प्राचार्य डॉ० ए० के० सिंह के द्वारा दीपावली एवं छठ पर्व की अग्रिम शुभकामनाएँ दी गई। उन्होंनें कहा कि दीपावली सनातन संस्कृति का त्योहार है, जो भारत के सबसे बड़े और सर्वाधिक महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। दीपावली दीपों का त्योहार है जो आध्यात्मिक रुप से अंधकार पर प्रकाश की विजय को दशार्ता है। दीपावली दो शब्दों अर्थात दीप और आवली से मिलकर बना है, जिसका अर्थ है - दीपों की पँक्ति। जिस प्रकार दीया अँधेरे को समाप्त कर प्रकाश से भर देता है ठीक उसी प्रकार हमें अपने अंदर के अंधकार को मिटाकर समूचे वातावरण को प्रकाशमय बनाने का त्योहार है।

# मंत्री रामेश्वर उरांव के प्रतिनिधि बने रुद्र शुक्ला



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के वित्त सह खाद्य आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव ने अपने प्रतिनिधि के रूप मे पांकी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रत्याशी सह कांग्रेस पार्टी के प्रदेश कोऑर्डिनेटर प्रो विंग को मनोनीत किया है। वित्त सह खाद्य आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव ने मनोनीत करते हुए कहा कि रुद्र शुक्ला मेरे विभाग के प्रतिनिधि के रूप में झारखंड सरकार की बातों को जमीन स्तर तक लेकर जाएंगे साथ ही पांकी विधानसभा क्षेत्र में आम जनता के हक अधिकार के लिए पैनी नजर बनाये रखे जिससे आम जनता को सीधा लाभ मिल सके। युवा नेता रुद्र शुक्ला ने वित्त सह खाद्य आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव का आभार व्यक्त किया और कहा कि जिस विस्वास के साथ मंत्री जी ने अपना प्रतिनिधि बनाये है उसके लिए दिल से आभार व्यक्त करता हूं। और जिस विस्वास से उन्होंने जो जिम्मेवारी मेरे कंधे पर दिया है उस विस्वास को पूरी ईमानदारी के साथ निभाते हुए आम जनता के अधिकार के लिए कार्य करूँगा।

## मदरसा खैरुल इस्लाम परिसर में बैठक



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के जपला शहर स्थित मदरसा खैरुल इस्लाम परिसर में शनिवार को अवामी बैठक हुई।बैठक की अध्यक्षता हाफिज सगीर अंसारी ने किया संचालन मोहिउद्दीन अंसारी ने किया ।बैठक में मदरसा खैरुल इस्लाम मे बच्चों को बेहतर दीनी तालीम के अलावा अन्य शिक्षा भी मिल सके उस पर चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया नए कमिटी के लोग इस मदरसा को सभी लोग से समन्वय स्थापित कर बेहत्तर ढंग मदरसा चलायें।साथ ही इस बैठक में प्रस्ताव लिया गया की हर महीने मदरसा कमिटी की बैठक की जायेगी, और मदरसा में आमद और खर्च का ब्यौरा पूरी पारदर्शिता के साथ प्रस्तुत किया जाए। साथ ही इस मदरसा को पंजीकृत करवाने के लिए भी चर्चा की गई।बैठक में मुख्य रूप से मदरसा के अध्यक्ष फिरोज सिद्दीकी, सचिव, मोहम्मद अली, टुन्ना खान, शेर अली, अफजाल खान, मोब्बशिर अहमद, इमाम अली, इमाम अली, सुहैल आलम,मो आसिफ, कलाम राईन, सद्दाम कादरी, महफूज रहमान, नौशाद अंसारी, बाबर हुसैन, जुल्फिकार अली, इरफान सिद्दिकी, मो.सकिर, वाजुद्दीन अंसारी, भोला अंसारी, हसनैन रजा, मोहिसिन खान, लड्डन खान,समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# स्पोर्ट्स



**टी-20 विश्व कप : न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया पर दर्ज की बड़ी जीत, 89 रन से हराया**

# भारत-पाक मैच से पहले धोनी का बयान:वर्ल्ड कप में इंडिया की दावेदारी के सवाल पर बोले-मैं इस टूर्नामेंट का हिस्सा नहीं



**नई दिल्ली ।** 23 अक्टूबर को टी-20 वर्ल्ड कप में होने वाले भारत-पाकिस्तान मैच के पहले भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में धोनी वर्ल्ड कप के बारे में बात करते नजर आ रहे हैं। धोनी का वर्ल्ड कप से जुड़े सवाल का यूं मजेदार जवाब देने का अंदाज फैंस को खूब भा रहा है। इस वीडियो में महेंद्र सिंह धोनी को स्टेज पर बैठ कर अपने फैंस से बातचीत करते देखा जा सकता है। इसी दौरान इवेंट मॉडरेटर कहता है कि टी-20 वर्ल्ड कप नजदीक है। अगर ऐसे में मैं वर्ल्ड कप से जुड़ा सवाल नहीं पूछूंगा तो ये (ऑडियंस) मुझे मारेंगे। इस बात के जवाब में धोनी ने जो कहा उसने फैंस को धोनी की हाजिरजवाबी और मजेदार अंदाज की तारीफ करने के लिए मजबूर कर दिया। धोनी ने कहा, ह्यमैं वर्ल्ड कप नहीं खेल रहा टीम पहले ही ऑस्ट्रेलिया के लिए निकल चुकी है।

## धोनी की कप्तानी में भारत ने जीता था टी-20 वर्ल्ड कप

टी-20 वर्ल्ड कप की शुरूआत 2007 में हुई थी। इस टूनार्मेंट में धोनी के कप्तानी में भारत की युवा क्रिकेट टीम ने टी-20 वर्ल्ड कप की ट्रॉफी जीती थी। टीम के अनुभवी खिलाड़ियों ने खुद को इस टूनार्मेंट से दूर रखा था। इस टूनार्मेंट के 6 एडिशन (2007, 2009, 2010, 2012, 2014 और 2016) में धोनी ने टीम इंडिया के कप्तान की भूमिका निभाई है। 2021 में वअए में आयोजित हुए टी-20 वर्ल्ड कप में भी धोनी मेंटर के तौर पर टीम से जुड़े रहे। ये पहली बार होगा जब टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान धोनी किसी भी तरह से टीम इंडिया से नहीं जुड़ेंगे।

## धोनी, ओरियो बिस्किट और 2011 वर्ल्ड कप

हाल ही में धोनी का एक और वीडियो चर्चा में रहा था। दरअसल, 25 सितम्बर को धोनी ने भारत में एक बिस्किट लॉन्च किया था। इस बिस्किट के प्रमोशन वीडियो में धोनी ने 2011 के वर्ल्ड कप की जीत और बिस्किट के बीच कनेक्शन बताया। फेसबुक लाइव के दौरान उन्होंने कहा, ह्ये प्रोडक्ट इस बार हमें टी-20 वर्ल्ड कप जिता सकता है। साल 2011 में इंडिया ने वर्ल्ड कप जीता था, उससे पहले भी यह बिस्किट भारत में लॉन्च हुआ था। अब कनेक्शन क्लियर हो गया है। मैं 2011 को फिर से वापस लेकर आ रहा हूं। हिस्ट्री बनाने और इसे फिर से दोहराने के लिए आप भी आगे आएं।' हालांकि, धोनी के इस बयान पर उन्हें ट्रोलिंग का भी सामना करना पड़ा था।

## हुसैनाबाद मध्य विद्यालय में साप्ताहिक क्विज प्रतियोगिता आयोजित



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** मध्य विद्यालय हुसैनाबाद में शनिवार को साप्ताहिक क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें 'ए' ग्रुप की विजेता घोषित किए गए।इसमें ग्रुप 'ए' से जो विजेता रहे तीन चक्र के रोमांचक क्विज प्रतियोगिता में मुख्य रूप से धीरज कुमार,प्रिंस कुमार, शालिनी कुमारी, सोनम कुमारी,प्रिया कुमारी, सुमित कुमार, राकेश कुमार, जबकि ग्रुप 'बी' ग्रुप से अपराजिता कुमारी, खुशी कुमारी, रुद्राक्ष कुमार, पप्पू कुमार,अमर कुमार आदि का योगदान सराहनीय रहा। इसमें वरीय शिक्षक राजेश कुमार गुप्ता ने सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी के अलावा गणित विज्ञान के भी प्रश्न पूछे गए।इस मौके पर एचएम यूपी सिंह ने कहा कि क्विज प्रतियोगिता से बच्चों को पढ़ने की ललक बढ़ती है। साथ ही बौद्धिक व मानसिक विकास होता है।मौके पर राजेश कुमार गुप्ता, सुषमा पांडेय, पुष्पा कुमारी, पूनम कुमारी के अलावा कई छात्र छात्राएं मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## महिला ने पड़ोसी पर लगाया बच्चा चोरी का आरोप, पुलिस से की शिकायत



**झरिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कतरास मोड गुलगुलिया पट्टी निवासी विजय कुमार ने कतरास मोड़ निवासी रेखा देवी व रामअवतार कुमार पर अपने चार माह की बच्ची को घर से चोरी करने का आरोप लगाते हुए शनिवार को थाने में शिकायत दर्ज कराई है। इस दौरान उनके साथ गुलगुलिया समुदाय के कई लोग मौजूद रहे। विजय ने बताया कि कुछ दिन पूर्व रेखा व रामअवतार उसके पास आया और उसकी बच्ची को पैसा देकर मांगने लगे। पर मैंने पैसा नहीं लिया तो वे लोग तब वहां से चले गए। शुक्रवार की देर रात वो परिवार के साथ सो रहा था। इसी दौरान आधी रात में जब उठा तो बच्ची पास में नहीं थी। आसपास देखा तो वहां भी नहीं मिली। उसने आरोप लगाया कि रेखा व रामअवतार ने ही मेरे बच्ची को घर से चोरी कर लिया है। उधर, जानकारी मिलते ही झरिया पुलिस मौके पर पहुंच छापामारी कर दोनों को पकड़कर अपने साथ झरिया थाना ले आई। झरिया थानेदार दोनों से पूछताछ कर रही है। विजय ने बताया कि उक्त महिला व व्यक्ति बच्चा चोर है। झरिया थानेदार पंकज कुमार झा ने बताया कि शिकायत मिली है। दोनों को पकड़ कर पूछताछ की जा रही है।

## हरिहरपुर में तीन घरों से पांच लाख की चोरी

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** हरिहरपुर थाना क्षेत्र के घुनघसा गांव में शुक्रवार की रात तीन घरों में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। सांसद प्रतिनिधि निरंजन मंडल के घर में रसोईघर का दरवाजा तोड़कर करीब 20 हजार रुपए की संपत्ति चोरी कर ली गई है। वहीं जागेश्वर मंडल के घर करीब ढाई लाख की चोरी हुई है। वहीं, उत्तम गोस्वामी के घर भी चोरों ने करीब दो लाख रुपए से अधिक की संपत्ति चोरी कर ली है। शनिवार की सुबह मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जानकारी ली है। भुक्तभोगी लोगों द्वारा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस छानबीन कर रही है। ज्ञात हो हरिहरपुर थाना क्षेत्र में लगातार एक महिने से चोरी की घटना में तेजी आई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हरिहरपुर पुलिस क्षेत्र में रात के समय गस्ती नहीं करती है। पुलिस की खुफिया तंत्र पूरी तरह से निष्क्रिय हो गई है। थाना प्रभारी खुद कभी गस्ती में नहीं रहते हैं। लोगों की समस्याओं या घटनाओं पर गंभीरता दिखाते हैं।

## सड़क दुर्घटना में घायल भाजपा नेता की बेटी अश्वनी की दिल्ली एम्स में हुई मौत

**झरिया (आजाद सिपाही)।** भागा कोल बोर्ड कॉलोनी निवासी व भाजपा नेता राजेश पासवान की बेटी अश्विनी कुमारी (15) बीते दिनों सड़क दुर्घटनना में बुरी तरह घायल हो गई थी। उसका दिल्ली के एम्स अस्पताल में इलाज चल रहा था, जहां इलाज के दौरान शुक्रबार की देर रात उसकी मौत हो गई। बतातें चलें कि दो अक्टूबर को भाई अंगद कुमार की इलाज के दौरान दुगार्पुर में मौत हो चुकी है। दोनों के मौत के बाद पूरे मोहल्ला में मातम छा गया है। परिजन अश्वनी कुमारी को बेहतर इलाज के लिए चार्टर्ड प्लेन से दिल्ली एम्स ले गये थे, जहां अश्वनी का पहले ही दाहिना पैर काटना पड़ा था।

## आकर्षक व अनोखी रंगोली बनाकर बालिकाओं ने जीता लोगों का मन



**महुदा (आजाद सिपाही)।** रवि महतो स्मारक उच्च विद्यालय में शनिवार को दीपावली से पूर्व शनिवार को धनतेरस पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बालिका वर्ग के छठी से 12वीं तक में 25 ग्रुप ने भाग लिया। ग्रुप को अलग-अलग नाम रखा गया। जिसमें कलरफुल स्टार ग्रुप, गोरि एण्ड ग्रुप, कलर आरएमएस ग्रुप, रेनबो ग्रुप, कोमल स्टार ग्रुप, मुन ग्रुप, बीटीएस ग्रुप, द क्वीन ग्रुप, इको फ्रेंडली ग्रुप, आदि शामिल था। रंगोली का मूल्यांकन करने के लिए 10 शिक्षक-शिक्षिकाओं की एक निर्णायक मंडली बनाई गई थी, जिसमें शिक्षिका रिंकू माजी, अनिता कुमारी, पूजा कुमारी, नमिता कुमारी के अलावा कला शिक्षक रोहित कुमार महतो, शिक्षक प्रतिनिधि नीलकमल महतो, मनोरंज सराक, रणजीत कुमार झा, अवधेश कुमार मिश्रा, राजेंद्र कुमार पांडे एवं संतोष कुमार चंद्रा शामिल थे। इन लोगों ने रंगोली को देखने के बाद प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम स्थान वाले को पुरस्कार देने का निर्णय लिया। जिसमें मुन ग्रुप प्रथम, इको फ्रेंडली ग्रुप द्वितीय, कलरफुल स्टार ग्रुप तृतीय और क्वीन ग्रुप चतुर्थ रहा। प्रधानाध्यापक ने सभी विजेता ग्रुप को पुरस्कृत किया। इस मौके पर महादेव कुमार साव, अवधेश कुमार मिश्रा, मंच संचालन पीतांबर रवानी, बंधु लाल महतो, दीपक कुमार, निर्मल कुमार महतो, विकास चंद्र ट्टाट्टाचार्य, मनोज कुमार महतो, पूरण कुमार रवानी, मोती हाडी, धनंजय कुमार महतो, भुनेश्वर विश्वकर्मा, धर्मेंद्र कुमार महतो, किशोर कुमार ठाकुर, प्रेमचंद महतो, विझूति कुमार महतो, गोरांग रक्षित, मोती महतो आदि थे। वहीं, मधुसुधन महतो ने कहा कि दीपावली असत्य पर सत्य की जीत है, आप अपने जीवन में दीपक की लौ से प्रेरणा लेकर आगे बढ़े, खुशियां बांटे। अपने जीवन से बुराइयों को दूर भगाएं।

## रोजगार सहित 15 सूत्री मांगों को लेकर ग्रामीणों का धरना चौथे दिन भी रहा जारी



**जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** रोजगार सहित 15 सूत्री मांगों को लेकर न्यू युवा ग्रामीण एकता मंच (जेपीडी) बैनर तले टाटा स्टील जामाडोबा वाशरी के मुख्य द्वार पर ग्रामीणों की ओर से आयोजित धरना शनिवार को चौथे दिन भी जारी रहा। इससे पूर्व शुक्रवार की देर रात झरिया सीओ परमेश कुशवाहा, टाटा के अधिकारी सुजीत कुमार झा एवं ग्रामीणों के नेतृत्वकर्ता रामप्रसाद सिंह के बीच कई दौर की वार्ता हुई जो विफल रही। ग्रामीणों का नेतृत्व कर रहे राम प्रसाद ने कहा कि खतियानी रैयत को ही कार्य मुहैया कराया जाय, जबकि प्रबंधन का कहना था कि स्थानीय लोगों को आधार कार्ड के आधार पर नरेश कम्पनी व अन्य नियोजन दिया गया है। सूत्रों के अनुसार जामाडोबा 2 पिट्स,6/7 पिट्स के 600 मजदूरों को काम से बैठा दिया गया। मजदूरों ने बताया कि आंदोलन के कारण ही पर्व-त्योहार के समय में हमें काम से हटा दिया गया। जो लोग मुख्यद्वार के समीप धरना दे रहे है उनके खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। वहीं, टाटा स्टील के वरीय प्रबंधक प्रसंजीत सामंत ने जोरापोखर थाना में कांड संख्या 241/22 के तहत रामप्रसाद सहित दर्जनों ग्रामीण पर ट्रांसपोटिंग ठप होने से चार हजार टन कोयले का नुकसान होने का मामला दर्ज कराया है।

### बेरमो के सभी बाजारों को निकटतम थाने से सीसीटीवी के माध्यम से जोड़ा जाए : विधायक

# पुलिस और प्रशासन सिक्के के दो पहलू : डीसी

**27 आंखों से होगी फुसरो बाजार की निगरानी, डीसी, एसपी, डीडीसी और विधायक ने किया सीसीटीवी कक्ष का उद्घाटन**

संदीप कुमार सिंह





सीसीटीवी कक्ष का उद्घाटन करते बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह, डीसी कुलदीप चौधरी, एसपी चंदन झा, डीडीसी कृतिश्री व अन्य।

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** फुसरो बाजार की पुख्ता निगरानी के लिए लगाए गए 27 सीसीटीवी कैमरा कक्ष का उद्घाटन शनिवार को बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह, बोकारो डीसी कुलदीप चौधरी, एसपी चंदन झा और भू विकास आयुक्त (डीडीसी) कृतिश्री ने संयुक्त रूप से किया। बेरमो थाना परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बेरमो थाना के सशत्र बल के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर अतिथियों को सलामी दी। फुसरो बाजार के 11 स्थानों पर डीएमएफडी फंड से 43 लाख की लागत से 27 कैमरा लगाया गया है। बोकारो डीसी ने कहा कि प्रशासन और पुलिस सिक्के के दो पहलू हैं। कहा कि बेरमो से मेरा पुराना लगाव है। 2016-17 में मेरे जीवन का पहला पोस्टिंग एसडीओ के रूप में बेरमो में ही हुई थी। कहा कि फुसरो बहुत बड़ा व्यवसायी क्षेत्र और व्यस्थ शहर है। सीसीटीवी लग जाने से बड़े इलाके में निगरानी रखी जा सकेगी। उन्होंने कहा कि कुछ और कैमरा लगाने पर पहल की जा रही है जो आधुनिक तकनीक की लगाई जाएगी। कहा कि फुसरो नगर के लोगों को जल्द ही शहरी जलापूर्ति योजना का लाभ मिल सके इसके लिए डीएमएफटी फंड से 20 करोड़ रुपया दिया गया है।

वहीं, एसपी चंदन झा ने कैमरा लगाने की पहल करने वाले बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह आदि का आभार जताया. कहा कि पूरा फुसरो शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण वाला स्थल है। यहां के लोगों के आंखें ही सीसीटीवी कैमरा का काम करती है। पूर्व में यहां जो भी घटना घटी वह यहां के लोग आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में समाधान किया। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि सीसीटीवी कैमरा की जरूरत पूरे बोकारो जिला को है।

वहीं, बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने कहा कि इस योजना को मेरे अनुशंसा पर बोकारो डीसी ने धरातल पर उतारा है। जिला प्रशासन बहुत ही नीचे स्तर पर जाकर लोगों की जरूरत के हिसाब से काम करते हैं। बताया कि यह सभी 27 कैमरा नाइट विजन और 360 डिग्री रोटेसन करने वाला है। फुसरो में कैमरा लग जाने से क्राइम का ग्राफ कम होगा। उन्होंने डीसी से आग्रह किया कि फुसरो की तरह पूरे बोकारो थर्मल, चंद्रपुरा, कथारा, नावाडीह, जैनामोड़ आदि बाजारों को भी वहां के नजदीकी थाने को सीसीटीवी के माध्यम से जोड़ा जाए।

विधायक ने कहा कि बोकारो जिला में सबसे अधिक डीएमएफटी फंड का रॉयल्टी 80 फीसदी बेरमो से दी जाती है। संचालन डीएसपी सतीश चंद्र झा ने किया। इस मौके पर बेरमो एसडीएम अनंत कुमार, फुसरो नप अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष छेदी नोनिया, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रमोद सिंह, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार चांडक, वार्ड पार्षद श्रीकांत मिश्रा, भरत वर्मा, आंनद राम, दिनेश रवि, गणेशलाल पातर, रामचंद्र महतो, अनिता देवी, रीया कुमारी, सिलसिला देवी, विधायक प्रतिनिधि मिथलेश तिवारी, उतम सिंह, निरंजन मिश्रा, वरिष्ठ कांग्रेसी गिरजा शंकर पांडे, महेंद्र विश्वकर्मा, जिप सदस्य ओमप्रकाश सिंह उर्फ टीनू सिंह, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अर्चना सिंह, युवा व्यवसायी संघ फुसरो के अध्यक्ष आर उनेश, राकेश कुमार, कैलाश ठाकुर, परवेज अख्तर, श्यामल सरकार, जगरनाथ राम व राद्या देवी सहित बेरमो थाना प्रभारी रविंद्र कुमार सिंह, बोकारो थर्मल थाना प्रभारी शैलेश कुमार चौहान, गांधीनगर थाना प्रभारी अनुप कुमार सिंह, चंद्रपुरा थाना प्रभारी कार्तिक महतो, मकोली ओपी प्रभारी अंनत कुमार सिंह, महिला थाना प्रभारी गुलाब किस्पोट्टा, सर्कल इंसपेक्टर बेरमो नुतन मोदी आदि मौजूद थे।

## संपत्ति विवाद में भतीजे ने चाचा को मारी गोली, हालत गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** संपत्ति विवाद को लेकर शनिवार की सुबह बैंक मोड़ थाना क्षेत्र में मटकुरिया मुक्तिधाम के पास रिश्ते में भतीजे ने अपने ही चाचा को गोली मार दी। उसकी पहचान धर्मेंद्र यादव के रूप में हुई है। उसे तीन गोली लगी है। वह पेशे से दूध व्यवसायी है। स्थानीय लोगों की मदद से आनन-फानन में धर्मेंद्र को एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने स्थिति गंभी देख उसे बंगाल के दुगार्पुर स्थित मिशन अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं, घटना के बाद आरोपित भतीजा राजा मौके से फरार है। उधर, घटना की सूचना पाकर बैंकमोड़ पुलिस मौके पर पहुंची और मौके से दो खोखा बरामद किया है।

### संपत्ति को लेकर चल रहा था विवाद

धोवाटांड़ शास्त्री नगर निवासी धर्मेंद्र यादव शनिवार की सुबह बाइक से मटकुरिया शमशान रोड के पीछे स्थित अपने खटाल जा रहे थे। तभी मटकुरिया में मुक्तिधाम के पास भतीजा राजा पहुंचा और सामने से तीन गोलियां मार कर फरार हो गया। धर्मेंद्र ने बताया कि वह विकास नगर में दूध का कारोबार करता है। उसका अपनी भाभी शारदा देवी के साथ जमीन के बंटवारे को लेकर पूर्व से विवाद चल रहा है। उसका भतीजा और उसके साथी पहले से घात लगाकर बैठे थे। उन्होंने मारपीट करते हुए फायरिंग की, जिससे वह वहीं गिर गया।

### तीन-चार माह से आरा में रह रहा था भतीजा

लोगों की मानें तो पहले हमलावर भजीता राजा अपने तीन भाइयों के साथ अपने चाचा धर्मेंद्र यादव के घर के बगल में ही रहता था, लेकिन पिछले तीन-चार माह से वह यहां का मकान किराए पर देकर बिहार के आरा स्थित अपने पैतृक गांव में रह रहा था।

## बोकारो के सभी प्रखंडों में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** जिले के सभी प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां जिला स्तरीय पदाधिकारियों के अलावा संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचलाधिकारियों की अगुवाई में ऑन स्पाट दर्जनों मामलों का निष्पादन कर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन चास प्रखंड के घटियाली पूर्व एवं घटियाली पश्चिम पंचायत, चंदनकियारी प्रखंड के शिवबाबुडीह एवं डामुडीह पंचायत, गोमिया प्रखंड के पलिहारी गुरूडीह/गोमिया पंचायत, बेरमो प्रखंड बोड़िया दक्षिणी पंचायत, नावाडीह प्रखंड के दहियारी पंचायत, जरीडीह प्रखंड के गायछंदा पंचायत, चास नगर निगम के वार्ड संख्या 17 एवं 18, नगर परिषद फुसरो के वार्ड संख्या 13 एवं 21 में किया गया।

पदाधिकारियों ने पंचायत परिसर में लगे सभी स्टॉल का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के बीच क्रमवार जिला स्तरीय, बीडीओ/सीओ एवं प्रखंड स्तरीय अन्य अधिकारियों ने समस्या सुनी। मौके पर विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में जेएसएलपीएस, मनरेगा, खाद्य आपूर्ति, सेवा की गरांटी, सामाजिक सुरक्षा, पेयजल एवं स्वच्छता, कृषि/गव्य एवं पशुपालन आदि विबागों से संबंधित सैकड़ों आवेदन प्राप्त किये गए। जिन्हें क्रमवार आहर्ता अनुरूप निष्पादित किए जाएंगे।

### धनतेरस पर बाजार में लौटी रौकन, खरीदारी के लिए उमड़ी भारी भीड़

# धनरेतस पर 400 करोड़ के कारोबार की उम्मीद

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनतेरस को लेकर शनिवार को शहर के बाजारों में रौनक देखने को मिली। खदीरादी के लिए इस दिन बड़ी संख्या में लोग दुकानों में उमड़ पड़े थे। इस बार करीब 400 करोड़ के कारोबार का अनुमान लगाया जा रहा है। शहर के पुराना बाजार, बैंक मोड़, हीरापुर, सरायढेला, झरिया, गाविंदपुर, निरसा सहित सभी बाजारों में धनतेरस की खरीदारी करने के लिए लोग रात तक दुकानों में जमें रहे। दो से लेकर चार चक्का तक सभी कंपनी के शोरूम में अच्छी बुकिंग हुई। चार चक्का गाड़ियों की मांग इस कदर है कि शोरूम संचालक 80-85 सप्ताह के बाद डिलीवरी देने की बात कह रहे हैं। वहीं सोना-चांदी, डायमंड, रत्न का बाजार भी चमक रहा है।

### बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक समेत सभी सेक्टर में उछाल

**बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स, फर्नीचर, झाड़ू, लाइट, मोबाइल सहित अन्य सामाग्रियों की बिक्री भी अच्छी खासी हुई। हीरापुर चेंबर के अध्यक्ष संजीव चौरसिया ने कहा बर्तन, क्रॉकरी सेट व इलेक्ट्रॉनिक्स सामान पर भी छूट की घोषणा है। दो दिन धनतेरस की बाजार है। इससे कारोबार अच्छा होने की संभावना है।**

### जमकर हुई कार बुकिंग

धनतेरस पर हर शोरूम में 50 से 600 तक चार चक्का की बुकिंग हुई है। महिन्द्रा फ्यूल के जीएम राजेश भगत ने कहा कि अलग-अलग मॉडल की गाड़ियों की मांग है। कई गाड़ियों की डिलीवरी में दो साल तक समय लग सकता है। सबसे अधिक डिमांड स्कॉर्पियो के न्यू टॉप मॉडल की है। धनतेरस में 150 गाड़ियों की ही आपूर्ति की जाएगी बाकि सभी की डिलीवरी में तीन माह से लेकर दो साल तक समय दिया गया है। वहीं कारवन शोरूम के मालिक दिवेश सचदेवा ने कहा कि 150 गाड़ी की बुकिंग ली गई, लेकिन 100 ही सप्लाई की जाएगी। शेष 50 दो-तीन माह में डिलीवर की जाएगी। टोयटा धनबाद के डायरेक्टर यश आदित्य ने कहा कि 100 गाड़ी से अधिक बुकिंग हुई है, लेकिन 40 ही सप्लाई की जाएगी। शेष दो-तीन माह में डिलीवर की जाएगी।

### दो चक्का वाहनों की भी बुकिंग

दो चक्का वाहन के हर शोरूम में अलग-अलग बुकिंग है, लेकिन डिलीवरी में दो माह तक समय दिया जाएगा। हर शोरूम में 50 से लेकर 300 तक गाड़ियां बुक की गई हैं। अर्जुन टीवीएस के ऋषभ सिंह व मनीषा ने बताया 80 से अधिक बुकिंग है, लेकिन स्टॉक कम है। कुछ गाड़ियां और रहती तो बुकिंग अधिक होती है। शिवा टीवीएस के जीएम राघवेंद्र सिंह ने कहा कि 110 गाड़ी की बुकिंग है, सभी डिलीवरी कर दी जाएगी। एनकेडी बजाज के मालिक रौनक नारनोली ने कहा कि हमारे सभी डीलरों ने मिला कर 300 से अधिक बुकिंग की है। धनबाद के शोरूम में 150 गाड़ियां बुक हैं। गुरुकृपा के सेल्स व नेटवर्क की देखरेख कर रहे सुजीत मजूमदार ने बताया कि 250 की बुकिंग है। कुछ गाड़ी की सप्लाई नहीं करने के कारण बुकिंग नहीं ले पाए। दूसरी ओर, जेवर दुकानों में ग्राहकों की अच्छी खासी भीड़ दिखी। वहीं, सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन ने भी जगह-जगह पर पुलिस फोर्स को तैनात कर रखा है। जिला चेंबर के अध्यक्ष सह चेतन ऑनामेंट्स के मालिक चेतन गोयनका ने कहा कि पिछले साल से इस बार ज्वेलरी बाजार की स्थिति बेहतर है। जिले में 50 करोड़ तक कारोबार होने का उम्मीद है। दुकानदारों ने भी ग्राहकों के लिए विशेष छूट की घोषणा कर रखा है। इससे दुकानदारी अच्छी होने की उम्मीद है।

## अंतरप्रांतीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ बिहार व धनबाद से चार गिरफ्तार, गये जेल



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बाघमारा अनुमंडल की पुलिस ने बरोरा से चोरी हुई गाड़ी को जब्त करने के साथ ही अंतरप्रांतीय वाहन चोर गिरोह का फंडाफोड किया है। इस गिरोह के चार शातिर अपराधी बिहार के गया व धनबाद से गिरफ्तार करने में सफलता भी हाशिल की है। पुलिस ने अपराधियों के पास से तीन मास्टर चाभी भी की बरामद किया है। सिजुआ स्थित आवसीय कार्यलय में बाघमारा एसडीपीओ निशा मुर्मु ने संवाददाता सम्मेलन कर पत्रकारों को बताया कि बीते 18 अक्टूबर को बरोरा थाना क्षेत्र से एक टाटा सुमो गाड़ी की चोरी हुई थी। इस मामले में चोरी की एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई। चोरी हुई गाड़ी को बिक्री करने की उद्देश्य से बिहार के गया ले जाया गया, लेकिन बिक्री नहीं होने पर पुनः धनबाद के डुमरा लाया गया। इस बीच पुलिस को इसकी गुप्त सूचना मिली तो जाल बिछाकर वाहन चोरी में शामिल झरिया थाना क्षेत्र निवासी संजय राणा, पुटकी थाना क्षेत्र निवासी जितेन्द्र कुमार दास, बिहार के गया जिला निवासी विकास कुमार उर्फ गोलु साहनी और सागर साहनी को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से तीन मास्टर चाभी बरामद हुई। डीएसपी ने बताया कि संजय राणा व जितेन्द्र कुमार के ऊपर पहले भी कई वाहन चोरी व लूट सहित कई अन्य मामले दर्ज है।। डीएसपी ने बताया कि पकडे गये सभी अपराधियों से शख्ती से पूछताछ की गई तो उन लोगों ने बताया कि वाहन को चोरी करने के बाद उसे बिक्री के लिए बिहार ले गए थे। पर वहां से खरीददार नहीं मिलने पर वापस डुमरा लौटना पडा। पूछताछ में सभी अपराधीयों ने गिरोह में शामिल अन्य सदस्यो का नाम भी बताया है। जिन्हें जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## दीपोत्सव पर विधायक राज सिन्हा व रागिनी सिंह ने बांटे दीप और मिठाइयां



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** दीपावली पर जिले के कई जनप्रतिनिधियों ने गरीब-जरूरतमंद लोगों के बीच मिठाई व मिट्टी के दीप का वितरण किया। शनिवार को झरिया के विभिन्न मंडलों में जाकर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने गरीब व दिव्यांगजनों के बीच मिठाईयां और मिट्टी से बने दिए बांटे। कहा की हर घर और चेहरे पर दीपोत्सव की खुशियां हो। इस मौके पर उमेश यादव, अभिषेक पाण्डेय, दिलीप भारती, पिंकू चौबे, शैलेंद्र सिंह,अरिंदम बनर्जी, सिद्धार्थ सिंह, विजय चंद्रवंशी, चंदन कुमार, रघु राम आदि मौजूद थे। दूसरी ओर, धनबाद विधायक राज सिन्हा की ओर से बरटांड मंडल अंतर्गत वार्ड नंबर 21 के लाहबनी धैया काली मंदिर प्रागंण में सैकड़ों लोगों के बीच दिया और बाती का वितरण किया। विधायक राज सिन्हा ने प्रबुद्ध जनों से ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के बाद आश्वस्त कराया कि उनकी समस्याओं से निजात दिलाया जायेगा। इस मौके पर राजकुमार मंडल, शंभू सिंह, विधायक प्रतिनिधि मनोज मालाकार, जगबंधु मंडल, महामंत्री रिंकु सिन्हा, पुस्पा राय, अमित सिंह, अजय कांत सिन्हा, बृजनंदन शर्मा, छोटू सिंह, रामशरण सोनकर, काली दास, भोला पांडे, मीना देवी, आशा देवी, सोरन तुरी, राजेश गोप, संतोष मालिक, विष्णु मांझी, राम किशुन साव, विक्की पोद्दार, अमर कुमार आदि उपस्थित थे।


**झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची**
E-mail ID: jepceranchi1@gmail.com,
Phone No. 0651-2444501, 2444502

**अति अल्कालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा संख्या : JEPC/2785/2022-23

झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची द्वारा विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रशिक्षण मॉड्यूल का मुद्रण करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक अधिकृत मुद्रण/प्रतिष्ठान/फर्म अपने सीलबन्द लिफाफा में राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के पदनाम से कोटेशन/निविदा झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची में दिनांक 03.11.2022 अपराह्न 3:00 बजे तक समर्पित करेंगे। निर्धारित अवधि के पश्चात् कोटेशन/निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा। किसी भी कोटेशन/निविदा को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

कोटेशन/निविदा से संबंधित अन्य विस्तृत विवरणी झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद् के वेबसाइट www.jepc.jharkhand.gov.in एवं राज्य परियोजना कार्यालय के सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है।

PR 280832Human Resource Developement(22-23)#D

राज्य परियोजना निदेशक,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची

# डेफएक्सपो में जिंदल डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने की कई घोषणाएं

आजाद सिपाही संवाददाता

**गांधीनगर।** विशिष्ट डिफेन्स और एयरोस्पेस खंड में ओपी जिंदल ग्रुप के प्रवेश को चिह्नित करते हुए, जिंदल स्टेनलेस के डिफेंस वर्टिकल जिंदल डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित 12वें डेफएक्सपो 2022 में भाग लिया। पांच दिवसीय एक्सपो का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत सरकार के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और अन्य वरिष्ठ व्यक्तियों के साथ किया।

जिंदल डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने अपनी संबंधित क्षमताओं के साथ रक्षा उत्पादों के इंजीनियरिंग, डेवलपमेंट और मैन्युफैक्चरिंग के लिए राज्य के स्वामित्व वाली यंत्र इंडिया लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं। यह भारतीय सशस्त्र बलों की सेवा के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी पर सरकार के प्रेरणा के अनुरूप है।

कार्यक्रम के मौके पर बोलते हुए जिंदल डिफेंस एंड एयरोस्पेस के प्रमुख सीपी अग्रवाल ने कहा




जिंदल डिफेंस एंड एयरोस्पेस को अगली पीढ़ी के रक्षा अनुप्रयोगों के लिए निकल आधारित मिश्र धातु, आर्मर स्टील ग्लास फाइबर और कार्बन फाइबर कंपोजिट पेश कर-के उन्नत सामग्री के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत बनाने पर गर्व है। हम देश के सशस्त्र और अर्धसैनिक बलों के लिए एकीकृत अगली पीढ़ी के सुरक्षा और रक्षा समाधान में प्रवेश कर रहे हैं। इसके लिए हम पहले से ही भारत में टेक्नोलॉजी पार्टनर्स के साथ बातचीत कर रहे हैं। हम भारतीय डिफेंस इकोसिस्टम में अपनी तरह की पहली कृत्रिम रूप से आर्टिफीसियल इंटेलिजेंट सिस्टम विकसित करने के लिए कमर कस रहे हैं। यह न केवल हमारे फोर्स को भविष्य की युद्ध क्षमताओं का बढ़ाने में मदद करेगा, बल्कि भारतीय एमएसएमइ को इंडियन डिफेन्स इकोसिस्टम में हमारे फुटप्रिंट का विस्तार करने में भी मदद करेगा।

जिंदल डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने खुद को भारत में डिफेंस और एयरोस्पेस में अग्रणी रणनीतिक सामग्री आपूर्तिकर्ताओं के रूप में तथा दुनिया भर में निर्यात के साथ, कड़े गुणवत्ता मानकों और विनिर्देशों को पूरा करते हुए स्थापित किया है। इसका उद्देश्य मिसाइल और बंदूकें, नौसेना, बैलिस्टिक और ब्लास्ट-प्रूफ आर्मर, एयरोस्पेस और अन्य इंजीनियरिंग एप्लीकेशन्स सहित विशिष्ट एवं महत्वपूर्ण अनुप्रयोगों में भारत को आत्मनिर्भर बनाना है।

अतीत में जिंदल डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने लगभग सभी मिसाइल कार्यक्रमों के लिए सैटेलाइट लॉन्चर पीएसएलवी, जीएसएलवी एमके-3, चंद्रयान, गगनयान, केएस न्यूक्लियर सबमरीन मिसाइल सिस्टम और मिसाइल कनस्तर सहित प्रमुख डीआरडीओ और इसरो परियोजनाओं के लिए सामग्री की आपूर्ति की है। इसके अलावा, जिंदल डिफेंस और एयरोस्पेस ने भारतीय सेना, भारतीय नौसेना, सीआरपीएफ, बीएसएफ, एसएसबी, पुलिस बलों, आदि सहित भारतीय रक्षा बलों के लिए बुलेट-प्रूफ मोर्चों और पोडियम सहित विश्व स्तरीय आर्मर सलूशन विकसित किये हैं।

## जिंदल डिफेंस एंड एयरोस्पेस के बारे में

जिंदल डिफेंस एंड एयरोस्पेस जिंदल स्टेनलेस (हिसार) लिमिटेड (जेएसएचएल) की एक शाखा है, जिसमें टोटल क्वालिटी मैनेजमेंट द्वारा मजबूत इंटिग्रेटेड सुविधाएं हैं। जेएसएचएल डिफेन्स और एयरोस्पेस क्षेत्र की सख्त गुणवत्ता आवश्यकताओं के अनुसार महत्वपूर्ण और रणनीतिक सामग्रियों की आपूर्ति के लिए एक एएस9100डी प्रमाणित आर्गेनाइजेशनहै। जिंदल डिफेंस एंड एयरोस्पेस मिसाइल अनुप्रयोगों के लिए रणनीतिक सामग्री के आयात को प्रतिस्थापित करके 'मेक इन इंडिया' पहल पर जोर दे रहा है। जिंदल डिफेंस एंड एयरोस्पेस में डिफेन्स और एयरोस्पेस उत्पादों की विविध रेंज के निर्माण के लिए एक अत्याधुनिक फैब्रिकेशन सुविधा है।

# नालकोनगर अनुगुल में योग एवं स्वास्थ्य केंद्र की शुरुआत

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** खान मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन नवरत्न लोक उद्यम नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (नालको) अपने सभी एककों और कार्यालयों में कार्यालय स्थान के उचित उपयोग तथा व्यर्थ सामग्री के निपटान पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए विविध स्वच्छता कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। दो अक्टूबर को प्रारंभ हुए एक माह की अवधि वाले विशेष अभियान 2.0 के अंग के रूप में, कंपनी में स्वच्छता, लंबित मामलों के समयानुसार निपटान, रिकॉर्ड प्रबंधन, कार्यालय स्थान का समुचित उपयोग, एकल प्रयोग वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध आदि संबंधी विविध गतिविधियों को संचालित किया जा रहा है। विशेष अभियान से जुड़े गतिविधियों की दैनिक आधार पर निगरानी के साथ ही साथ श्रीधर पात्र, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, नालको इस विशेष अभियान की अगुवाई देश भर में स्थित उत्पादन एककों तथा क्षेत्रीय कार्यालयों सहित भुवनेश्वर स्थित नालको निगम कार्यालय में कर रहे हैं। इस विशेष अभियान के अंश के रूप में नालको के प्रद्रावक व विद्युत संकुल, अनुगुल में सुनिया मुंडा झील की सफाई की गयी तथा प्रशिक्षण केंद्र में योग एवं स्वास्थ्य केंद्र की शुरुआत की गयी।




# सावधान-सुरक्षित रह कर मनायें दीपावली का त्योहार बच्चों और बुजुर्गों को पटाखों और प्रदूषण से बचायें



डॉ सरोज राय

**रांची।** दीपावली का त्योहार है और अभी बारिश भी हो रही है। मौसम के बदलने और पटाखों के जलने के साथ-साथ अन्य कई चीजों से पैदा होने वाले प्रदूषण से बचने के लिए हमें अपने स्तर पर भी पुख्ता तैयारी करने की जरूरत है। विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों एवं सांस की बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों को बहुत अधिक ध्यान रखने की आवश्यकता है।

**बच्चों का रखें ध्यान :** कुछ पटाखे बहुत ज्यादा तेज आवाज के होते हैं, जो छोटे बच्चों की सुनने की क्षमता को प्रभावित कर सकते हैं। इसलिए कोशिश करें कि बच्चे को घर के अंदर ऐसे किसी स्थान पर रखें, जहां तेज पटाखों की आवाज कम से कम आये। कानों में रुई लगा देने से भी तेज आवाज से बचा जा सकता है। इसके अलावा पटाखों से निकलने वाला हानिकारक धुआं बच्चों के फेफड़ों को बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचा सकता है। इसलिए घर के खिड़की-दरवाजे बंद रखें।

**घर में बुजुर्ग हों तो :** बुजुर्ग व्यक्तियों के पास ज्यादा तेज आवाज वाले पटाखे न छोड़ें। न ही बुजुर्ग व्यक्ति खुद से ऐसे पटाखे छोड़ें, जिन्हें छोड़ने के तुरंत बाद तेजी से दूर जाना पड़ता है। उदाहरण के लिए रॉकेट, क्योंकि यह तेजी से हवा में जाता है और इससे बहुत हानिकारक धुआं भी निकलता है।

**सांस के मरीज विशेष सावधान रहें :** सांस के मरीज दिवाली से पहले एक बार अपने डॉक्टर से जरूर मिल लें। दिवाली वाले दिन घर से बाहर निकलने से परहेज करें। यदि धुएं की वजह से छाती में जकड़न व सांस लेने में तकलीफ हो तो तुरंत डॉक्टर द्वारा बताया गया इनहेलर लें या जरूरत पड़ने पर नेबुलाइजर जरूर लें। इसके बावजूद आराम न मिले तो तुरंत नजदीकी अस्पताल में जायें।

**दिवाली के बाद भी रहता है प्रदूषण :** धुआं और गैस वातारण में लंबे समय तक बने रहते हैं और अपना दुष्प्रभाव छोड़ते रहते हैं। इसलिए कोशिश करें कि दिवाली की अगली सुबह या कुछ दिनों बाद तक तड़के घर से न निकलें। दरअसल, दिवाली के बाद वातावरण में जो धुएं की मोटी परत जम जाती है उसके दुष्प्रभावों से बचने के लिए बाद में भी मास्क पहनें और ज्यादा दिक्कत होने पर गीला रूमाल नाक पर बांधें।

**पटाखे चलाते वक्त बरतें सावधानी :** पटाखे छोड़ने से पहले खुली जगह तलाश लें। ध्यान रखें कि आसपास आसानी से जलने वाली कोई चीज मसलन पेट्रोल, डीजल, केरोसिन या गैस सिलिंडर वगैरह न हो। पटाखे हमेशा अच्छे ब्रांड के ही खरीदें। लोकल पटाखे अक्सर हादसे का कारण बनते हैं। पटाखे छुड़ाते समय बच्चों के साथ रहें और उन्हें पटाखे चलाने का सुरक्षित तरीका बताएं। छोटे बच्चों को पटाखे न जलाने दें। पांच साल से छोटे बच्चों को तो फुलझड़ी भी न जलाने दें। पटाखे जलाने के लिए मोमबत्ती या लंबी लकड़ी का इस्तेमाल करें। माचिस से आग लगाना खतरनाक हो सकता है। एक बार में एक ही पटाखा चलायें। लापरवाही हादसे की वजह बन जाती है।

# मध्यप्रदेश में बस-ट्रेलर में भिडंत उत्तरप्रदेश के 15 मजदूरों की मौत

- सभी दिवाली मनाने घर जा रहे थे, जेसीबी से बस काट कर निकाले गये शव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रीवा।** मध्यप्रदेश के रीवा के नजदीक नेशनल हाइवे-30 पर शुक्रवार रात भीषण हादसा हो गया। बस और ट्रेलर की टक्कर में यूपी के 15 यात्रियों की मौत हो गयी। 40 से ज्यादा यात्री घायल हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस को जानकारी दी, तब जाकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू हुआ। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। हादसा शुक्रवार की रात 11.30 बजे रीवा से 70 किमी दूर सोहागी पहाड़ी पर हुआ। चश्मदीदों के मुताबिक, बस पहाड़ से नीचे उतरते वक्त ट्रेलर से जा टकराई। हादसे के वक्त बस की रफ्तार काफी तेज थी। बस हैदराबाद से गोरखपुर जा रही थी। इसमें 55 से ज्यादा लोग सवार थे। मरने वालों में ज्यादातर लोग उत्तर प्रदेश के बताए जा रहे हैं। सभी मजदूर हैं। ये दीपावली मनाने अपने घर लौट रहे थे।

# फैटी लीवर की समस्या को दूर करेगा कालमेघ

आजाद सिपाही संवाददाता

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय के चिकित्सा विज्ञान संस्थान के चिकित्सकों ने कालमेघ के इस्तेमाल से फैटी लीवर रोग को दूर करने में सफलता हासिल की है। संस्थान के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और आयुर्वेद संकाय के द्रव्य गुण विभाग के सहयोग से कालमेघ का क्लीनिकल ट्रायल सफलता पूर्वक हो गया है। भारत सरकार की पहल पर बीएचयू ने गैर अल्कोहल फैटी लीवर रोग (एनएएफएलडी) की चिकित्सा के क्लीनिकल ट्रायल को शुरू किया था। इससे इलाज के खर्च में कमी आयी और दुष्प्रभाव भी नहीं मिला। इससे चिकित्सक उत्साहित हैं। आइएमएस बीएचयू के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ सुनील कुमार के निर्देशन में चार चिकित्सकों की टीम ने जनवरी 2022 में 94 मरीजों पर क्लीनिकल ट्रायल शुरू किया। भारत सरकार ने एनएएफएलडी को 2021 में राष्ट्रीय कार्यक्रम में शामिल किया था। इसके पीछे हालिया के अध्ययनों में मिला था कि देश में एनएएफएलडी के केस में 24 से 32 फीसदी की बढ़ोत्तरी हो रही है। चिकित्सकों ने परीक्षण के दौरान 47 कालमेघ और मानक आहार एवं व्यायाम की सलाह दी। वहीं दूसरे बाकी मरीजों को प्लेसबो दवा के साथ मानक आहार और व्यायाम कराया गया।

तीन महीने तक चले परीक्षण के दौरान एक महीने में ही कालमेघ खाने वाले मरीज के यूएसजी और फाइब्रोस्कैन स्कोर में भी महत्वपूर्ण बदलाव आया। उनकी यकृत की विकृति ठीक होने लगी और गैर अल्कोहल फैटी लीवर रोग के मामले में कालमेघ के उपचार का सकारात्मक प्रभाव भी पता चला। इसका कोई बड़ा दुष्प्रभाव भी नहीं था। टीम में डॉ डीपी यादव, डॉ बिनय सेन और जेआर डॉ संकेत नांदेकर शामिल थे।

# सूर्य पराग के लिए 25 को सरकारी अवकाश की घोषणा

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** सूर्य पराग के कारण राज्य सरकार ने मंगलवार 25 तारीख को अवकाश घोषित किया है। परिणामस्वरूप मंगलवार 25 अक्टूबर को सभी सरकारी कार्यालय, स्कूल, कॉलेज, शैक्षणिक संस्थान, राजस्व कार्यालय, कोर्ट, बैंक और अन्य बैंकिंग संस्थान बंद रहेंगे।

# चीन में तानाशाही, पूर्व राष्ट्रपति को मीटिंग से जबरन निकाला

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन में अब मौजूदा राष्ट्रपति शी जिनपिंग को चुनौती देने वाले तमाम नेताओं पर नकेल कसी जा रही है। कम्युनिस्ट पार्टी की 20 कांग्रेस यानी उउढ मीटिंग से देश के पूर्व राष्ट्रपति हू जिंताओ को जबरन बाहर निकाल दिया गया। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के हवाले से जारी एक वीडियो में शी जिनपिंग के बाजू में बैठे हू जिंताओ को दो सुरक्षाकर्मियों ने कुर्सी से उठाया और एस्कॉर्ट कर मीटिंग हॉल से बाहर ले गये। हू जिंताओ कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना के सीनियर लीडर हैं। शी जिनपिंग के 2013 में राष्ट्रपति बनने से पहले जिंताओ दस साल तक चीन के राष्ट्रपति रह चुके हैं। इधर, न्यूज एजेंसी एपी ने खबर दी है कि शी जिनपिंग ने चीन के प्रधानमंत्री ली केकियांग को भी पार्टी लीडरशिप से हटा दिया है। उनके साथ तीन और टॉप ऑफिशियल्स को हटाया गया है। अब ये चारों नेता दोबारा पोलित ब्यूरो के मेंबर नियुक्त नहीं किए जा सकेंगे। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना की बैठक के आखिरी दिन यानी शनिवार को यह फैसला किया गया।

RATNA SAGAR
WHOLESALE & RETAIL
CERTIFIED GEMS
ORIGINAL RUDRAKSH
FENGSU ITEM
SALE
SUNDAY OPEN
ONLY 2 DAYS LEFT
रत्न, उपरत्न, रुद्राक्ष, वास्तु सामग्री
हस्तरेखा एवं कुण्डली द्वारा
तरक्की के सटीक उपाय
ASTROLOGY 50%
RUDRAKSHA 30%
GEMS 20%
VASTU ARTICLE 20%
CITI GOLD JEWELLERY 20%
DISCOUNT
Panhwati Plaza, Shop No. 9A, Ground Floor, Kutchery Road, Ranchi (Jharkhand)
Near Wool House, Main Road, RANChi (Jharkhand)
9973684103, 8877660111

Sontosh Kumar
75037 29696
92056 24569
S MTOY & School Fnrnituer
Old Bank Colony, RMCH, Near Sadhu Maidan
Shop Add. : Industrial Area Kokar,
Ranchi-834001 (Jharkhand)
Everything From A to Z For School,
Playgrond, Playschool Park
Playzone, Mails, Backyard,
Recreation Zone, Society & Anganwadis

NATIONAL AUTOMOBILE
Hero
Murpa, More Balumath
96081 87019
दीपावली, धनतेरस एवं छठ पूजा धमाका
Special OFFERS
हीरो का सभी मॉडल आसान किस्तों में उपलब्ध है।
जल्द बुकिंग करायें।
मेन रोड, मुरपा मोड़ बालूमाथ

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT
KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in Top Government Medical Universities of ABROAD.
UNIVERSITY FLY
Call Now!
+91-7903149721
www.universityfly.com

प्रभात कंप्यूटर एजुकेशन
ADCA DCA DTP PYTHON
CC++ PHOTOSHOP JAVA TALLY ERP-9
TYPING
2ND FLOOR, CIRCULAR ROAD, 215B, HARIOM TOWER RD, RANCHI

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT
Class - VIII
Class VIII Today (Combined) ₹ 250
Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
Classes VI & VII
Class VII Today (Combined) ₹ 240
Class VI Today (Combined) ₹ 240
Hindi Vyakaran– I ₹ 60
English Grammar– I ₹ 60
Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुडु, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640
www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com
bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**